वर्ष : 19 अंक : 58 लखनऊ गुरुवार, 19 मार्च 2026 पृष्ठ : 16, मूल्य: ₹4/-


# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड


मौसम

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 6:19 |
| सूर्यास्त | : | 6:13 |
| अधिकतम | : | 36:00° |
| न्यूनतम | : | 19:00° |



विवादित गाने पर नोरा फतेही की सफाई 14

केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों ने जनता ... 2 | अफगानिस्तान में युद्ध की आड़ में नरसंहार 8 | गांवों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की बड़ी.... 16

## भव्य योजना में 100 इंडस्ट्रियल पार्क बनेंगे

### केन्द्र से 33 हजार करोड़ मंजूर, यूपी में बाराबंकी-बहराइच के बीच 4-लेन हाईवे स्वीकृत

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए। सरकार ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 'भव्य' (भारत औद्योगिक विकास योजना) को मंजूरी दी है। 33,660 करोड़ रुपए लागत वाली इस योजना के तहत देशभर में 100 इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि योजना के तहत बनने वाले इंडस्ट्रियल पार्क में उद्योगों के लिए जमीन, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहले से उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार का मानना है कि इस योजना से देश में निवेश बढ़ेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड नेशनल हाईवे-927 के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। इस परियोजना पर करीब 6,969 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

भारत औद्योगिक विकास योजना की घोषणा बजट में भी की गई थी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, "इन्वेस्टमेंट रेडी, प्लग एंड प्ले इंडस्ट्रियल पार्क की स्कीम बनी है, जिसके तहत 100 शहरों जहां पर



इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम बन सकता है, वहां पर ये पार्क बनाए जाएंगे। भारत सरकार की तरफ से एक करोड़ प्रति एक एकड़ का सपोर्ट दिया जाएगा।" उन्होंने आगे बताया कि कम से कम 100 एकड़ की जरूरत होगी। पूर्वोत्तर और पर्वतीय इलाकों में इसे 25 एकड़ रखा गया है। यह कार्यक्रम छह सालों का है। इसमें राज्य सरकारों और सरकारी पीएसयू के साथ मिलकर इसे डेवलप किया जाएगा। नोडल एजेंसी एनआईटीडीसी होगी, जोकि एसपीवी बनाएगी और ये आगे डेवलप करेंगी।

केंद्र सरकार ने देश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 2,585 करोड़ रुपए की स्मॉल हाइड्रो पावर डेवलपमेंट स्कीम को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत 1,500 मेगावाट क्षमता की छोटी जल विद्युत परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। यह योजना अगले पांच सालों में 2030-31 तक लागू की जाएगी। इसके तहत परियोजनाएं रन-ऑफ-द-रिवर मॉडल पर विकसित होंगी, जिससे बड़े बांध बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और लोगों के विस्थापन से बचा जा सकेगा।

सरकार के अनुसार देश में 7,133 स्थानों पर छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स की संभावना है, जिनकी कुल क्षमता करीब 21,000 मेगावाट है। फिलहाल 1,196 स्थानों पर 5,100 मेगावाट क्षमता के प्रोजेक्ट संचालित हो रहे हैं। सरकार का अनुमान है कि इस योजना से करीब 15,000 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित होगा और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

केंद्र सरकार ने कपास किसानों को राहत देने के लिए कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया को 1,718.56 करोड़ रुपए की फंडिंग मंजूर की है। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने लिया।

यह राशि कपास की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए दी जाएगी, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। सीसीआई को कपास खरीद के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। जब बाजार में कीमत एमएसपी से नीचे जाती है, तब सीसीआई किसानों से फेयर एवरेज क्वालिटी कपास बिना किसी मात्रा सीमा के खरीदती है।

सरकार के अनुसार कपास देश की प्रमुख नकदी फसल है, जिससे करीब 60 लाख किसान जुड़े हैं। इसके अलावा प्रोसेसिंग, व्यापार और टेक्सटाइल सेक्टर में 4 से 5 करोड़ लोगों की आजीविका इससे जुड़ी है।

### सरकार को 15 लाख रोजगार की उम्मीद

भव्य योजना से सरकार को करीब 15 लाख सीधे रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। इसके तहत, सरकार 100 से 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्कों को विकसित किया जाएगा, जिसके लिए प्रति एकड़ 1 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इन 100 जगहों पर पहले से ही इंडस्ट्रीज के लिए जरूरी सुविधाएं मौजूद करवाई जाएंगी। इनके तहत 100 बड़े औद्योगिक शहरों को डेवलप किया जाएगा। जब उद्योगपतियों को जमीन आवंटित की जाएगी, उससे पहले ही वहां पर सड़क, बिजली, पानी आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं को तैयार रखा जाएगा। इससे उद्योग को शुरुआत से ही चलाने में मदद मिलेगी और कंपनियां अपना प्रोडक्शन शुरू कर सकेंगी। सरकार की प्रेस रिलीज के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य विश्व-स्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकसित करना, विनिर्माण क्षमता को उजागर करना और भारत की विकास गाथा को आगे बढ़ाना है।

## सऊदी में नहीं दिखा चांद, ईद अब 20 को

**नयी दिल्ली।** हर साल रमजान पूरे होने के बाद ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाता है। ईद की नमाज के लिए अभी से ईदगाह तैयार हो रहे हैं। आपको बता दें कि भारत में ईद की शुरुआत सऊदी अरब और खाड़ी देशों में चांद दिखने से हो जाती है। एक दिन पहले जहां यूएई और सउदी अरब में चांद दिखता है, उसके अगले दिन भारत में चांद दिखाई देता है। सउदी अरब में आज ईद का चांद नहीं दिखा है, इसलिए अब ईद शुक्रवार को मनाई जाएगी। सऊदी अरब ने आधिकारिक तौर पर कंफर्म किया है कि ईद उल फितर 20 मार्च को मनाई जाएगी। यह फैसला शव्वाल का चांद ना दिखने के बाद लिया गया है।

इस तरह रमजान के 30 दिन पूरे हो जाएंगे। भारत में अगर 19 मार्च को चांद दिखता है तो 20 मार्च को ईद मनाई जाएगी। अगर 19 को नहीं दिखता है, तो 20 मार्च को चांद देखा जाएगा और 21 मार्च को ईद मनाई जाएगी। मस्जिदों में नमाज की तैयारियां की जा रही है। ईद के दिन सदका-ए-फित्र अदा किया जाता है और सभी नमाज पढ़ते हैं, अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों और अन्य लोगों से मिलकर सभी ईद की खुशियां बांटते हैं। इस दिन खुशी से बच्चों को ईदी देते हैं। कल के लिए चांद देखने की अपील की गई है। 19 मार्च ईद का चांद देखने की कोशिश करें। अगर 19 मार्च को चांद की तस्दीक होती है तो 20 मार्च को ईद मनायी जाएगी। चांद नहीं दिखने पर 21 मार्च का ईद होगी।

इस्लामी हिजरी कैलेंडर का दसवां महीना शव्वाल है, इसी महीने में ईद-उल-फितर मनाई जाती है। इस दिन चांद दिखने पर निर्भर करता है, इसलिए आज सऊदी अरब के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा देश भर के मुसलमानों से शव्वाल के चांद को देखने की अपील की थी, लेकिन चांद ना दिखने के कारण अब शुक्रवार को ईद मनाई जाएगी।

## राज्यों को 10% एक्स्ट्रा एलपीजी कोटा मिलेगा

### सरकार ने माना- किल्लत जारी, मोदी और पेट्रोलियम मंत्री के बीच दो घंटे चली बैठक

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** ईरान-इजराइल जंग के बीच भारत में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है। इसी बीच केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि राज्यों को 10% ज्यादा एलपीजी कोटा देने का ऑफर दिया गया है। साथ ही राज्यों से धीरे-धीरे एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाने में मदद करने को कहा गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन 40% बढ़ा है लेकिन हालात पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। एलपीजी की दिक्कत अभी भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग बेहतर हुई है लेकिन डिस्ट्रीब्यूटर के यहां अभी भी लंबी लाइनें लग रही हैं। वहीं कच्चे तेल-गैस की सप्लाई को लेकर पीएम नरेंद्र





मोदी ने बुधवार को संसद भवन में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक की। इसमें कच्चे तेल और गैस की उपलब्धता, उनके इम्पोर्ट और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई। करीब 2 घंटे चली बैठक में सरकार ने अपने आपातकालीन तेल भंडार की भी समीक्षा की है। जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक देश के पास कुछ हफ्तों का तेल स्टॉक मौजूद है, जिससे फिलहाल संकट की संभावना कम है। दरअसल होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से दुनियाभर में तेल सप्लाई पर असर पड़ा है। हालांकि युद्ध के माहौल में भारत के तीन जहाज शिवालिक, नंदा देवी और जग लाडकी तेल-गैस लेकर गुजरात के पोर्ट्स पर पहुंचे हैं।

पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि आज 93% एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन हुई है। सरकार ने लोगों से कहा है कि एजेंसी पर जाने से बचें और सिर्फ आधिकारिक ऐप या वेबसाइट से ही बुकिंग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें।

उन्होंने बताया कि कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार सख्ती कर रही है। इसी के तहत मंगलवार को देशभर में 2300 से ज्यादा एलपीजी दुकानों पर अचानक जांच की गई। अधिकारी ने बताया कि सरकार ने लोगों से अपील की है कि जहां पीएनजी सुविधा है, वहां एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाएं, इससे सप्लाई का दबाव कम होगा और यह ज्यादा सुरक्षित भी है।

## पंचायत चुनाव जुलाई में होंगे : राजभर

**लखनऊ।** यूपी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जुलाई तक पूरे हो जाएंगे। ग्राम प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष इत्यादि का जुलाई तक पूरा किया जाएगा। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद बुधवार को कहा कि चुनाव कराने के लिए विभाग तैयारी कर रहा है। पूरी कोशिश होगी कि जुलाई तक चुनाव हो जाए।

पंचायती राज विभाग की ओर से अभी तक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन नहीं किया गया है। ऐसे में पंचायती राज मंत्री के बयान के बाद अब इसके गठन में तेजी आएगी। ओबीसी आरक्षण को तय करने के लिए आयोग का गठन किया जाना आवश्यक है। ऐसे में गठन के बाद विभिन्न पदों पर आरक्षण जारी किया जाएगा और फिर उसके बाद चुनाव होगा।

## डबल इंजन सरकार ने नौ वर्ष में बदली सूबे की तस्वीर

### सुरक्षा, विकास, रोजगार और सुशासन का नया मॉडल स्थापित

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास और सतत समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में "नव निर्माण के 9 वर्ष" पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व उनकी विजनरी नेतृत्व क्षमता के तहत बीते 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है, वह डबल इंजन सरकार की नीतियों, पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, जनप्रतिनिधियों की सेवा भावना और जनता जनार्दन के सहयोग का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को इन 9 वर्षों की उपलब्धियों के लिए हृदय से बधाई देते हुए कहा कि यह परिवर्तन 25 करोड़ प्रदेशवासियों की सामूहिक शक्ति का प्रतीक है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 9 वर्षों की यात्रा को समझने के लिए यह जानना आवश्यक है कि 2017 से पहले प्रदेश की स्थिति क्या थी। उत्तर प्रदेश जैसे असीम संभावनाओं वाले राज्य को पहचान के संकट का सामना करना पड़ रहा था। दुनिया की सबसे उर्वर भूमि और प्रचुर जल संसाधनों के बावजूद किसान आत्महत्या के लिए मजबूर था। प्रदेश का कारीगर, जो अपनी कला के लिए प्रसिद्ध था, वह उद्यमी बनने के बजाय श्रमिक बनकर पलायन करने को विवश था। युवाओं के सामने पहचान और रोजगार का संकट था, भर्ती प्रक्रियाएं भ्रष्टाचार और वसूली से प्रभावित थीं। कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी थी कि न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी, और न ही आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करता था। प्रदेश में विकास के लिए कोई स्पष्ट विजन नहीं था, जिसके कारण युवा वर्ग निराश होकर या तो पलायन करता था या संघर्ष में उलझा रहता था।

सीएम योगी ने कहा कि आज तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, रोजगार, किसानों के कल्याण, महिलाओं के सशक्तीकरण और गरीबों के उत्थान के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए हैं। कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से दलितों, वंचितों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाने का काम किया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सेवा क्षेत्रों में सुधार करते हुए सुशासन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। साथ ही प्रदेश की आस्था, संस्कृति व परंपराओं को सम्मान देते हुए उन्हें नई पहचान दिलाने के प्रयास भी लगातार जारी हैं, जिससे उत्तर प्रदेश आज एक नई पहचान के साथ देश और दुनिया में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 9 विषयों पर आधारित 9 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जो बसंत नवरात्रि से प्रारंभ हो रहा है। इसका उद्देश्य है कि यह जन-चर्चा का विषय बने और समाज के सभी वर्ग, युवा, किसान, श्रमिक, महिलाएं और गरीब इसमें सहभागी बनें।

## दो अग्निकांडों में 17 लोगों की जान गयी

### दिल्ली की इमारत में 9 मौतें, इंदौर में ईवी चार्ज करते आठ मरे

विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 4 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी। दोनों को गंभीर चोटें आयी हैं।

दिल्ली से पहले मध्य प्रदेश के इंदौर में इलेक्ट्रिक कार (टाटा पंच) में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। दिल्ली फायर सर्विस के



कर्मियों ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया है। इनमें 3 लोग घायल हैं। करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10-15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के पालम इलाके में हुए भीषण अग्निकांड को लेकर गहरा शोक जताया है और इस त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मुआवजा राशि देने की भी घोषणा की है।

## कंगना बोलीं- राहुल टपोरी की तरह आते हैं संसद

### तू-तड़ाक करते हैं, महिलाएं फील करती हैं असहज

**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने बुधवार को संसद के बाहर कहा- राहुल को देखकर हम महिलाओं को काफी अनकम्फर्टेबल फील होता है। उन्होंने कहा कि वह टपोरी की तरह आते हैं, तू-तड़ाक करते हैं। इंटरव्यू दे रहे लोगों को परेशान करते हैं। कहते हैं- आजा आजा। उन्हें अपनी बहन को देखना चाहिए। उनका व्यवहार बहुत अच्छा है। कंगना का यह बयान उस विवाद के बाद आया है, जिसमें 12 मार्च को संसद परिसर के मकर द्वार पर राहुल



गांधी के चाय-नाश्ता करने को लेकर आलोचना हुई थी। इस मामले में 84 पूर्व ब्यूरोक्रेट्स, 116 पूर्व सैनिक और 4 वकीलों ने एक ओपन लेटर लिखकर राहुल गांधी से देश के लोगों से माफी की मांग की है। कांग्रेस सांसद ज्योतिमणि ने भाजपा सांसद कंगना रनौत पर कहा- कंगना रनौत की बातें उनके चरित्र को दर्शाती हैं। सिर्फ अच्छे कपड़े पहन लेने या सेलिब्रिटी होने से कोई अच्छा इंसान नहीं बन जाता।

## एनआईए ने छह यूक्रेनी पकड़े, तीन लखनऊ से

### ये म्यांमार में विद्रोहियों को सपोर्ट कर रहे थे, अमेरिकी भी गिरफ्तार

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली/लखनऊ।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने 13 मार्च को दिल्ली, लखनऊ और कोलकाता से 7 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। इनमें यूक्रेन के छह और एक अमेरिकी नागरिक शामिल है. जिसने सीरिया और लीबिया युद्ध में हिस्सा लिया था। एजेंसी के मुताबिक ये लोग भारत खासकर नॉर्थ-ईस्ट में उग्रवाद को समर्थन कर रहे थे। साथ ही म्यांमार के सशस्त्र समूहों तक हथियार पहुंचाने, लड़ाकों को ट्रेनिंग देने और ट्रेनिंग कैंप्स को सपोर्ट कर रहे थे। इसके लिए यूरोप से मंगाए गए ड्रोन का इस्तेमाल करने की तैयारी थी, जिसमें ड्रोन चलाना, बनाना और उसे रोकने की तकनीक शामिल थी। गिरफ्तार लोगों में अमेरिकी नागरिक मैथ्यू एरॉन वैन डाइक भी शामिल है। मैथ्यू 2011 के लीबिया सिविल वॉर और सीरिया गृह युद्ध में सत्ता




के खिलाफ लड़ाई में विदेशी फाइटर के रूप में शामिल हुआ था। उसने रूस-यूक्रेन युद्ध में यूक्रेनी युवाओं को भी ट्रेनिंग दी है।

म्यांमार में आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाले तीन पूर्व यूक्रेनी सैनिकों को लखनऊ एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया। इनके संबंध अंतरराष्ट्रीय ड्रोन-आतंकी नेटवर्क से बताए जा रहे हैं। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि लखनऊ एयरपोर्ट से 13 मार्च को 3 यूक्रेनी नागरिकों पेट्रो हुरबा (36), तारास स्लिवियाक (37) और इवान सुकमानोव्स्की (34) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि तीनों पूर्व सैनिक रह चुके हैं। ड्रोन तकनीकी के जानकार हैं। तीनों म्यांमार में आतंकी नेटवर्क को मजबूत करने में जुटे थे।

तीनों 18 दिसंबर 2025 को संयुक्त अरब अमीरात से भारत आए थे। इसके बाद ये मिजोरम के रास्ते म्यांमार के चिन राज्य में पहुंचे, जहां इन्होंने उग्रवादी संगठनों से संपर्क स्थापित किया।

## पर्व-त्योहार परंपरा के दायरे में, उपद्रव बर्दाश्त नहीं : योगी

### माहौल बिगाड़ने वालों की किसी भी कोशिश को सहन नहीं किया जायेगा, दिये सख्त निर्देश

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने सख्त संदेश दिया है कि त्योहारों पर शांति सर्वोपरि है, माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई। मुख्यमंत्री ने त्योहारों के मद्देनजर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि एलपीजी की कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में अच्छी व्यवस्था के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ पर कड़ी चेतावनी देते हुए साफ कहा है कि पर्व-त्योहारों के दौरान सार्वजनिक उद्दंडता और माहौल बिगाड़ने की किसी



भी कोशिश को स्वीकार नहीं किया जाएगा, ऐसी हर घटना के दोषियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस के साथ कठोरतम कार्रवाई की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर हाल में शांति, सुरक्षा और अनुशासन सुनिश्चित किया जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। साथ ही, धार्मिक आयोजनों में परंपरागत स्वरूप का ही पालन कराया जाए और किसी भी नई परंपरा की अनुमति न दी जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार देर शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में गुरुवार से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्र, 20 मार्च को अलविदा की नमाज और 21 मार्च को ईद-उल-फितर के मद्देनज़र व्यापक तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को निर्देशित किया कि संवेदनशीलता और समन्वय के साथ कार्य करते हुए शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चैत्र नवरात्र के दौरान देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए सुरक्षा, स्वच्छता, भीड़ प्रबंधन, पेयजल, प्रकाश और स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

प्रमुख मंदिरों और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए।

## ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड पर अमेरिकी हमला

### तेल फैसिलिटीज पर भी एयरस्ट्राइक, ईरान के मंत्री इस्माइल खतीब का खात्मा

एजेंसी

**तेहरान/तेल अवीव।** मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच अमेरिका-इजराइल ने अब ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक अमेरिका और इजराइल ने दक्षिणी ईरान में साउथ पार्स गैस फील्ड और असालुयेह शहर की तेल-गैस सुविधाओं पर एयरस्ट्राइक की है। साउथ पार्स दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस फील्ड माना जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले में गैस के साथ-साथ पेट्रोकेमिकल और तेल इंफ्रास्ट्रक्चर को भी निशाना बनाया गया है। इजराइली मीडिया ने भी बुशेहर क्षेत्र में गैस फैसिलिटी पर हमले की जानकारी दी है। इससे पहले इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा था कि आज ईरान



और लेबनान में 'बड़े सरप्राइज' देखने को मिलेंगे, जिसे इन हमलों से जोड़कर देखा जा रहा है। इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी देशों में बड़े हमलों की चेतावनी दी है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने लोगों से सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर के प्रमुख तेल और गैस ठिकानों से दूर रहने को कहा है। वहीं कतर ने ईरान के गैस फील्ड पर हमले की निंदा की है।

इस बीच इजरायल ने बड़ा दावा किया है। इज़रायल के रक्षा मंत्री इज़राइल काट्ज़ ने बुधवार को कहा कि रात भर चले इजरायली रक्षा बलों के हमलों में ईरान के इंटेलिजेंस मिनिस्टर इस्माइल खतीब का खात्मा हो गया है। हालाँकि, ईरान ने अब तक खतीब की मौत की पुष्टि नहीं की है। खतीब की मौत की घोषणा करते हुए और बिना कोई और जानकारी दिए काट्ज़ ने कहा, ₹आज पूरे दिन सभी मोर्चों पर बड़े सरप्राइज़ मिलने की उम्मीद है।₹ काट्ज़ ने कहा कि इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को किसी भी अन्य वरिष्ठ ईरानी अधिकारी को मारने की बिना किसी अतिरिक्त मंज़ूरी के पूरी छूट दे रखी। अगर यह दावा सही साबित होता है, तो यह दो दिनों में ईरान के तीसरे बड़े नेता की हत्या होगी। इससे पहले मंगलवार को ईरान के सिक्योरिटी चीफ अली लारीजानी और बसीज बल के प्रमुख गुलाम रजा सुलेमानी को भी इज़राइल द्वारा मार गिराए जाने का दावा किया गया था।

## एक नजर

### सात हजार से अधिक सुरक्षा कर्मी राष्ट्रपति की सुरक्षा में तैनात

**अयोध्या।** राम मंदिर में गुरुवार को दूसरे तल पर राम नाम यंत्र की स्थापना कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आ रही हैं। राष्ट्रपति सुबह 10 :30 से दोपहर 3 :30 बजे तक अयोध्या में रहेगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर चप्पे चप्पे पर कर्मी तैनात कर दिए गए हैं। राम मंदिर के अंदर से लेकर बाहर तक सात हजार से अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। जल, थल और नभ से सुरक्षा पुख्ता की गई है। राम जन्मभूमि परिसर से लेकर पूरी अयोध्या को सुरक्षा व्यूह रचना कर जकड़ दिया गया है। राष्ट्रपति के विशेष सुरक्षा अधिकारियों ने कमान संभाल ली है। राष्ट्रपति के रहने तक मार्ग पर आवागमन प्रतिबंध जारी रहेगा। राम पथ के संपर्क मार्गों पर जबरदस्त चेकिंग की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे इसके लिए समूचे जोन से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इस वक्त एडिशनल एसपी स्तर के 14, डिप्टी एसपी स्तर के 30 ,इंस्पेक्टर स्तर के सौ, सब इंस्पेक्टर रैंक के 240 अफसर की तैनाती की गई है। इसके अलावा 30 महिला सब इंस्पेक्टर 12 सौ आरक्षी 150 महिला आरक्षी भी बुलाए गए हैं।

### राज्यपाल ने नवरात्र और हिन्दू नववर्ष पर प्रदेशवासियों को बधाई दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि नवरात्र के नौ दिवस आत्मशुद्धि, संयम और नवचेतना के प्रतीक हैं। यह पर्व हमें अधर्म पर धर्म, अज्ञान पर ज्ञान तथा असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देता है। उन्होंने कामना की कि समस्त प्रदेश एवं देशवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य का संचार हो तथा हमारा राष्ट्र निरंतर प्रगति, सद्भाव और उन्नति के पथ पर अग्रसर रहे। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर हर हृदय में नव उमंग, नव विश्वास और नव संकल्प का प्रकाश फैलाए। यह नववर्ष हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर की जड़ों को और सुदृढ़ करते हुए हमें एकता, सद्भाव और प्रगति के पथ पर अग्रसर करें। हम सब मिलकर इस नववर्ष को नए सपनों, सकारात्मक ऊर्जा और लोककल्याण के संकल्पों के साथ अभिनंदित करें, ताकि हमारा समाज और राष्ट्र निरंतर प्रगति के उज्ज्वल पथ पर अग्रसर रहे।

### ट्रेड डील के विरोध में गूंजा किसान अधिकार सम्मेलन, लोकदल ने दी आंदोलन की चेतावनी



**मथुरा।** लोकदल व विभिन्न किसान संगठनों के तत्वावधान में 18 मार्च 2026 को होटल मुकुंद पलेस, सौंख अड्डा मथुरा में आयोजित किसान अधिकार सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही, जहां देश के किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी एवं लोकदल अध्यक्ष चौ. सुनील सिंह ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय ट्रेड डील पर तीखा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि यह डील भारतीय कृषि व्यवस्था को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हाथों में सौंपने का प्रयास है और इससे देश का अन्नदाता गंभीर संकट में पड़ जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना किसानों से संवाद किए किए जा रहे ऐसे समझौते न केवल किसानों के हितों के खिलाफ हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी कमजोर करने वाले हैं। इस डील का सीधा असर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP), स्थानीय मंडियों और छोटे किसानों के अस्तित्व पर पड़ेगा। चौ. सुनील सिंह ने कहा कि अन्नदाता के सम्मान और अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस विषय पर संसद में विस्तृत चर्चा कराई जाए और किसान संगठनों की राय को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते इस ट्रेड डील को वापस नहीं लिया, तो किसान संगठन व्यापक और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। साथ ही उन्होंने एमएसपी की कानूनी गारंटी, कृषि लागत में कमी, फसलों का उचित मूल्य,विद्युत दर तथा युवाओं को कृषि आधारित रोजगार उपलब्ध कराने की मांग दोहराई। सम्मेलन में ऋषिपाल अम्बावता राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन सरदार वीएम सिंह ,प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा प्रदीप हुड्डा,लोकदल राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हूण, चौधरी देवेंद्र सिंह बाना राष्ट्रीय अध्यक्ष बीकेयू लोकहित ,चौधरी बलबीर सिंह ,लोकदल के पश्चिम प्रभारी युवा नेता संदीप तोमर, सहित कई प्रमुख नेताओं ने अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित संघर्ष का आह्वान किया, और एक स्वर में कहा कि अब सिर्फ बातें नहीं, बल्कि आर–पार की लड़ाई होगी। यदि सरकार ने किसानों की अनदेखी जारी रखी, तो सड़कों से लेकर संसद तक जोरदार आंदोलन खड़ा किया जाएगा। किसान अब चुप बैठने वाला नहीं है, अपने हक के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा और पीछे नहीं हटेगा।

### भूसे का टेण्डर 25 मार्च, 2026 तक पूरा करा लिया जाए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में प्रदेश के गौ आश्रय स्थलों में निराश्रित गोवंश के भरण पोषण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि रबी फसल की कटाई के दृष्टिगत पशुओं के लिए वर्ष पर्यन्त भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी जनपदों में 25 मार्च, 2026 तक भूसे से संबंधित टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि आगामी ग्रीष्मऋतु में गर्मी एवं लू से बचाव हेतु गो आश्रय स्थलों में स्वच्छ पेयजल, चारा तथा त्रिपाल आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाये।पशुधन मंत्री ने चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभिन्न योजनाओं में बजट आंवटन तथा वित्तीय स्वीकृतियों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है अत: आंवटित बजट के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृतियों को समय से निर्गत कराकर धनराशि का उपयोग सुनिश्चित किया जाये। किसी भी मद का बजट सरेंडर न होने पाए। योजनाओं हेतु आवंटित बजट के व्यय में लापरवाही व उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।सिंह ने निर्देश दिये कि प्रदेश में नस्ल सुधार एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम तथा बकरी पालन जैसी लाभार्थी परक योजनाओं की प्रगति में प्रभावी कदम उठाये जाये। बैठक में पशुधन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने मंत्री जी को विभाग की योजनाओं की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। अपर मुख्य सचिव पशुधन द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में 469 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का निर्माण पूर्ण हो गया है तथा 30 केन्द्रों का लोकार्पण प्रस्तावित है।

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों ने जनता के सपनों को किया पूरा

## लोकसभा क्षेत्र पीलीभीत की विधानसमा सदर एवं पूरनपुर की सड़कों का लगभग रू0 07 .00 करोड़ की लागत से होगा सामान्य मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य

### पूरनपुर विधायक एवं सदर विधायक व गन्ना राज्य मंत्री जी के प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के अनवरत प्रयासों से उ०प्र० सरकार द्वारा प्रदान की गयी स्वीकृति



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पीलीभीत।** पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास तथा आवागमन को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने हेतु केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा प्रेषित प्रस्तावों पर जनपद पीलीभीत की विधानसभा सदर एवं पूरनपुर की 5 सड़कों के मरम्मत कार्य की स्वीकृति उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की गई है। इन सड़कों पर सामान्य मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य किए जाने से न केवल ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि कार्यों एवं पर्यटन से जुड़े लाखों नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभमिलेगा। जनपद पीलीभीत के पूरनपुर विधायक एवं गन्ना मंत्री तथा सदर विधायक द्वारा प्रेषित प्रस्तावों पर स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद जी द्वारा स्वीकृति दिलाई गई है। इसके लिए वे लंबे समय से प्रयासरत थे और निरंतर मुख्यमंत्री जी से संपर्क में भी थे। इन स्वीकृत मार्गों में पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद पीलीभीत की सदर विधानसभा के पीलीभीत-जहानाबाद रोड से सुंदरपुर मार्ग, तथा पी.जे.ए.एस. भार्ग से हैदराबाद-भगवतीपुरपुरा संपर्क मार्ग होते हुए जिठनिया लिंक मार्ग शामिल है। इसके अतिरिक्त पूरनपुर विधानसभा के अंतर्गत पीलीभीत बस्ती मार्ग किमी 63 से जलेश्वर उर्फ जगतपुर संपर्क मार्ग, निघासन पुलिया-धनाराघाट- पूरनपुर मार्ग एवं पूरनपुर-कलीनगर मार्ग की सामान्य मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे। इन स्वीकृतियों के अंतर्गत पूरनपुर एवं सदर विधानसभा क्षेत्र की लगभग 52 किमी सड़क पर लगभग 7.00 करोड़ रुपये की लागत से मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य कराए जाएंगे। मंत्री जी के इन प्रयासों की हृदय से सराहना करते हुए स्थानीय निवासियों एवं सामाजिक संगठनों ने खुशी जाहिर की है और कहा है कि यह निर्णय उनके जीवन में वास्तविक बदलाव लाएगा, इससे क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों, महिलाओं और दैनिक यात्रियों को इन सड़कों की मरम्मत एवं नवीनीकरण से दैनिक यात्रा करने में सुगमता होगी, समय की बचत होगी तथा आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी एवं लंबे समय से जर्जर सड़कों और आवागमन की चुनौतियों का समाधान मिलना क्षेत्र के विकास में 'मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर स्थानीय सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद जी ने पीलीभीत की जनता को बधाई दी है तथा उ०प्र० के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है तथा कहा है कि मुख्यमंत्री जी द्वारा जनहित को सर्वोपरि मानते हुए इन सभी विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत संरचना को लगातार सुदृढ़ करने का जो संकल्प लिया गया है. यह निर्णय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# डबल इंजन सरकार ने बीमार राज्य से विकास राज्य बनाया

## 9 वर्ष पूर्ण पर सरकार की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ स्थित लोकभवन में प्रदेश सरकार के सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एक विशेष पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी एवं मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के दिशानिर्देश में आज सरकार ने सफलता के 9 वर्ष पूर्ण किए, यह पल प्रदेशवासियों को धन्यवाद देने का है। उनके विश्वास और आशीर्वाद से हम 2027 में पुनः सरकार बनाने जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने सुशासन, विकास और जनसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं।

सरकार ने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित वर्ग के उत्थान हेतु अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने बताया कि कानून-व्यवस्था में सुधार, आधारभूत संरचना का तीव्र विकास, रोजगार सृजन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति प्रदेश की प्रमुख उपलब्धियां रही हैं। इस अवसर पर विमोचित पुस्तक में सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल की प्रमुख योजनाओं, उपलब्धियों और परिवर्तनकारी पहलों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया है, जिससे आमजन को प्रदेश के विकास की व्यापक जानकारी मिल सके। इससे पहले भी प्रदेश में शासन के कार्यों को संकलित करते हुए पुस्तकों का विमोचन किया जाता रहा है, जिनमें विकास, कानून-व्यवस्था और सामाजिक योजनाओं की झलक प्रस्तुत की जाती है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक केवल उपलब्धियों का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का मार्गदर्शक भी है। उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए और अधिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी जी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी, संगठन मंत्री बीजेपी धर्मपाल जी, सरकार में समस्त मंत्री एवं सहयोगी पार्टी के मंत्री, लखनऊ महापौर जी, मुख्य सचिव एसपी गोयल जी, अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद के साथ विभिन्न जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसे उत्तर प्रदेश के विकास का स्वर्णिम काल बताया।

### ईबीजी ग्रुप ने हार्ड रॉक इंटरनेशनल के साथ साझेदारी की

**लखनऊ।** ईबीजी ग्रुप, जो नवोन्मेषी उपभोक्ता और लाइफस्टाइल समाधान का एक प्रगतिशील खिलाड़ी है, ने हार्ड रॉक इंटरनेशनल के साथ एक रणनीतिक ब्रांड लाइसेंसिंग साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत भारत में हार्ड रॉक -ब्रांडेड प्रीमियम कॉफी मशीनें और छोटे किचन उपकरण पेश किए जाएंगे। लाइसेंसिंग समझौते के तहत, ईबीजी ग्रुप, हार्ड रॉक के बोल्ड और समकालीन ब्रांड एथोस के अनुरूप उत्पादों का डिज़ाइन, विकास, निर्माण और वितरण करेगा। लॉन्च का पहला चरण प्रमुख महानगरीय बाज़ारों में होगा, जिसके बाद अन्य प्रमुख शहरों में चरणबद्ध विस्तार किया जाएगा।

साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, ईबीजी ग्रुप के संस्थापक और सीईओ डॉ. इरफ़ान खान ने कहा, "हार्ड रॉक के साथ साझेदारी हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हार्ड रॉक ऊर्जा, प्रामाणिकता और एक वैश्विक आकांक्षी जीवनशैली का प्रतिनिधित्व करता है। इस लाइसेंसिंग सहयोग के माध्यम से, हम भारतीय उपभोक्ताओं के लिए प्रीमियम कॉफी मशीनों और छोटे किचन उपकरणों का एक अलग पोर्टफोलियो लाने का लक्ष्य रखते हैं, जो प्रदर्शन और ब्रांड अनुभव दोनों को महत्व देते हैं। हमारा ध्यान ऐसे उत्पाद बनाने पर है जो भावनात्मक रूप से जुड़ाव पैदा करें और विश्वस्तरीय गुणवत्ता और विश्वसनीयता प्रदान करें।" आगामी रेंज में विशिष्ट हार्ड रॉक सौंदर्यशास्त्र को उच्च-प्रदर्शन तकनीक, प्रीमियम सामग्रियों और एक समकालीन, संगीत-प्रेरित लाइफस्टाइल अपील के साथ संयोजित किया जाएगा।

# 2027 में जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने जा जा रही : अखिलेश



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि 2027 में जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने जा जा रही है। अंधभक्तों की जमात भाजपा राजनीतिक पार्टी नहीं गैंग है। भाजपाई समाजवादी पार्टी को बदनाम करने के षड्यंत्र रच रही है। भाजपा की षड्यंत्रकारी चुनौतियों से निपटने के लिए समाजवादी पार्टी तैयार है।

अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में लोकतंत्र पर बहुत खतरा है। लोकतंत्र में संवाद आवश्यक है। सामाजिक, सदभाव से ही लोकतंत्र साकार होता है। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिकों का जीवन संकट में है। आज की राजनीति में सकारात्मक दिशा पीडीए के रास्ते ही तय हो सकती है। बिना सकारात्मक सोच के कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता है। बिना विचारों के अभियान दिशाहीन और भ्रम का शिकार हो सकता है। श्री यादव ने कहा कि सोशलिस्ट और सोशल के बीच रिश्ता है। सकारात्मकता से निष्ठा बनती है। वैचारिकी सिद्धांतों और आंदोलनों से देश और समाज की दिशा बदलती रही है। भाजपा सरकारों से जनता में हताशा और निराशा है। सरकार और प्रशासन बेजा इस्तेमाल करके भाजपा समाजवादी पार्टी के सामने चुनौतियां पैदा करना चाहती हैं। समाजवादी पार्टी भाजपा की हर चुनौती का मुकाबला करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ और अफवाह को अपनी ताकत मानती है। समाजवादी सबके साथ है। वह झूठ का भरपूर विरोध करते है। समाजवादी साथियों को यह लड़ाई बड़ी मानकर लड़ना चाहिए।

अखिलेश यादव ने सलाह दी है कि हमारे व्यवहार और भाषा में सादगी होनी चाहिए। हमें अनुशासित रहना होगा। किसी को आक्रोशित नहीं करना है। समाजवादी सिद्धांतनिष्ठ पार्टी है वह कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करती है। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने लैपटॉप देकर सामाजिक बराबरी पर लाने और युवाओं के जीवन में विकास तथा प्रगति के नए रास्ते खोलने की शुरुआत की थी। भाजपा डिजिटल डिवाइस का इस्तेमाल अपने स्वार्थ के लिए करती है। भाजपा के अपवाह तंत्र का मुकाबला सच से करना हैं भाजपा के कुप्रचार से सावधान रहना है।

### लखीमपुर के चेतन वीर सिंह ने साकार किया योगी सरकार के 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' का संकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के युवा वित्तीय सहायता, कौशल प्रशिक्षण और स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं। सरकार का लक्ष्य युवाओं को 'रोजगार मांगने वाला नही, बल्कि 'रोजगार देने वाला' बनाना है। योगी सरकार के इसी लक्ष्य के साथ लखीमपुर खीरी के विकासखंड फूलबेहड़ के चेतन वीर सिंह ने गुड़ कोल्हू लगाकर उद्यम की शुरुआत की। चेतन वीर सिंह ने योगी सरकार के 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के संकल्प को जमीन पर उतारकर 15 लोगों को रोजगार देने का काम किया है।

चेतन वीर सिंह ने बताया कि 2022 में गुड़ कोल्हू लगाकर अपने उद्यम की शुरुआत की थी। उनको प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) योजना के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने पीएमईजीपी योजना के तहत 10 लाख रुपए के ऋण के लिए अप्लाई किया। सरकारी वित्तीय सहायता मिलने के बाद उन्होंने कोल्हू लगाकर काम शुरू किया। आज वे 15 लोगों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और रोज 200 क्विंटल गन्ने की पिराई करते है। उन्होंने ड्रायर लगाकर गन्ने की खोई को सुखाने का नया तरीका निकाला है, जिससे लेबर के खर्च की पूरी बचत होती है।

# चोरी के आरोपी को पुलिस ने थाने से छोड़ा तो परिवार ने किया पलायन, पुलिस ने रोका

- पुलिस ने समझाकर पीड़ित परिवार को वापस लौटाया, आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा
- सकरन थाना क्षेत्र के दुगाना गांव का मामला, चार मार्च को घर में हुई थी चोरी




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के दुगाना गांव में चोरी के मामले में आरोपी को पूछताछ के बाद थाने से छोड़े जाने से नाराज पीड़ित परिवार पलायन के लिए घर छोड़ दिया और जिला मुख्यालय का रुख कर लिया। इसकी भनक लगते हुए हरकत में आई पुलिस ने फौरन पहुंचकर परिवार को हाईवे पर रोककर समझा लिया। थाने ले जाकर पुलिस ने पीड़ित परिवार की मांग के मुताबिक केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

गांव निवासी इंद्रपाल के घर चार मार्च की रात चोरी हो गई थी। पीड़ित ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। पीड़ति पिछले कई दिनों से अपने घर में हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहा था। परिवार का आरोप है कि नामजद तहरीर भी दी थी, लेकिन पुलिस आरोपी को पूछताछ के बाद थाने से छोड़ दिया था। इसी से नाराज परिवार घर से पलायन कर जिला मुख्यालय का रुख कर लिया। पीड़ित परिवार मुख्यमंत्री से मिलने के लिए निकल पड़ा। इसकी भनक लगते ही पुलिस फौरन पीड़ित परिवार से मिली। दुगाना गांव से चकलेबाबा मंदिर के बीच स्थित हाईवे पर परिवार को पुलिस ने रोक लिया। पुलिस, परिवार को समझा कर थाने ले गई। जहां तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ने पहले ही मामले में गंभीरता दिखाई होती, तो परिवार को इस तरह पलायन के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रामखेलावन पुत्र पूरन चेला भीष्मदास निवासी पुरे चौहानन निर्भय दास कुटी कबीर भवन लालमऊ लालगंज रायबरेली ने संत परंपरा के अनुसार अपना नाम बदलकर रामजी दास रख लिया है। अब मुझे राम जी दास के नाम से जाना पहचाना और पुकारा जाए।

**– रामखेलावन**
**पुत्र पूरन चेला भीष्मदास**
**निवासी पुरे चौहानन निर्भय**
**दास कुटी कबीर भवन लालमऊ**
**लालगंज रायबरेली**

### आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुनील कुमार यादव, पता - 555/39, केसरी खेड़ा, इंद्रलोक कॉलोनी, मानक नगर, लखनऊ का निवासी हूं. मैंने अपने पुत्र आकाश यादव उर्फ प्रिंस को उसके गलत आचरण एवं व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब घोषणाकर्ता आकाश यादव उर्फ प्रिंस के किसी भी गलत कार्य एवं लेनदेन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मो0 सलाम अंसारी पुत्र शफी अहमद निवासी नगरौर डीहा बहराइच का हूं। मेरे नाम की स्पेलिंग पासपोर्ट पर MOHAMED SALAM ANSARI अंकित है। वही मेरे आधार कार्ड पर नाम की स्पेलिंग MOHD SALAM ANSARI अंकित की गई है। साथ मेरे पिता का नाम पासपोर्ट पर मोहम्मद शफी अन्सारी अंकित है। जबकि आधार कार्ड पर शफी अहमद लिखा गया है। पिता का सही नाम शफी अहमद व माता का नाम मस्तीवन और साथ ही पत्नी का नाम शमा की पढ़ा व लिखा जाये।

**– मो0 सलाम अंसारी**
**पुत्र शफी अहमद**
**निवासी नगरौर डीहा बहराइच**


## सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश भर में शत–प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने के लिए एक जनवरी से चलाया जा रहा विशेष अभियान

# रामपुर बना शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने वाला प्रदेश का पहला जिला

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने एवं सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री (फार्मर आईडी) बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के किसानों की शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने के लिए एक जनवरी से अभियान चलाने के निर्देश दिए थे, यह 31 मार्च तक जारी रहेगा। ऐसे में किसानों के घर-घर जाकर फार्मर आईडी बनाई जा रही है। वहीं रामपुर जिला प्रशासन ने निर्धारित तिथि से पहले ही किसानों की सौ प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य पूरा कर लिया है। इसी के साथ रामपुर जिला प्रशासन ने शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि दूसरे स्थान पर गाजियाबाद और तीसरे स्थान पर अंबेडकरनगर हैं। प्रदेश में 2,88,70,495 किसानों की फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य है। इसके सापेक्ष अब तक 1,99,42,798 फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकीं हैं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम, खुली चौपाल वॉल पेंटिंग से हासिल किया लक्ष्य

रामपुर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले में शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने के लिए एक जनवरी से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में लक्ष्य को हासिल करने के लिए अन्नदाताओं को जागरूक करने के लिए किसान गोष्ठी, गांवों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, होर्डिंग, ग्राम पंचायत स्तर पर खुली चौपाल का आयोजन किया गया। इसके साथ ही वॉल पेंटिंग एवं प्रचार वाहन के जरिये प्रचार-



प्रसार किया गया। साथ ही राजस्व, कृषि, पंचायती राज, ग्राम्य विकास एवं गन्ना विभाग के कर्मचारियों को किसानों के घर-घर जाकर फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी ने बताया कि वह खुद प्रत्येक सप्ताह अभियान की समीक्षा करते हैं। इस दौरान अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया जबकि कम प्रगति वाले कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई।

### टॉप टेन में औरैया, बाराबंकी, हरदोई और कन्नौज ने जगह बनाई

डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि रामपुर को 31 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री का कुल लक्ष्य 2,09,828 निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष 17 मार्च तक शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि रामपुर ने लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत 2,09,828 फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। इसके अलावा गाजियाबाद ने निर्धारित लक्ष्य 38,909 के सापेक्ष अब तक 36,598 फार्मर आईडी बनाकर पूरे प्रदेश में दूसरा तथा अंबेडकरनगर ने 31 मार्च तक निर्धारित लक्ष्य 3,42,847 के सापेक्ष 3,10,145 फार्मर आईडी बनाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप टेन में औरैया, बाराबंकी, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, मीरजापुर और बिजनौर ने अपनी जगह बनाई है।

### यह हैं फार्मर रजिस्ट्री के लाभ

- किसान सम्मान निधि योजना का बिना बाधा लाभ प्राप्त होगा।
- कृषकों को उर्वरक सुविधाजनक एवं निर्धारित मूल्य पर प्राप्त होगा।
- किसान क्रेडिट कार्ड प्राप्त करने में अभिलेखों के सत्यापन की बाध्यता समाप्त होगी।
- राज्य एवं केन्द्र सरकार की नवीन योजना में शामिल होने के लिए बार–बार अभिलेखों के सत्यापन से मुक्ति मिलेगी।
- एग्रीस्टैक में सम्मिलित होने पर डिजीटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से एमएसपी पर उत्पादों की बिक्री सुविधाजनक एवं त्वरित होगी।


## कार्यालय नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी, बरेली

पत्रांक-741/न0प0फ0पू0/2025-26 दिनांक-17.03.2026

**नोटिस**

**नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत नोटिस**

नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी बरेली के द्वारा कर निर्धारण सूची / गृहकर रजिस्टर में नामान्तरण प्रस्तावित है। नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी बरेली द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298(1) के अन्तर्गत बनाई गयी उपविधि लागू है। इस नियमावली के अधीन नामान्तरण शुल्क जमा करने के बाद नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के विहित प्राविधानों के अधीन ऐसे व्यक्ति/व्यक्तियों जिन पर प्रस्तावित नामान्तरण से कोई प्रभाव न पड़ने की सम्भावना हो तो इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन की अवधि के अन्तर्गत अपनी आपत्ति मय साक्ष्यों सहित प्रेषित कर सकते है। यदि इस अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो तदानुसार प्रस्तावित नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। प्रस्तावित नामान्तरण का विवरण निम्नवत है :-

| क्र. सं. | वार्ड नं0/मोहल्ला | सम्पत्ति | नगर पंचायत अभिलेखों में अंकित नाम/ विक्रेता | प्रस्तावित नाम | नामान्तरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 153 | वार्ड (01) नई बस्ती | मकान | श्री राजेन्द्र पुत्र श्री राम गोपाल | श्री धनदेवी पत्नी श्री स्व. राजेन्द्र | बैनामे के आधार पर |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी
बरेली

अध्यक्ष
नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी
बरेली

## एक नजर

### नगर निगम सदन की विशेष बैठक 22 मार्च को होगी

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ में पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025–26 तथा मूल बजट वर्ष 2026–27 पर विचार–विमर्श के लिए सदन की एक विशेष बैठक प्रस्तवित की गई है। कार्यकारिणी की स्वीकृति मिलने पर यह बैठक 22 तारीख को 11 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में होगी। बैठक में नगर निगम के सभी पार्षद, संबंधित अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। इस दौरान पुनरीक्षित बजट की समीक्षा की जाएगी तथा आगामी वित्तीय वर्ष के प्रस्तावित बजट पर विस्तृत चर्चा होगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर विकास कार्यों, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी, सड़क निर्माण एवं अन्य नागरिक सेवाओं के लिए बेहतर वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

### केजीएमयू में गरीब मरीजों को मुफ्त रोबोटिक सर्जरी

**लखनऊ।** केजीएमयू में आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब यहां रोबोटिक सर्जरी पूरी तरह निशुल्क कर दी गई है। इस पहल से उन मरीजों को खासा फायदा मिलेगा, जो महंगी सर्जरी के कारण अब तक इलाज नहीं करा पा रहे थे। अभी रोबोटिक सर्जरी का खर्च 50 हजार से एक लाख रुपये से अधिक तक है। सीएसआर फंड से मिली मजबूतीप्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि इंडियन बैंक ने अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के तहत 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। इसी सहयोग के चलते अब गरीब मरीजों को रोबोटिक सर्जरी मुफ्त में उपलब्ध कराई जा रही है। मरीजों को अपना आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके आधार पर ही पात्रता तय की जाएगी, ताकि वास्तव में जरूरतमंद लोगों को ही इस सुविधा का लाभ मिल सके। अस्पताल प्रशासन ने यह व्यवस्था पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लागू की है।गरीब मरीजों को मिलेगी राहतकेजीएमयू एशिया का सबसे ज्यादा बेड वाला मेडिकल संस्थान है जहां बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। अब तक महंगी रोबोटिक सर्जरी के कारण उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नई व्यवस्था लागू होने के बाद मरीजों को इधर–उधर भटकना नहीं पड़ेगा और उन्हें समय पर बेहतर इलाज मिल सकेगा। इस पहल को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है जिससे गरीब मरीजों की उपचार संबंधी परेशानियां काफी हद तक कम होंगी।

### नसीमुद्दीन सिद्दीकी की रोजा इफ्तार पार्टी में पहुंचे अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के कैंट स्थित आवास पर आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शामिल हुए। उनके साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने भी इफ्तार पार्टी में शिरकत की। शहर के अन्य गणमान्य नागरिक तथा समाजवादी पार्टी के नेता भी बड़ी संख्या में रोजा इफ्तार पार्टी में मौजूद रहे। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति मिली–जुली है और गंगा–जमुनी तहजीब की पहचान है कि एक दूसरे के त्योहारों में शामिल होकर बधाई देना, खुशियां मनाना हिन्दुस्तानित है। होली पर हम सभी लोग मिलकर रंग खेलते हैं। ईद पर गले मिलते है और सेवइयां खाते है। खुशियां बांटते है। हम लोगों को इसी भाईचारे मजबूत करना है। एक दूसरे का सम्मान करके समाज को जोडकर आगे बढ़ना है। जितना समाज में मेलमिलाप होगा देश उतना ही तरक्की के रास्ते पर जायेगा। ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रसीद फिरंगी महली साहब ने नमाज की अगुवाई की। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में सभी ने मिलकर रोजा खोला और देश–प्रदेश में अमन चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ की। रोजा इफ्तार में विधायकगण सर्वफरीद किदवई, नासिर कुरैशी, नवाब जान, इरफान सोलंकी, रविदास मेहरोत्रा, जासमीर अंसारी, रूमी हसन, नसीम सोलंकी, शहजिल इस्लाम, अताउर्रहमान सहित वरिष्ठ नेता सलामतुल्ला, पूर्व एमएलसी सुनील साजन, प्रवक्ता अनुराग भदौरिया, नवाजिश मंजूर, सीएल वर्मा तथा जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत भी शामिल रहे।

### स्टंटबाजों और रेसर बाइकर्स के खिलाफ अभियान, 24 सीज

**लखनऊ।** जनेश्वर मिश्र पार्क गेट के पास रविवार को स्पोर्ट्स बाइक से स्टंट करने के दौरान 12वीं के छात्र नैतिक की मौत के बाद पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया। बुधवार को लोहिया पथ और 1090 चौराहे पर हजरतगंज पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्टंट करने वालों और रेसर बाइक से फर्राटा भरने वालों की 24 गाड़ियां सीज की गईं। इस दौरान पुलिस की कार्रवाई से बचकर कुछ युवक भागे तो उनका कैमरे से चालान किया गया क्योंकि ट्रैफिक पुलिस ने सड़क पर स्पीडो मीटर भी लगा रखा था। उससे फोटो खींचकर चालान किया जा रहा था। अभियान के दौरान पुलिस उपायुक्त यातायात रवीना त्यागी के निर्देश पर एडीसीपी राघवेंद्र सिंह के अलावा एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल, इंस्पेक्टर विक्रम सिंह, गौतम पल्ली इंस्पेक्टर रत्नेश सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। 1090 चौराहे, डीजीपी आवास मोड़, जियामऊ कट और पराग बूथ के पास पुलिस अलग–अलग प्वाइंट पर लगा दी गई। पुलिस ने स्पोर्ट्स बाइकर्स को रोककर उनके कागज चेक किए। कुछ मानक से तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। पुलिस ने बाइक सवारों को रोकना शुरू किया। एसीपी विकास जायसवाल ने बताया कि 24 स्पोर्ट्स और हाई स्पीड बाइक को सीज किया गया है।

### जमीन कब्जे के विरोध पर दबंगों ने महिला समेत परिवार को पीटा

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में जमीन पर कब्जे को लेकर दबंग बिल्डर और उसके साथियों ने महिला समेत उसके पूरे परिवार पर हमला कर दिया। पीड़िता ने डॉयल–112 पर सूचना दी और पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिसके चलते पीड़ित परिवार बुधवार को एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह से मिले और पूरे मामले की जानकारी दी। रामपुर बेहड़ा गांव निवासी नीतू ने बताया कि बीते रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे हरिहर नगर के रहने वाले बिल्डर अपने साथियों के साथ उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करते हुए बाउंड्रीवाल का निर्माण करने लगा। विरोध करने पर आरोपितों ने नीतू को घेरकर मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे उसके भाई उदय प्रताप, रामसागर, रामगोपाल व माधौ प्रसाद तथा पत्नी गुड़िया, रेनू और सुनीता के साथ मारपीट की। आरोप है कि सभी ने डंडों से पीटते हुए गाली–गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर दी और पीड़ित पक्ष ने थाने में लिखित शिकायत भी की। आरोप है कि पुलिस ने पीड़िता की न सुनी और आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। बुधवार को पीड़िता परिवार के साथ एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह से मिली। पीड़िता ने पूरे मामले की जानकारी एसीपी को दी। इसके बाद एसीपी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।

### रास्ते से निकलने के विवाद में पथराव

**लखनऊ।** सआदतगंज थाना क्षेत्र में रास्ते से निकलने को लेकर हुए विवाद में दो पक्ष भिड़ गए। दबंगों ने घर पर पथराव कर दिया। दूसरी तरफ झगड़े का बीच–बचाव करने आए सैलून की दुकान के संचालक को भी पीट दिया। सआदतगंज यासीनगंज नेवातीटोला निवासी मोहम्मद फैसल ने बताया कि मंगलवार सुबह रामनगर निवासी अल्ताफ, राजा, अलीम, कैफ, मारूफ और उसके साथियों ने घर के सामने गाली–गलौज की। विरोध पर आरोपितों ने पीड़ति के घर पर पथराव किया। स्थानीय लोगों ने मामला शांत कराया। थाना प्रभारी संतोष आर्य ने बताया कि रास्ते से निकलने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद है। वहीं यासीनगंज रामनगर निवासी आफताब आलम की इलाके सैलून की दुकान है। पीड़ति के मुताबिक मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे मुन्ना, वली व उनके साथियों ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की। विरोध पर आरोपितों ने पीड़ति को पीट दिया। पुलिस ने बताया कि पूर्व में विवाद के दौरान पीड़ति ने बीच–बचाव किया था। दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# प्रेमिका ने प्रेमी को बुलाकर कराई हत्या

## आत्महत्या दिखाने के लिए पेड़ पर लटकाया शव, साढ़े छह माह बाद कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज

- रहीमाबाद थाना क्षेत्र का मामला, कॉल डिटेल से खुलेगा हत्या का राज




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रहीमाबाद, (लखनऊ)।** रहीमाबाद में प्रेमिका संतोषी ने अपने भाई और पिता के साथ मिलकर अपने प्रेमी अशोक की हत्या कर दी। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए उन्होंने शव को आम के पेड़ पर लटकाया। पिता प्रभू दयाल ने कोर्ट में शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। जांच जारी है।

जानकारी के मुताबिक, प्रेमिका ने अपने प्रेमी को फोन कर बुलाया और अपने भाई व पिता के साथ मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए तीनों ने शव को गांव के बाहर आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका दिया। करीब साढ़े छह माह बाद कोर्ट के आदेश पर रहीमाबाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

मृतक अशोक कुमार के पिता प्रभू दयाल रैदास, निवासी ग्राम ढिकुन्नी, थाना अतरौली, जिला हरदोई ने बताया कि उनका बेटा अशोक नोएडा में ट्रैक्टर चालक था। एक सितंबर को अशोक नोएडा से घर वापस लौटा था। दो सितंबर को वह रहीमाबाद के महिमा खेड़ा मजरा मुड़ियारा जाने की बात कहकर घर से निकला था।

आरोप है कि प्रेमिका संतोषी उर्फ प्रिया ने अशोक को गांव में ढोल बजाकर हो रहे मेले में देखने के बहाने बुलाया था। देर रात संतोषी उसे अपने घर ले गई जहां पहले से घात लगाए बैठे उसके भाई लालजीत और पिता राजेंद्र कुमार ने मिलकर गला दबाकर अशोक की हत्या कर दी। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए तीनों आरोपियों ने शव को गांव से करीब सौ मीटर दूर आम के पेड़ की डाल पर रस्सी के सहारे लटका दिया।

तीन सितंबर को ग्रामीणों ने शव लटकता देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता प्रभू दयाल का आरोप है कि पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज नहीं की जिसके बाद उन्होंने न्याय के लिए कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर बुधवार को प्रेमिका संतोषी उर्फ प्रिया, उसके भाई लालजीत और पिता राजेंद्र कुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।

पिता प्रभू दयाल का शक इसलिए और गहरा हो गया था क्योंकि अशोक के पैर के नाखूनों से खून निकल रहा था और शरीर पर चोट के निशान भी मिले थे। इसके अलावा मौके पर शव के पास एक बाइक खड़ी थी और एक कीपैड मोबाइल फोन टूटा हुआ पड़ा था जो हत्या की ओर इशारा कर रहा था। इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि यह घटना करीब साढ़े छह माह पुरानी है। अशोक, संतोषी और कई अन्य संबंधित लोगों के मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल निकलवाई जाएगी जिससे हत्या का पूरा राज उजागर हो सके। उन्होंने बताया कि अशोक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट हैंगिंग आई थी। मामले की गहनता से जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### रहीमाबाद में 19 साल का युवक फांसी पर लटका



**रहीमाबाद।** लखनऊ के रहीमाबाद थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान अजय गौतम (उम्र 18 वर्ष) पुत्र वीरेंद्र गौतम के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार, अजय गौतम ने अपने घर में बने कमरे के अंदर कुंडे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना उस समय उजागर हुई जब परिजन किसी काम से कमरे में पहुंचे और अजय को फंदे से लटका देखा। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए और घर में चीख–पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि अजय गुरुग्राम में गमलों से जुड़ा काम करता था। होली के बाद ही अपने गांव वापस लौटा था। परिवार को उससे किसी भी प्रकार की परेशानी या तनाव की जानकारी नहीं थी जिससे यह घटना के कारण की जानकारी नहीं मिल पाई है। मृतक के परिवार में पिता वीरेंद्र गौतम, माता केतकी देवी के अलावा बड़ा भाई विजय (21 वर्ष) और छोटा भाई विमल गौतम (16 वर्ष) है। बेटे की अचानक मौत से मां केतकी देवी का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। फिलहाल युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि घटना के पीछे की असल वजह सामने आ सके।

### दुराचार के दो मामलों में दोषियों को कारावास और जुर्माना

**लखनऊ।** कमरा दिलाने के बहाने नाबालिग किशोरी को ब्लैकमेल कर दुराचार के आरोपी थाना माल के रनियामऊ निवासी सुरेंद्र कुमार गौतम को पाक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार उपाध्याय ने दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा से दंडित किया है। अदालत ने कहा है कि अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को प्रदान की जाएगी। इसी तरह ठाकुरगंज थाने के अहमदगंज निवासी रिजवान को विशेष न्यायाधीश कमरुज्जमा ने दुराचार के मामले में सात वर्ष की कैद व जुर्माने से दंडित किया है। कोर्ट ने जुर्माने की पूरी राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

विशेष अधिवक्ता सुखेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट पीड़ति के पिता द्वारा 21 मार्च 2015 को थाना मड़ियांव में दर्ज कराई गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसकी नाबालिग बेटी 18 मार्च 2015 की रात लगभग 2:00 बजे कहीं चली गई। परिवार के लोगों ने काफी तलाशा लेकिन उसका कुछ नहीं पता लगा। पीड़ति ने घर में एक पत्र छोड़ा था जिसमें उसने जयपुर जाने की बात कही थी। पुलिस ने जब अभियुक्त के साथ पीड़ति को बरामद किया, तब उसने बताया कि पड़ोसी आरोपी सुरेंद्र कुमार गौतम ने उसे कमरा दिलाने के लिए बुलाया तथा बहला फुसला करके काकोरी ले गया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी तरह थाना ठाकुरगंज से संबंधित मुकदमे में अहमदगंज निवासी आरोपी रिजवान को विशेष न्यायाधीश मोहम्मद कमरुज्जमा खान ने सात वर्ष के कठोर कारावास एवं 18 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

## खतरनाक मांझे से बाइक सवार का चेहरा कटा, पत्नी का पैर टूटा, बेटी भी घायल

- हादसे के बाद लोग बनाने लगे वीडियो हादसे के बाद सड़क पर पड़े लोगों को अब्दुल्ला व कई अन्य राहगीरों ने उठाया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** हाईकोर्ट और मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी पुलिस-प्रशासन खतरनाक मांझे की बिक्री और प्रयोग पर प्रतिबंध नहीं लगा पा रहा है। इस वजह से बुधवार शाम पुरनिया फ्लाईओवर पर एक और हादसा हो गया। खतरनाक मांझे की रगड़ से मड़ियांव के केशवनगर निवासी बाइक सवार नवमी लाल उर्फ राम नयन का गला और चेहरा कट गया। हादसे के बाद अनियंत्रित हुई बाइक पलट गई जिससे उनकी पत्नी का पैर टूट गया और बेटी भी घायल हो गई। राहगीरों की मदद से तीनों को ई-रिक्शा से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नवमी लाल उर्फ राम नयन प्राइवेट काम करते हैं।

शाम को वह पत्नी और बेटी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इस बीच पुरनिया फ्लाईओवर पर एकाएक मांझा उनकी गर्दन में उलझ गया। खिंचाव से गले और चेहरे पर कट लग गया। गले से खून निकलने लगा। बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में राम नयन के साथ ही उनकी पत्नी और बेटी भी घायल हो गईं। पत्नी का पैर टूट गया। चीख पुकार सुनकर दौड़े राहगीर अब्दुला व अन्य ने आनन-फानन में तीनों को उठाया। खून रोकने के लिए रामनयन के गले में गमछा बांधा। गिरने से घुटने छिल गए थे। उनमें घाव हो गया था। दुपट्टे से घुटने बांधे। एक राहगीर रिक्शे को रोका। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। घायलों को ई-रिक्शे पर बैठाया। इस बीच अलीगंज पुलिस भी आ गई। राहगीर रामनयन, उनकी पत्नी और बेटी को लेकर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में रामनयन और उनकी पत्नी की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद लोग बनाने लगे वीडियो हादसे के बाद सड़क पर पड़े लोगों को अब्दुल्ला व कई अन्य राहगीरों ने उठाया। उन्हें गोद में उठाकर ई-रिक्शा पर बैठाया। वहीं, अन्य लोग खड़े हुए वीडियो बना रहे थे। हादसे के कारण पुरनिया पुल पर जाम लग गया था। सड़क पर खून फैला था। इंस्पेक्टर अलीगंज अशोक सोनकर ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया है। अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। खतरनाक मांझा बांधकर पतंग उड़ाने वाले के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। रामनयन ने बताया कि वह बेटी की किताबें लेकर बाजार से लौट रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए।

### पार्किंग विवाद में महिला एजीएम व एफसीआई अधिकारी से मारपीट

- व्यापारी ने गाली–गलौज करते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर दंपति पर हमला कर दिया

**लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर-6 स्थित सर्व सिद्धि विनायक कॉलोनी में पार्किंग को लेकर चल रहा विवाद सोमवार रात हिंसक हो गया। पड़ोस में टेडर्स का काम करने वाले एक व्यापारी ने महिला एजीएम और उनके एफसीआई अधिकारी पति के साथ मारपीट की। पीड़ित पंकज कुमार मौर्य एफसीआई में मैनेजर हैं जबकि उनकी पत्नी नीलम कुशवाहा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में एजीएम पद पर कार्यरत हैं। वह अपने बच्चों के साथ वृंदावन में रहती हैं। बताया गया है कि उक्त व्यापारी अक्सर रास्ते में ट्रैक्टर व अन्य वाहन खड़े कर देता है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है।

इस बात को लेकर पहले भी विवाद हो चुका है। सोमवार रात दंपत्ति अपने बच्चों के साथ घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में एक वाहन तिरछा खड़ा मिला। इसका विरोध करने पर कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि व्यापारी ने गाली-गलौज करते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर दंपत्ति पर हमला कर दिया। घटना में दंपत्ति को चोटें आईं जबकि बच्चे सहम गए। मंगलवार को पीड़ित पक्ष ने पीजीआई थाने में सीसीटीवी फुटेज के साथ तहरीर दी है। तेलीबाग चौकी प्रभारी दिनकर वर्मा के अनुसार, तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों का प्रदर्शन

## यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन और रोहित एक्ट की उठाई मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**




**लखनऊ।** लखनऊ में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन को लागू करने और रोहित एक्ट के निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने डीएम कार्यालय तक मार्च निकाला और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। छात्रों का आरोप है कि उनकी मांगों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन को लागू करने और रोहित एक्ट के निर्माण की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। बुधवार को बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 पर एकत्र हुए जहां से उन्होंने जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय तक मार्च निकाला। इस दौरान छात्रों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और सरकार से जल्द निर्णय लेने की अपील की। प्रदर्शन के चलते प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मार्च के दौरान पुलिस की बोलेरो गाड़ियां भी छात्रों के साथ-साथ चलती रहीं ताकि हालात पर लगातार नजर रखी जा सके और व्यवस्था बनी रहे। छात्रों का कहना है कि यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन को लागू करने से विश्वविद्यालयों में समानता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, वहीं रोहित एक्ट के बनने से छात्रों के अधिकारों की रक्षा हो सकेगी। उनका आरोप है कि लंबे समय से इन मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे छात्र समुदाय में असंतोष बढ़ रहा है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन को और व्यापक रूप देंगे। उन्होंने प्रशासन से बातचीत के जरिए समाधान निकालने की भी मांग की ताकि छात्रों की समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके।

# हिन्दी–अंग्रेज़ी के संग मिल रहे उर्दू किताबों को खरीदार

## रवीन्द्रालय चारबाग में लखनऊ पुस्तक मेला : छठा दिन




- अफसाना लिख रहा हूं सहित पुस्तकों का विमोचन और काव्य की गूंज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** रवीन्द्रालय चारबाग में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में हिन्दी और अंग्रेजी किताबों के साथ यहां उर्दू में भी पुस्तकें खूब हैं। नवाबी शहर के लोगों को उर्दू किताबें भी लुभा रही हैं।

मेले में विलायत पब्लिकेशन की ज्यादा मांग वाली किताबों में उर्दू और अंग्रेजी में प्रकाशित दि स्टेटस आफ वुमेन में इस्लामी दृष्टिकोण से स्त्री की विवेचना की गयी है। स्टाल धारक रियाज हैदर बताते हैं कि उर्दू में छपी सैयद मोहम्मद तबा तबाई की लिखी किताब इस्लाम और आज का इंसान भी पसंद की जा रही है। उर्दू के साथ हिन्दी में छपी सैयद अली खामेनई की दो सौ पचास साला इंसान की भी मांग है। इस्लामी साहित्य के संग ही कुछ किताबें अमजद अली शाह जैसे अवध के नवाबों पर भी हैं।

नेशनल बुक ट्रस्ट के स्टाल पर उर्दू में मध्यकालीन भारत, जैसी तथ्यपरक किताबों के साथ ही ग़ालिब, फिराक गोरखपुरी, बलराज साहनी, साहिर लुधियानवी और नेहरू सुभाष चन्द्र बोस जैसी कई राजनीतिक हस्तियों पर किताबें हैं। ग्रीन पाम के स्टाल पर उर्दू में उपनिवेशवाद का इतिहास विषय पर 12 पुस्तकों का सेट खास है। डा.राखी बख्शी और मनीष शुक्ल द्वारा सम्पादित पुस्तक अफसाना लिख रहा हूं का विमोचन पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक अनुपमा जायसवाल ने राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीशचंद्र मिश्र, उप्र संगीत नाटक अकादमी की उपाध्यक्ष विभा सिंह और पत्रकारिता विभाग लविवि के अध्यक्ष प्रो.सौरभ मालवीय व श्रीधर अग्निहोत्री की उपस्थिति में किया।

शिल्पायन द्वारा प्रकाशित और फिल्मी पृष्ठभूमि पर लिखी पुस्तक के अलका प्रमोद के संचालन में चले समारोह में वक्ताओं ने किताब की खूबियों के बारे में बताया। इससे पहले दिन में साहित्य वीथिका की मंजूषा श्रीवास्तव मृदुल के संयोजन, मंजूषा श्रीवास्तव मृदुल के संयोजन और राजेश मेहरोत्रा राज के संचालन में काव्यगोष्टी हुई। यहां डा.शोभा दीक्षित 'भावना, डा.अर्चना श्रीवास्तव, हरीशचंद्र निशांत व चन्द्रदेव दीक्षित जैसे अतिथियों की उपस्थिति में प्रतिभा गुप्ता, निशा नवल, मीनाक्षी पीयूष, पूजा श्रीवास्तव, श्वेता श्रीवास्तव, शालिनी सिन्हा, आलोक रावत आहत, जितेंद्र पाल सिंह दीप, संदीपिका दीक्षित, वर्षा श्रीवास्तव, कौसर रिज़वी और ज्योति किरन रतन ने रचना पाठ किया। इसी क्रम में नवसृजन के तत्वावधान में पुष्पा गुप्ता दोसर के लघुकथा संग्रह चित चिन्मय व कविता संग्रह भावांजलि अतरंग गूंज के साथ ही अनिल किशोर शुक्ल की कृति मेरे अष्टपदी अगीत का विमोचन हुआ।

चन्द्रपाल सिंह चंद्र की वाणी वंदना के बाद प्रो.उषा सिन्हा की अध्यक्षता, डा.सुधा मिश्रा के संचालन और डा.योगेश के संयोजन में अतिथियों सुल्तान शाकिर हाशमी व नरेंद्र भूषण के साथ ही मंजू सक्सेना और त्रिवेणी प्रसाद दुबे मनीष ने कृतियों पर विचार रखे। कार्यक्रम में देवेश द्विवेदी देवेश तथा मनु वाजपेयी का सहयोग रहा। शाम को मीर तकी मीर फाउंडेशन का मुशायरा हुआ।

**आज के कार्यक्रम 19 मार्च**

- पूर्वाह्न 11:00 बजे – कार्यक्रम–उत्कर्ष
- शाम 5: 00 बजे अवधी व्यंजन उत्सव
- शाम 5:30 बजे काव्य समारोह–सुमन दुबे
- शाम 5:30 बजे कृति और कृतिकार
- शाम 7:30 बजे काव्य गोष्ठी–अजल फाउंडेशन



## एक नजर

### विकास खंड हलिया में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड सभागार राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत विकास खंड स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार कोई शुभारंभ खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रत्येक ग्राम पंचायत से पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव प्रतिभाग किया प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को पीएफएमएस,ई-ग्राम स्वराज एवं जेम पोर्टल के प्रभावी संचालन एवं उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान करना है, ताकि ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं का पारदर्शी एवं सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर पंचायती राज विभाग से आए प्रशिक्षकों डॉ. पीयूष मणि मौर्य, श्यामधर, रंजना एवं दीपांशी मिश्रा कृद्वारा प्रतिभागियों को पोर्टल के विभिन्न तकनीकी पहलुओं, डेटा प्रविष्टि, रिपोर्टिंग प्रणाली एवं ऑनलाइन प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कमलेश कुमार , एडीओ (कृषि)नरेंद्र कानापुरिया , जेई (एमआई)विजय कुमार , सीएम फेलो गौरव सिंह , ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । और इससे शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सकेगा।कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त जानकारी को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्राम प्रधान आयत्री प्रसाद सहित ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण का हुआ समापन



**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव स्थित कनौठी आश्रम पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग दो दिवसीय का समापन हुआ है समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया व मुख्य वक्ता गंगा सागर दुबे व राजेश सिंह हिन्द रहे । समापन प्रशिक्षण वर्गों में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने कहा की यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, और जनसेवा के विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठन के मूल सिद्धांतों, सेवा भाव, राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और जनसंपर्क के प्रभावी तरीकों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया इन प्रशिक्षण वर्गों का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की नीति, विचारधारा और कार्यशैली को समझने का अवसर प्रदान करना है, ताकि वे समाज में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। वक्ताओं ने बताया कि संगठन की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है प्रशिक्षण की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी ने किया इस दौरान पंकज सिंह चंदेल,योगेश दुबे, नीरज सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, अवधेश पाल, मंतोष अग्रहरी, अंशु मिश्रा, सुनील दुबे, गौरी शंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

### नवरात्रि के मद्देनजर गड़बड़ा धाम में तैयारियां पूर्ण

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम बुधवार की मध्य रात्रि से शुरू हो रहे नवरात्रि के प्रथम दिन दर्शन पूजन कलश स्थापना के लिये भक्त जल ले कर पूजन पाठ करेंगे । नवरात्रि पर लगने वाले मेले में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। गड़बड़ा धाम में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा सेमरा मोड़ तथा गलरा हनुमान मंदिर के पास तथा एक मंदिर के दक्षिण तरफ बैरियर लगा कर मेला भीड़ को नियंत्रित किया जाएगा।थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हलिया के अलावा ड्रमंडगंज थानाध्यक्ष तथा 13 कांस्टेबल एवं 5 महिला पुलिस तथा एक फायर ब्रिगेड तथा एक प्लाटून पीएसी तथा मेला प्रभारी के रूप में एसआई श्याम लाल की तैनाती किया गया है। एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि 32 सफाई कर्मियों की ड्यूटी दो शिफ्ट में लगाई गई है। पानी टैंकर व साफ सफाई पूरे नवरात्रि में चलेगा।

### प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार के उपलब्धियों को गिनाया

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में बुधवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सरकार का सफलता पूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने पर जनप्रतिनिधियों व ग्राम प्रधान ,आंगनवाड़ी, आशा, सचिव आदि सहित कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार की उपलब्धियों एवं सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश सरकार का नौ वर्ष पुर्ण होने पर समन्वय कार्यक्रम कर सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुचाया जाना है। इस मौके पर पशु चिकित्साधिकारी कमलेश कुमार, सीएम फेलो गौरव सिंह,एडीओ एजी नरेंद्र कानपुरिया, जेई एम आई विजय कुमार,भटवारी प्रधान राजेश मौर्य, थोथा प्रधान राजेश यादव, मझिगवा प्रधान भूपेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**प्रतापगढ़।** जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना मान्धाता पुलिस टीम ने क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया।थाना मान्धाता क्षेत्र में भ्रमण के दौरान टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपनी समस्याएं सामने रखने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस हेल्पलाइन 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102/108 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके अलावा टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी दी और किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने की अपील की। इस दौरान उपस्थित महिलाओं से उनकी समस्याएं भी सुनी गईं और समाधान का आश्वासन दिया गया।

# बैल पर आरूढ़ होकर भक्तों को शैलपुत्री के स्वरूप में दर्शन देंगी मां कल्याणी

## नौ दिवसीय वासंतिक नवरात्र महोत्सव का हुआ शुभारम्भ, 19 से 27 मार्च तक होगा 54वां श्री राम कथा का आयोजन

**प्रयागराज।** शक्तिपीठ मां कल्याणी देवी जी के मंदिर में मां कल्याणी देवी की महामंत्री श्यामजी पाठक ने विधि विधान पूर्वक अभिषेक पूजन के साथ प्रातः पांच बजे मंगला आरती कर प्रारम्भ किया।

उन्होंने कहा कि नौ दिवसीय वासंतिक नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन वैदिक ब्राह्मणों द्वारा शत चंडी महायज्ञ प्रातः 8 से 11 बजे तक एवं अपराह्नस चार से 6:30 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नव संवत्सर प्रतिपदा गुरुवार को मां कल्याणी देवी जी का श्रृंगार दर्शन शाम छह बजे से रात 12 बजे तक भक्तों को प्राप्त होगा। मंदिर के अध्यक्ष पंडित सुशील कुमार पाठक ने बताया कि वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिवस पर मां कल्याणी देवी



शैलपुत्री के स्वरूप में बैल पर आरूढ़ होकर और अपने हाथों में त्रिशूल एवं पुष्प कमल धारण कर अनेक प्रकार के आभूषणों एवं विविध प्रकार के पुष्पों से सुसज्जित होकर चांदी एवं चंदन की महल में विराजेंगी और भक्तों को दर्शन देंगीं।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि शाम सात बजे मां कल्याणी देवी जी की महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात कल्याणी देवी धाम के पास स्थित पार्क में नौ दिनों तक चलने वाली 54वां संगीतमय श्री राम कथा का शुभारम्भ किया जाएगा। इस अवसर प्रखर राष्ट्र चिंतक डॉक्टर अनिरुद्ध जी महाराज वृंदावन के द्वारा रात 11 बजे तक भक्तों को राम कथा का अमृतपान प्राप्त होगा।

### वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार गैंगस्टर एक्ट से जुड़ा मामला

**प्रतापगढ।** थाना कंधई पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट से जुड़े एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक रज्जन राव अपनी टीम के साथ क्षेत्र में मौजूद थे, तभी मुखबिर की सूचना पर ग्राम रखहा निवासी राजीव सिंह (40) को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मु0नं0 149/2018, धारा 2/3 उ.प्र. गैंगस्टर एक्ट थाना कोतवाली नगर में दर्ज है, जिसमें वह लंबे समय से वांछित चल रहा था। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रज्जन राव के साथ हेड कांस्टेबल राजेश प्रसाद व हेड कांस्टेबल ऋषिकेश तिवारी की अहम भूमिका रही।

# स्वयंसेवकों ने महाप्रभु के आश्रम परिसर में सेवा कार्य एवं शुद्धता का दिया संदेश

विश्ववार्ता संवाददाता

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चतुर्थ एकदिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ माधवी शुक्ला के मार्गदर्शन में आचार्य मंदिर परिसर में महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के विचारों को आत्मसात करते हुए स्वच्छता एवं सेवा कार्य द्वारा समाज को शुद्धता का संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने भक्ति आंदोलन में महाप्रभु वल्लभाचार्य के योगदान एवं शुद्धाद्वैत के विचारों की प्रासंगिकता को स्वयंसेवकों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर



डॉ दीप नारायण ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता, सेवा कार्य के महत्व को सामाजिक, धार्मिक तथा नैतिक आदर्शों पर चलने के लिये प्रेरित किया।

साथ ही आस-पास के कूड़े-कचरों को साफ सफाई करके स्वच्छता कार्य किया गया। उक्त अवसर पर कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने स्वच्छता एवं महाप्रभु की बैठक के महत्व को समझा। कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन एवं संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विद्या सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

● स्टेडियम रेड बना चैंपियन

विश्ववार्ता संवाददाता

**प्रतापगढ़।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय जनपद स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 6 टीमों ने भाग लिया।प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच वेलोसिटी फुटबॉल एकेडमी और प्रतापगढ़ फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया, जिसमें वेलोसिटी ने 4-0 से जीत दर्ज की। टीम की ओर से राजेश कुमार और मोहम्मद समीर ने दो-दो गोल किए।दूसरे मुकाबले में मल्हूपुर मांधाता और रामनगर लालगंज के बीच कड़े संघर्ष के बाद रामनगर लालगंज ने 2-1 से जीत हासिल की। इस मैच में



लव कुश कोरी ने दोनों गोल दागे।पहले सेमीफाइनल में स्टेडियम रेड ने वेलोसिटी फुटबॉल क्लब को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टीम की ओर से आदिल और नारायण ने एक-एक गोल किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में रामनगर लालगंज ने स्टेडियम ब्लू को 1-0 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई, जिसमें लव कुश ने निर्णायक गोल किया।फाइनल मुकाबला स्टेडियम रेड और रामनगर लालगंज के बीच बेहद रोमांचक रहा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में स्टेडियम रेड ने 3-1 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।समापन अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक की भूमिका रोमी विकास जिगर, आर्यन, फुटबॉल कोच बुद्ध प्रकाश एवं खेल अध्यापक अजय कुमार ने निभाई। इस अवसर पर रामअंजोर, जेपी यादव, लवली मिश्रा, निखिल राणा, श्याम कनौजिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तेजस वैश्य ने किया।

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुंडा पुलिस को सफलता मिली है। थाना कुंडा क्षेत्र में पुलिस टीम ने एक महिला को 10 लीटर नाजायज देशी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देश पर अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुंडा पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ग्राम काजीपुर महराजगंज सड़क के पास संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 10 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब बरामद हुई।गिरफ्तार महिला की पहचान रीता देवी (42) पत्नी पप्पू सरोज, निवासी ग्राम काजीपुर महराजगंज, थाना कुंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूरे, प्रतापगढ़ में सजीव प्रसारण के साथ लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार के "नवनिर्माण के 9 वर्ष" पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को लोकभवन लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का जनपद मुख्यालय स्थित विकास भवन सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, आम नागरिकों एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम को देखा और सरकार की उपलब्धियों से अवगत हुए।

कार्यक्रम में सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, प्रभारी जिला विकास अधिकारी संतोष कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रदेश में कानून-व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे, कृषि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं तकनीक आधारित सुशासन के क्षेत्र में व्यापक बदलाव हुआ है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब व जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को 1 लाख रुपये की



सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही सांस्कृतिक और पर्यटन क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है।भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश की पहचान अपराध और अराजकता से जुड़ी थी, जबकि अब उत्तर प्रदेश विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ते हुए "उत्तम प्रदेश" के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने "एक जनपद एक उत्पाद" योजना को आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बताया। वहीं विधायक जीत लाल पटेल ने सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं देते हुए विकास कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं सामग्री का वितरण किया गया। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के स्वीकृति पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) के तहत लैपटॉप, वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र, कस्टम हायरिंग सेंटर की चाबी, पीएम कुसुम योजना के सोलर पंप प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 10 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रमाण पत्र, मशरूम प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों के प्रमाण पत्र तथा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत पावर ट्रिलर की चाबियां शामिल रहीं।

इसके अतिरिक्त महाकुंभ मेले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड्स को भी सम्मानित किया गया।परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने बताया कि 18 मार्च से 26 मार्च तक जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 23 से 25 मार्च तक तुलसी सदन (हादीहाल) में वृहद कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों, लाभार्थियों एवं आमजन की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### एलपीजी सिलेंडर की किल्लत व महंगाई के खिलाफ सपा महिला सभा का प्रदर्शन



**प्रतापगढ़।** समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष श्रीमती शांति सिंह के नेतृत्व में बुधवार को बढ़ते एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम और आपूर्ति में किल्लत के विरोध में पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी कार्यालय से अम्बेडकर चौराहा तक मार्च करते हुए विरोध जताया और भारत की राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष शांति सिंह ने कहा कि प्रदेश सहित पूरे देश में एलपीजी सिलेंडर की कमी से आम जनता परेशान है। गैस एजेंसियों पर महिलाओं को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कालाबाजारी चरम पर है और बिचौलिए ऊंचे दामों पर सिलेंडर उपलब्ध करा रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी का शुल्क लेने के बावजूद समय पर गैस आपूर्ति नहीं की जा रही है। महिला सभा ने बढ़े हुए गैस सिलेंडर के दाम तत्काल वापस लेने, कालाबाजारी पर रोक लगाने और आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की।इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी महंगाई को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आम जनमानस लगातार बढ़ती कीमतों से त्रस्त है।प्रदर्शन में सपा नेत्री ज्योत्सना सिंह, जिला महासचिव राजकुमारी सरोज, लालमती देवी, रानी जायसवाल, पूजा मौर्या, गीता देवी, निशा, राजेश्वरी यादव, अनीता कोरी, मीना कुशवाहा, विमला पाल, भानुमति पटेल, लालती देवी, अब्दुल कादिर जिलानी, मनीष पाल, अश्वनी सोनी, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, सराफत उल्ला, डॉ. रामबहादुर पटेल, वकार अहमद, तौहीद आलम, बबलू गौतम, फैजान अहमद, रईस अहमद सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जैव उर्वरक-सतत कृषि व औद्योगिक स्टार्टअप की कुंजी: प्रो. ऋचा टंडन



**प्रयागराज।** जैव उर्वरक सतत व टिकाऊ कृषि के लिए एक प्रमुख घटक हैं जो मिट्टी की उर्वरता व फसल की उत्पादकता को रासायनिक उर्वरकों के बिना बढ़ाते हैं। यह बातें ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज प्रयागराज में वनस्पति विज्ञान विभाग व आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में एस. एस. खन्ना गर्ल्स पीजी कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ऋचा टंडन ने कही। बुधवार को आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि ने कहा कि जैव उर्वरक सूक्ष्म जीवों जैसे कवक, बैक्टीरिया, शैवाल आदि से बने होते हैं। बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने में जैव उर्वरकों का महत्वपूर्ण स्थान है। ये लगभग 20–30 प्रतिशत तक की उत्पादकता को बढ़ाते हैं व पर्यावरण के अनुकूल भी हैं। भारत में जैविक खेती से अच्छा व्यवसाय शुरू हो गया है। इसके उपयोग से 150 प्रतिशत तक का रिर्टन मिल सकता है। इसमें उपयोग होने वाले कवक, शैवाल आदि की विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। महाविद्यालय के पीआरओ डॉ. मनोज कुमार दुबे ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आनन्द शंकर सिंह ने व स्वागत वनस्पति विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सरोज पाण्डेय तथा संचालन सोनाली शुक्ला ने किया। इस अवसर पर आईक्यूएसी की संयोजक प्रो. अनुजा सलूजा, विभागाध्यक्ष डॉ. जया त्रिपाठी, डॉ. राजेश वर्मा, अनु सरोज, डॉ. संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### जनसुनवाई में एसपी ने सुनीं फरियादें, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनन्दन राय भी मौजूद रहे।जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। एसपी ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी ली।उन्होंने संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित पक्ष को शीघ्र न्याय मिल सके।एसपी ने स्पष्ट किया कि हर प्रकरण का पारदर्शी और परिणामोन्मुख निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिससे आमजन का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो।

### प्रयागराज-पटना अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी का संचालन

**प्रयागराज।** रेल प्रशासन द्वारा चैत्र नवरात्री मेला विंध्याचल के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी 04112–04111 प्रयागराज–पटना–प्रयागराज अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि गाड़ी 04112 प्रयागराज से पटना अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी 19 मार्च से 02 अप्रैल तक (15 फेरे) तथा गाड़ी 04111 पटना से 19 मार्च से 02 अप्रैल तक (15 फेरे) चलेगी। पीआरओ ने बताया कि यह गाड़ी प्रयागराज से नैनी, मेजा रोड, मांडा रोड, विन्ध्याचल, मिर्जापुर, चुनार, पं दीनदयाल उपाध्याय, दिलदार नगर, बक्सर, रघुनाथ पुर, आरा, दानापुर होते हुए पटना पहुंचेगी और इसी रास्ते वापसी होगी। इस गाड़ी संरचना में 12 मेमू के डिब्बे होंगे।

### कुंडा में शस्त्र दुकानों का सघन निरीक्षण, अभिलेख व लाइसेंस की हुई जांच



**प्रतापगढ़।** कुंडा क्षेत्र में कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को उपजिलाधिकारी (SDM) कुंडा के साथ क्षेत्राधिकारी कुंडा श्री अमरनाथ गुप्ता ने शस्त्र (आर्म्स) की दुकानों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शस्त्र विक्रेताओं के अभिलेख, लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर तथा शस्त्रों के रख–रखाव की गहनता से जांच की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि शस्त्रों के क्रय–विक्रय में पारदर्शिता बनी रहे और नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके।अधिकारियों ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें और शासन द्वारा निर्धारित नियमों का कड़ाई से अनुपालन करें। साथ ही सख्त चेतावनी दी गई कि बिना वैध लाइसेंस के किसी भी प्रकार का शस्त्र विक्रय न किया जाए। इसके अतिरिक्त, अधिकारियों ने भी कहा कि यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नजर आती है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# कलेक्ट्रेट में अव्यवस्था पर जिलाधिकारी सख्त

## निरीक्षण में मिली खामियां, कर्मचारियों को चेतावनी, आज ही व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण कर कार्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई पटलों पर अव्यवस्था, गंदगी और पत्रावलियों के रख-रखाव में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई।डीएम ने नजारत, अंग्रेजी दफ्तर, जनसुनवाई कक्ष, एसडीएम कोर्ट, मुहाफिज खाना और एडीएम कोर्ट सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्थानों पर फाइलों का रख-रखाव अस्त-व्यस्त मिला और साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर उन्होंने नाजिर को चेतावनी दी, जबकि



डिप्टी नाजिर को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं उसी दिन दुरुस्त की जाएं, अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी।फौजदारी कार्यालय के अभिलेखागार में भी फाइलों की स्थिति खराब मिलने पर संबंधित कर्मचारी को कड़ी चेतावनी दी गई। वहीं एनएचआई कार्यालय में भी पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में बेतरतीब खड़े वाहनों पर भी डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने जिला होमगार्ड कमांडेंट को मौके पर बुलाकर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए और वाहनों को निर्धारित पार्किंग में खड़ा कराने पर जोर दिया। साथ ही होमगार्ड जवानों को अपने तैनाती स्थल पर मुस्तैदी से ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में कर्मचारियों के साथ बैठक कर डीएम ने कार्यप्रणाली में सुधार लाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी अपनी पत्रावलियों की पूरी जानकारी रखें और रिकॉर्ड व्यवस्थित रखें। साफ-सफाई को प्राथमिकता देने तथा लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से निस्तारित करने के भी निर्देश दिए गए।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) आदित्य प्रजापति व मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला कारागार प्रतापगढ़ बना सुधार व गुणवत्ता का मॉडल

## मिले तीन आईएसओ प्रमाणपत्र, प्रदेश की पहली जेल जहां स्थापित हुआ बायोमेडिकल वेस्ट डिस्पोजल सिस्टम

विश्ववार्ता संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला कारागार प्रतापगढ़ ने स्वच्छता, सुधार और आधुनिक सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए तीन आईएसओ प्रमाणपत्र प्राप्त किए हैं। ये प्रमाणपत्र दिल्ली की एक क्वालिटी रिसर्च संस्था द्वारा पिछले दो वर्षों में किए गए मूल्यांकन के बाद प्रदान किए गए हैं।जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि कारागार में स्वच्छता, हरित वातावरण और बंदियों के पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

परिसर में 263 पुराने वृक्षों का संरक्षण करते हुए 300 नए पौधे लगाए गए हैं। प्रत्येक बैरक और अन्य स्थानों पर डस्टबिन की व्यवस्था की गई है तथा नगर पालिका के सहयोग से प्रतिदिन कूड़ा निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है।जिला कारागार प्रतापगढ़ प्रदेश की पहली जेल



बन गई है जहां बायोमेडिकल वेस्ट डिस्पोजल सिस्टम स्थापित किया गया है। जेल अस्पताल में थर्ड पार्टी के माध्यम से मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण किया जा रहा है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ हुई है।बंदियों के पुनर्वास के लिए शिक्षा और कौशल विकास पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। शिवनादर फाउंडेशन के सहयोग से निरक्षर बंदियों के लिए साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसमें प्रोजेक्टर और डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही कंप्यूटर प्रशिक्षण देकर बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।सुरक्षा के दृष्टिगत जेल परिसर में 87 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हेल्थ एटीएम की स्थापना की गई है, जिससे विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श संभव हो पा रहा है। बंदियों की नियमित स्वास्थ्य जांच, जिसमें एचआईवी जांच भी शामिल है, कराई जाती है। भोजन व्यवस्था को आधुनिक बनाते हुए ऑटोमैटिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है और बागवानी के माध्यम से ताजी सब्जियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। बेहतर गुणवत्ता के चलते कारागार को एफएसएसएआई द्वारा "ईट राइट कैंपस 4 स्टार" प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त जेल में आंवला से बने उत्पाद "आंवलाकृति" ब्रांड के तहत तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें महाकुंभ प्रयागराज सहित विभिन्न आयोजनों में बिक्री के लिए भेजा गया है।

जेल प्रशासन ने बताया कि सुधार और नवाचार के इन प्रयासों को आगे भी जारी रखा जाएगा, ताकि जिला कारागार को एक आदर्श सुधारगृह के रूप में स्थापित किया जा सके।

## एक नजर

### 19 मार्च से शुरू होंगे चैत्र नवरात्रि, नौ दिनों तक चलेगा पूजन व व्रत



**गुरसहायगंज कन्नौज।** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व 19 मार्च से प्रारंभ होकर पूरे नौ दिनों तक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। नगर के प प्रेम सागर पाण्डेय ने बताया कि इस बार पूरे नौ दिन व्रत रखना अत्यंत शुभ और फलदायी रहेगा। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। नवरात्रि का शुभारंभ प्रात: काल कलश स्थापना के साथ होगा, जिसके बाद विधि-विधान से मां दुर्गा की आराधना की जाएगी। धार्मिक जानकारों के अनुसार प्रतिपदा तिथि से हिंदू नववर्ष का भी शुभारंभ माना जाता है, जिससे इस पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। नवरात्रि के नौवें दिन राम जन्मोत्सव, राम नवमी के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। वहीं 28 मार्च को दशमी तिथि पर हवन-पूजन और कन्या पूजन के साथ व्रत का समापन किया जाएगा। इस बार माता दुर्गा का आगमन विशेष योग में माना जा रहा है, जिसे शुभ संकेत के रूप में देखा जा रहा है। मान्यता है कि इससे अच्छी वर्षा, समृद्धि और सामाजिक सौहार्द में वृद्धि होगी। नवरात्रि को लेकर क्षेत्र के मंदिरों में विशेष तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिरों की साफ-सफाई, सजावट और भजन-कीर्तन के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर क्षेत्र में भक्ति का माहौल रहेगा और श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ मां दुर्गा की आराधना में लीन नजर आएंगे।

### ईद-उल-फितर त्योहार को लेकर ईओ ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश



**समधन, कन्नौज।** नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी ने नगर में चल रहे विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिये निर्माणाधीन नाला व सड़कों का निरीक्षण कर सख्त दिशा निर्देश दिये गये है। समधन नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बुधवार को नगर में निर्माणाधीन नाला व सीसी सड़कों की जमीनी हकीकत परखने के वाद ठेकेदारों को मौके पर जमकर फटकार लगाई उन्होंने कहा मानक व गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वाले ठेकेदार का भुगतान किसी कीमत पर नहीं किया जायेगा। इसके वाद गोरी नवादा ईदगाह व पछाई तरफ़ ईदगाह का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने ईद-उल-फितर त्योहार को लेकर सफाई कर्मचारियों को सख्त दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा लापरवाही किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि अयान हुसैन सिद्दीकी, लिपिक दीपक श्रीवास्तव, हनीफ अहमद, रफ़ी अहमद, सफाई नायक सुनील कुमार, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### मिठाई की दुकान पर छापा, खोया व दूध से बनी मिठाइयों के सैंपल लिए

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने क्षेत्र की एक मिठाई की मा मिष्ठान भंडार पर छापेमारी कर खोया और दूध से बनी विभिन्न मिठाइयों के सैंपल लिए। अचानक हुई इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, विभाग को मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। टीम ने दुकान पर रखे खोया, बर्फी, पेड़ा सहित अन्य दूध से बनी मिठाइयों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि ईद पर विशेष अवसरों पर मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है, ऐसे में मिलावट की आशंका भी बढ़ जाती है और उनहोंने ने कहा कि आम लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर इस तरह के अभियान चलाए जाते हैं। छापेमारी के दौरान दुकान में साफ-सफाई की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया और आवश्यक निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि जांच रिपोर्ट में मिलावट पाई जाती है, तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य मिठाई दुकानदारों में भी सतर्कता देखी जा रही है।

# ठठिया में राज्य मंत्री ने स्मृति प्रवेश द्वार का किया लोकार्पण

- बैडमिंटन कोर्ट के लिए स्वीकृत किए 15 लख रुपए
- विजय कनौजिया ने किया राज्य मंत्री का भव्य स्वागत





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गुरसहायगंज कन्नौज।** बैडमिंटन सहित अन्य खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री ने 15 लाख विधायक निधि ने से देने की घोषणा की इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को प्रोजेक्ट अलंकार के तहत सरकार द्वारा एक करोड़ 25 लाख रुपया अनुदान दिया जा रहा है जिसका प्रबंधक विद्यालय निर्माण कार्य में कराकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

यह बात प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री असीम अरुण ने कहीं बुधवार को स्वामी शिवानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ठठिया कन्नौज के संस्थापक स्वर्गीय तेज सिंह कनौजिया की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय के नव निर्मित पंडित गेंदनलाल द्विवेदी स्मृति प्रवेश द्वार एवं क्रीडा स्थल की बाउंड्री वाल का लोकार्पण फीता काटकर किया मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार विधायक असीम अरुण ने आगे कहा कि ठठिया में राष्ट्रीय स्तर के खेलो को बढ़ावा देने के लिए विधायक निधि 15 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा इसके अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है जिसमें 25% प्रबंधक स्वयं धन जमा करके सरकार से अनुदान ले सकते हैं यह राशि विधायक और सांसद निधि से भी दी जा सकती है कार्यक्रम के आयोजन विजय सिंह कनौजिया द्वारा भव्य आयोजित कार्यक्रम से गदगद होकर राज्य मंत्री ने अपने विधायक निधि से विद्यालय को 25% अलंकार योजना के अंतर्गत आने वाली जमा मैचिंग धन राशि स्वीकृत करने की भी घोषणा की। उन्होंने आगे कहा कि परिसर में मौजूद कुआं को सुंदर और सुसज्जित करने का काम किया जाएगा यहां पंप लगाकर साफ पानी देने का प्रयास रहेगा इस धरोहर को सुरक्षित रखने का प्रयास होगा कार्यक्रम के आयोजक विद्यालय प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने मुख्य अतिथि राज्य मंत्री असीम अरुण सहित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मंत्री ने जो कहा है उसको हर हाल में पूरा किया जाएगा विधायक निधि से मिलने के बाद उसमें और भी अधिक पैसा लगाकर कार्य को पूर्ण किया जाएगा।



इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश सुरेंद्र तिवारी जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज पप्पू सरोज विशेष सहयोगी विजय द्विवेदी रीता द्विवेदी निर्मल तिवारी अजय सिंह कनौजिया पूर्व प्रधानाचार्य वीना कनौजिया प्रधानाचार्य किशन कनौजिया शिव मोहन कुशवाहा अरुणिमा सिंह निशांत वर्मा अजातशत्रु सिंह कनौजिया प्रधानाचार्य राजीव कटियार अमित पटेल धीरज कनौजिया, आदित्य कुमार, विनीत अग्निहोत्री प्रधानाचार्य गुलाम अहमद, प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता, आनंद यादव, करतार सिंह, संजय दुबे के अलावा शिक्षक ग्राम वासी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण जनसमूह ने सुना

- उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतापूर्वक 9 वर्ष हुए पूर्ण
- गांधी सभागार में भव्य एवं गरिमा में कार्यक्रम आयोजित



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ से मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण उपस्थित जनसमूह द्वारा बड़े उत्साह एवं ध्यानपूर्वक देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने उपस्थित अधिकारियों एवं आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 9 दिनों तक जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना एवं उन्हें इन योजनाओं का लाभ दिलाना है।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, दिव्यांगजन कल्याण, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, हर घर नल जल योजना, आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विशेष रूप से किसानों, युवाओं एवं महिलाओं के हित में संचालित योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो लाभार्थी योजनाओं से आच्छादित हो चुके हैं, उनकी संतुष्टि सुनिश्चित की जाए तथा जो पात्र व्यक्ति अभी तक योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर पाए हैं, उन्हें चिन्हित कर शीघ्रता से लाभान्वित किया जाए। किसी भी पात्र लाभार्थी को योजनाओं से वंचित न रहने दिया जाए, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने सूचना विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता बढ़ाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रदर्शनी में लोगों योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में में जनगणना 2027 के प्रथम चरण हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (HLO) के अंतर्गत 16 से 18 मार्च तक फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण में आज अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण आगामी 22 मई से 20 जून तक प्रदेश में आयोजित होने वाले हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (HLO) के सफल संचालन के दृष्टिगत प्रदान किया गया। इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से कराई जा रही है, जो इस प्रक्रिया की एक महत्वपूर्ण नई पहल है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जनगणना ऐप के उपयोग पर विशेष जोर देते हुए उसका व्यावहारिक अभ्यास कराया गया, जिससे फील्ड में कार्य करते समय डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन अधिक सुगम एवं प्रभावी ढंग से किया जा सके। प्रतिभागियों को डेटा संग्रह, प्रविष्टि तथा सत्यापन की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया गया एवं कार्य की शुद्धता और समयसीमा के पालन के महत्व पर बल दिया गया।

इस दौरान जनगणना निदेशालय, लखनऊ से नामित जिला प्रभारी सुश्री अंशु साहू द्वारा स्व-गणना (Self Enumeration) की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत 7 मई से 21 मई तक यह सुविधा सभी के लिए उपलब्ध रहेगी। इस अवधि में नागरिक पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपना डेटा दर्ज कर सकेंगे तथा उन्हें एक Self Enumeration ID (SE ID) प्राप्त होगी। इस SE ID के माध्यम से संबंधित प्रगणक अपने मोबाइल ऐप पर उस डेटा को देख सकेंगे तथा आवश्यक सत्यापन के उपरांत उसे अंतिम रूप से सबमिट कर सकेंगे।

इस प्रशिक्षण सत्र में कुल 27 फील्ड ट्रेनर्स सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर्स सस्मित कुमार द्विवेदी एवं मृदुल मिश्रा द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी दोनों पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस फील्ड ट्रेनर्स को Field Visit कराया गया, जिससे उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में जनगणना कार्य को समझने और करने का अनुभव प्राप्त हो सके। जनपद में कुल 56 फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जाना प्रस्तावित है, जिनमें से शेष 29 फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण दिनांक 19, 20 एवं 23 मार्च को आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त फील्ड ट्रेनर्स आगे चलकर जनपद के लगभग 4243 पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को प्रशिक्षित करेंगे।

# पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास पर विस्फोट

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** जनपद का हृदय स्थल कहा जाने वाला नाला मच्छरट्टा इलाका उस वक्त दहल उठा, जब ब्रह्मदत्त द्विवेदी हत्याकांड में सजा काट रहे सपा के पूर्व विधायक विजय सिंह के पैतृक आवास पर एक भीषण धमाका हुआ। इस घटना ने न केवल स्थानीय निवासियों की नींद उड़ा दी है, बल्कि प्रदेश की सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस प्रशासन के कान भी खड़े कर दिए हैं। मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लखनऊ से बम निरोधक दस्ता और कानपुर से एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर डेरा डाल दिया है।

धमाके की सूचना मिलते ही पुलिस महानिरीक्षक हरिश्चंद्र स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे। उनके साथ पुलिस अधीक्षक आरती सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। डीआईजी ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और घर के एक-एक कोने की तलाशी ली।

मीडिया से रूबरू होते हुए डीआईजी ने कहा घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य और संदिग्ध नमूनों को एकत्र किया गया है। इन नमूनों को उच्च स्तरीय जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जब तक लैब की रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक धमाके के कारणों के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। चूंकि यह घर एक हाई-प्रोफाइल सजायाफ्ता अपराधी और पूर्व विधायक का है, इसलिए प्रशासन ने इसे महज एक सामान्य दुर्घटना मानकर टालने की गलती नहीं की।

लखनऊ से आई बम निरोधक टीम ने आधुनिक उपकरणों के जरिए यह जांचने की कोशिश की कि क्या वहां कोई और विस्फोटक सामग्री तो मौजूद नहीं है। टीम ने मलबे और दीवारों के पास से बारूद के अंश खोजने का प्रयास किया।

आतंकवाद निरोधक दस्ते की टीम ने मामले में 'टेरर एंगल' या किसी बड़ी साजिश की संभावना को देखते हुए तकनीकी साक्ष्य जुटाए। एटीएस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल टावर डंप डेटा की भी पड़ताल शुरू कर दी है। धमाका इतना जोरदार था कि इसकी गूँज काफी दूर तक सुनी गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। विजय सिंह का घर राजनीति और अपराध के इतिहास के कारण हमेशा से चर्चा में रहा है, ऐसे में इस धमाके ने लोगों के मन में पुरानी कड़वी यादें ताजा कर दी हैं। प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से पूरे इलाके को सील कर दिया है। भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। पुलिस की पीएसी टुकड़ियां गलियों में गश्त कर रही हैं ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।

## पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया शिवम वर्मा का स्वागत

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**गुरसहायगंज कन्नौज।** शासकीय सभासद शिवम राज वर्मा को शासन द्वारा मनोनीत किया गया है यह नियुक्ति नगर के युवा प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के तहत की गई है पालिका बोर्ड में युवाओं के आने से विकास में नई गति प्रदान हो सकेगी।

यह बात नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता के प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कही नगर के रेलवे रोड स्थित आवास पर आयोजित शासकीय सभासद शिवम राज वर्मा के स्वागत समारोह में उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं को विकास की बागडोर सौपी है, जिससे लगातार नगर क्षेत्र का विकास तेजी से किया जा रहा है। शिवम राज वर्मा का शासकीय सभासद बनना गुरसहायगंज में युवा भागीदारी का प्रतीक माना जा रहा है एक ऐसी आवाज है जो जमीन से उठकर नीति टेबल तक पहुंच रही है। शासकीय सभासद शिवम राज वर्मा को नगर के युवा सोशल मीडिया पर बधाई संदेश भी दे रहे हैं। इससे पहले पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने शासकीय सभासद शिवम राज वर्मा को फूल मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर शासकीय सभासद शिवम राज वर्मा ने कहा कि सरकार ने जो दायित्व सभासद का दिया है उसको ईमानदारी व लगन के साथ निर्वाह करूंगा पालिका अध्यक्ष के कंधे से कंधे मिलाकर विकास के कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करूंगा सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने का काम प्रमुखता से किया जाएगा। इसके अलावा नगर के गरीब लाचार वर्ग के लोगों को भी नगर पालिका परिषद कार्यालय से मिलने वाले सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का भी इमानदारी से काम किया जाएगा। इस मौके पर शासकीय सभासद चंदन चौरसिया राकेश कुशवाहा मुरारी कठेरिया किरण दुबे शासकीय सभासद मौजूद रहे।

## विद्युत चोरी में संलिप्त आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**गुरसहायगंज कन्नौज।** रामाश्रम विद्युत उपकेंद्र के विद्युत अधिकारियों व कर्मचारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत चोरी व अनियमिताओं के विरुद्ध अभियान चलाया तथा विद्युत चोरी में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई।

बुधवार को रामाश्रम विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अनिल राम की अगुवाई में विद्युत चोरी रोको अभियान के तहत शिकायत के आधार पर रामाश्रम, मलिकपुर, लालपुर आदि क्षेत्रों में विद्युत चोरी व अनियमितताओ के विरुद्ध उपभोक्ता चेकिंग रिपोर्ट भरकर खंड कार्यालय में राजस्व निर्धारण हेतु प्रेषित किया गया है तथा विद्युत चोरी में सलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में आठ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अवर अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील है कि विद्युत चोरी ना करें यदि परिसर पर विद्युत संयोजन नहीं है तो शीघ्र ही विद्युत संयोजन ले लें तथा जो बकायदार उपभोक्ता हैं अपना नियमित रूप से बिल जमा करें। ऐसे उपभोक्ता जो विद्युत बिल राहत योजना में अपना पंजीकरण कराए हैं तथा पूर्ण रूप से अपना शेष धनराशि जमा नहीं किए हैं वह अपना संपूर्ण बिल 31 मार्च 2026 से पहले जमा कर लें अन्यथा छूट की धनराशि पुनः बिल में जुड़ जाएगा जिससे उपभोक्ताओं को छुट का लाभ मिल पाना संभव नहीं होगा।

## नौ दिवसीय 'विकास प्रदर्शनी' का भव्य आगाज

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** जनपद के विकास को नई ऊंचाई देने और जन-जन तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज ऑफिसर्स क्लब में 'विकास की झलक जनकल्याण की दिशा नौ दिवसीय भव्य प्रदर्शनी एवं विकास मेले का शानदार शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी महंत ईश्वरीदास महाराज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

**डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों का जीवंत प्रदर्शन**

उद्घाटन के पश्चात अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जहाँ प्रदेश सरकार के 09 वर्षों और केंद्र सरकार के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को आकर्षक चित्रों और मॉडल्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। मेले में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं, जो न केवल योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं, बल्कि मौके पर ही पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कर उन्हें लाभान्वित भी कर रहे हैं। यह प्रदर्शनी 18 मार्च से 26 मार्च 2026 तक जनता के लिए खुली रहेगी। मेले की मुख्य विशेषताएं प्रतिदिन युवा, महिला, किसान और श्रमिक कल्याण पर विशेष गोष्ठियां और संवाद सत्र आयोजित होंगे।

स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान किया जाएगा, जिससे जनपद की गौरवशाली परंपराओं को बढ़ावा मिले।किसान सम्मेलन के माध्यम से गौ-सेवा के आर्थिक मॉडल, नस्ल सुधार और आधुनिक कृषि तकनीकों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मेले में 'ऋण मेला' और 'रोजगार मेला' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, स्टार्ट-अप और मुद्रा योजना जैसी योजनाओं के जरिए युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ा जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान कार्ड) के काउंटर भी लगाए गए हैं ताकि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को शासन की मंशा के अनुरूप लाभ मिल सके।

प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण 'एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत बना फूड कोर्ट है। यहाँ आगंतुक फर्रुखाबाद के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चख सकेंगे, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था और खान-पान की संस्कृति को मजबूती प्रदान करेगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव और विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि विगत वर्षों में फर्रुखाबाद ने विकास के हर मानक पर लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस मेले में आकर न केवल विकास कार्यों को देखें, बल्कि अपने बहुमूल्य सुझाव भी दें ताकि जनपद के भविष्य की रणनीति को और अधिक समावेशी बनाया जा सके।

**धार्मिक अनुष्ठान** — शीतला माता देवी मंदिर में मां के स्वागत के लिए सभी तैयारियां पूरी की गई

# शीतला माता मंदिर में नवरात्रि की धूम, सुबह 5 बजे से गूंजेंगे माता के जयकारे

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** वासंतिक नवरात्रि के पावन पर्व को लेकर जनपद के प्रमुख शक्तिपीठों में उत्साह का माहौल है। फर्रुखाबाद के बढ़पुर स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ बढ़पुर शीतला माता देवी मंदिर में मां के स्वागत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया है, जहाँ कल सुबह से ही भक्तों का रेला उमड़ने की उम्मीद है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सचिन कटियार ने तैयारियों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि नवरात्रि के प्रथम दिन विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रातः 5 बजेः मां शीतला की भव्य आरती की जाएगी। आरती के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना (घट स्थापना) का कार्यक्रम संपन्न होगा।विशेष हवन स्थापना के तुरंत बाद विश्व शांति और जन-कल्याण की कामना के साथ भव्य हवन का आयोजन किया जाएगा।

सिद्ध पीठ की सुंदरता इस बार देखते ही बन रही है। मंदिर कमेटी ने इस बार सजावट पर विशेष ध्यान दिया है। पूरे मंदिर परिसर को विदेशी और देशी सुगंधित फूलों से महकाया गया है। शाम होते ही मंदिर परिसर रंग-बिरंगी झालरों और एलईडी लाइटों की रोशनी से सराबोर हो उठता है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए यह दृश्य अलौकिक अनुभूति कराने वाला है बढ़पुर शीतला माता मंदिर की महिमा निराली है। मान्यता है कि यहाँ जो भी भक्त सच्चे मन से माता के दर्शन करता है, उसकी झोली कभी खाली नहीं रहती। वैसे तो नवरात्रि के नौ दिन यहाँ भक्तों का तांता लगा रहता है, लेकिन नवमी (महानवमी) के दिन यहाँ की भीड़ और श्रद्धा देखने लायक होती है। अध्यक्ष सचिन कटियार ने बताया नवमी के दिन श्रद्धालुओं की संख्या हजारों में पहुँच जाती है। इसे देखते हुए सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। बैरिकेडिंग और स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है ताकि किसी भी भक्त को असुविधा न हो। मंदिर कमेटी ने स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया है। मंदिर के हर कोने पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। गर्मी को देखते हुए भक्तों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। बढ़पुर का यह शीतला माता मंदिर जनपद के सबसे प्राचीन और जाग्रत देवस्थानों में से एक माना जाता है। यहाँ माता शीतला की प्रतिमा अत्यंत सौम्य और कल्याणकारी मुद्रा में है। नवरात्रि के दौरान यहाँ मां के नौ स्वरूपों की विशेष पूजा-अर्चना क्षेत्र के वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना देती है। कल से शुरू होने वाले इस नौ दिवसीय उत्सव के लिए न केवल बढ़पुर, बल्कि पूरे फर्रुखाबाद और आसपास के जिलों से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। मां के जयकारों से अब पूरा क्षेत्र गुंजायमान होने को तैयार है।

## कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला शांति समिति की बैठक संपन्न

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में चैत्र नवरात्रि, ईद-उल-फितर, रामनवमी एवं महावीर जयंती जैसे महत्वपूर्ण आगामी पर्वों के दृष्टिगत जिला शांति समिति की बैठक गरिमामय एवं सार्थक वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में सभी पर्व आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ परंपरागत ढंग से मनाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की नई या गैर-परंपरागत गतिविधियों से बचते हुए स्थापित परंपराओं का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रत्येक स्थान पर मुस्तैदी के साथ तैनात रहेंगे तथा किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि नगर क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत राज अधिकारी स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ रखें। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, पेयजल आपूर्ति समयबद्ध एवं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाए। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी आकस्मिक सेवाएं पूर्ण रूप से सक्रिय रहें। किसी भी परिस्थिति में प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बंद न हों तथा ओपीडी सेवाएं निर्धारित समय पर संचालित की जाएं। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा यदि कोई भ्रामक सूचना प्राप्त होती है तो उसकी सत्यता की पुष्टि कर उसका खंडन अवश्य करें।

## एक नजर

### एसडीएम, एसपी ने पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश



**उरई जालौन।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार ने अपर जिलाधिकारी व एस डीएम, सीओ एवं अभियोजन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में न्यायालयो में चल रहे अपराधिक वादों (गैंगस्टर एक्ट व महिला आपराधिक) वादों में प्रभावी पैरवी करते हुए अपराधियों को सजा दिलाने व लंबित मामलों में निस्तारण के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिए।

### बैंककर्मियों ने गरीब को बना दिया का गारंटर

**नरैनी।** तहसील क्षेत्र के पुकारी गांव निवासी जुगराज उर्फ कम्मा पुत्र जगन्नाथ ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र देकर बताया है कि वह कस्बे के बंधन बैंक शाखा लोन लेने गया था। बैंक कर्मियों ने सभी कागजात जमा करने के बाद अगले दिन आने को कहा। दूसरे दिन बैंक पहुंचने पर उसे बताया गया कि वह पहले से दो करोड़ रुपए के लोन में जमानतदार है। उसके बताने के बाद भी बैंक कर्मियों ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की। आरोप है कि बैंक कर्मचारी उपभोक्ताओं के साथ लगातार धोखाधड़ी करते हैं। कूटरचित अभिलेखों से उसे दो करोड़ रुपए का जमानतदार बना दिया। पीड़ित ने प्रकरण की जांच कराकर धोखाधड़ी करने वाले बैंक कर्मिंयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

### आज से होगा नौ दिवसीय श्रीकृष्ण रास महोत्सव

**अतर्रा।** कस्बे के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरा बाबा धाम में चौत्र नवरात्र पर नौ दिवसीय श्रीकृष्ण रास महोत्सव का आगाज होगा। मंच पर वृंदावन के कलाकार जीवंत प्रस्तुतियां देंगे। रात 8 से 11 बजे तक प्रतिदिन रास महोत्सव आयोजित होगा। श्रीकृष्ण रास महोत्सव समिति अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने बताया कि 9 दिनों तक लगातार वृंदावन के कलाकारों के माध्यम से श्रीकृष्ण रास महोत्सव के दौरान वृंदावन के कलाकार विभिन्न झांकियां प्रस्तुत करेंगे। धर्म से जुड़ी विभिन्न घटनाओं का कलाकारों के माध्यम से मंचन किया जाएगा। उन्होंने रास महोत्सव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। गौरतलब है कि गौरा बाबा धाम में श्रीकृष्ण रास महोत्सव पिछले कई वर्षों से आयोजित हो रहा है। कस्बा सहित आसपास के गांवों के हजारों श्रद्धालु लीला दर्शन करते हैं।

### संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 30 को

**बांदा।** संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 30 मार्च को आयुक्त सभागार में शाम पांच बजे आयोजित होगी। बैठक में नए परमिट आवेदन व नवीनीकरण समेत विभिन्न मामलों पर विचार किया जाएगा। संभागीय परिवहन अधिकारी सौरभ कुमार ने बताया कि बैठक में पिछले वर्ष 24 सितंबर को प्राधिकरण की आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा, अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर अनुज्ञा पत्रों की मार्ग प्रबंधन, परमिट हस्तांतरण तथा पृष्ठांकन के लिए प्राप्त आदेवन पत्रों, नए परमिट के आवेदन, परमिट के नवीनीकरण एवं अन्य तात्कालिक मामलों पर भी बैठक में विचार किया जाएगा। बताया कि नए परमिट के मामलों पर तभी विचार किया जाएगा, जब संबंधित जनपद के संभागीय निरीक्षक प्राविधिक या फिर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की वाहन तकनीकी निरीक्षण आख्या संलग्न होगी। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों से 23 मार्च तक अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए आनलाइन आवेदन शुल्क जमा कर आवेदन प्रस्तुत करने को कहा है। साथ ही प्राधिकरण बैठक के दौरान स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पिकअप-ट्रैक्टर की भिड़ंत में चालक की मौत

**बांदा।** पिकअप और ट्रैक्टर में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें पिकअप सवार चालक की मौत हो गई। बताया गया है कानपुर नगर के अजीतगंज टीपी नगर निवासी मोहम्मद उमर खान (47) पुत्र वाहिद खान बोलेरो पिकअप चलता था। वह मंगलवार की दोपहर पिकअप लेकर कर्वी से उरई जा रहा था। तभी बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे में जमालपुर के पास ट्रैक्टर से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे पिकअप चालक उमर की मौत हो गई। युवक के पास मिले मोबाइल नंबर पर घरवालों को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# अंतर्राज्यीय चोरी व टप्पेबाज गिरोह के छह सदस्यों को पुलिस ने दबोचा

## चोरों के पास बरामद हुआ 32 हजार नगद समेत 14.50 लाख का माल

» बांदा, चित्रकूट, मैहर, सतना जिलों में करते थे चोरी और टप्पेबाजी



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** जिला मुख्यालय समेत सीमावर्ती चित्रकूट समेत मध्य प्रदेश के मैहर, सतना व आसपास के अन्य जिलों में चोरी और ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए शहर कोतवाली और एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने अंतर्राज्यीय चोरी व टप्पेबाज गिरोह के चार महिलाओं समेत छह सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों के कब्जे से पुलिस ने 32 हजार रुपये नगद समेत 14.50 लाख रुपये का चोरी का माल और लग्जरी कार बरामद की। गिरफ्तार सभी आरोपी हरियाणा व राजस्थान के निवासी हैं। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद सभी को जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने को पुलिस लगातार अभियान चल रही है। लगभग दो माह पहले दो महिलाओं ने तिंदवारी थाना क्षेत्र निवासी उमा पत्नी कमल के शादी में जाते समय रिक्शे से जेवरात से भरा पर्स पार कर दिया। इसके बाद 20 फरवरी को हमीरपुर जिले के मौदहा थाना क्षेत्र निवासी रिंशू सिंह पत्नी शोभित के संकट मोचन मंदिर के पास ऑटो से चार महिलाओं ने बैग से जेवरात निकाल कर फरार हो गईं। कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह, एसओजी प्रभारी आनंद कुमार, बलखंडीनाका चौकी प्रभारी यज्ञनारायण भार्गव, मंडी समिति चौकी प्रभारी आशुतोष त्रिपाठी, उप निरीक्षक दीपक चौधरी, प्रवेश कुमार, रश्मि सिंह आदि ने महोबा रोड स्थित मवई बाईपास से पलवल (हरियाणा) जिले के कैंट थाना क्षेत्र के कैलाश नगर निवासी सुभाष चंद्र पुत्र विक्रम, रोहित पुत्र वीरपाल व उसकी पत्नी नेहा, गीता पत्नी धन्नी और उसकी पुत्री काजल तथा भरतपुर (राजस्थान) जिले के ढींग थाना क्षेत्र के चक गिरवारी निवासी नीलम पत्नी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए गिरोह के सदस्यों के पास से पुलिस की संयुक्त टीम ने 32 हजार रुपये नगद समेत 14.50 लाख रुपये का माल व घटना में प्रयुक्त 16 लाख रुपये कीमत की लग्जरी कार बरामद की। पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि सभी कार से अलग-अलग राज्यों में घूमते हुए समूह बनाकर चोरी व टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

### पेशी से फरार हुए आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

न्यायालय से पेशी के दौरान फरार हुए अभियुक्त को अतर्रा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चार दिनों पहले न्यायालय अतर्रा में पेशी के लिए आरोपी को पुलिस लाई थी। बाथरूम जाने का बहाना बनाकर पुलिस अभिरक्षा से आरोपी फरार हो गया। थाना अतर्रा में अभियुक्त के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए गिरफ्तारी को पुलिस टीमों का गठन किया गया। अतर्रा पुलिस ने बुधवार को कस्बे के गांधी नगर निवासी चुन्नू उर्फ पंकज पुत्र रामनाथ को फतेहगंज थाना क्षेत्र के कड़ियानाका बीरजा पुरवा से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अतर्रा थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौबे, एसआई सुरेंद्र प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल रोहित कुमार, कांस्टेबल रविंद्र श्रीवास, आदर्श तिवारी, अजय प्रजापति, श्रवण कुमार शामिल रहे।

# जनगणना 2027 के तहत कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण



» मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी व जिला जनगणना अधिकारी ने संबंधित फील्ड ट्रेनर्स एवं कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से देश की सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति का सटीक आकलन किया जाता है। इसलिए सभी कार्मिक पूर्ण जिम्मेदारी, सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण, डेटा संकलन की प्रक्रिया, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा निर्धारित प्रपत्रों को सही ढंग से भरने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, जनसामान्य से संवाद स्थापित कर सही एवं सटीक जानकारी प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया गया। प्रथम बैच का प्रशिक्षण 18, 19 एवं 20 मार्च 2026 को तथा द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 23, 24 एवं 25 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को फील्ड में प्रभावी रूप से लागू किया जाए, जिससे जनगणना कार्य को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जा सके।

# ऋण मोचन योजना से जिले के 59443 किसानों के माफ हुआ कर्ज




पत्रकार से बात करते जलशक्ति राज्यमंत्री व डीएम।

» राज्यमंत्री ने केंद्र और राज्य सरकारों की बताईं उपलब्धियां

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** केंद्र सरकार के कार्यकाल के 11 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दोनों सरकारों की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए जल शक्ति राज्यमंत्री ने बताया कि केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर प्रदेश के गरीबों, किसानों, युवाओं तथा आमजन को लाभांवित किया है। इस मौके पर राज्यमंत्री ने आयोजन स्थल पर सजाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का उद्घाटन करते हुए भ्रमण किया।

जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने विकास भवन के सभागार में आयोजित प्रेस कॉम्फ्रेंस में सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से जनपद में किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 298093 कृषको को 934.06 करोड़ की धनराशि से लाभान्वित किया गया है। इसी प्रकार से किसान ऋण मोचन योजना अंतर्गत 59443 कृषकों का 355.34 करोड़ की धनराशि का ऋण माफ किया गया है। प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) के अतर्गत 107030, प्रधानमंत्री आवास (शहरी) के अतर्गत 19057 तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 7094 लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में कुल 14771 व्यक्तिगत शौचालयों शहरी क्षेत्र में 155 शीट सामुदायिक शौचालय एवं 200 शीट सार्वजनिक शौचालय (पिंक शौचालय सहित) निर्माण कराया गया है।

जनपद में 30046 निराश्रित महिलाओं, 70710 वृद्धजनों तथा 11470 दिव्यांगजनों को पेंशन प्रदान कर लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में 1286.54 करोड़ की लागत से 938.15 किलोमीटर की 289 सड़कों का निर्माण कराया गया है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, डीएम जे.रीभा, सीडीओ अजय कुमार पांडेय, सीएमओ डा.बिजेंद्र सिंह सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके पूर्व राज्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का उद्घाटन करते हुए अवलोकन किया।

# रामपुरा में सामूहिक विवाह में 80 जोड़ों ने एक दूजे को माला पहनाकर खाई साथ जीने मरने की कसम

## माधौगढ़ विधायक व रामपुरा ब्लॉक प्रमुख ने वर वधू को आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रामपुरा (जालौन)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन रामपुरा विकास खंड परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माधौगढ़ विधायक मूल चन्द निरंजन, कार्यक्रम का संचालन महेश सिंह पतराही ने किया मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 80 जोड़ो ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

रामपुरा सामूहिक विवाह में रीति रिवाज से मंत्रोचारण और विधि विधान से कराए गए। वही सामूहिक विवाह में विवाह की सभी रस्में पूरी की गई और दान दहेज देकर खुशी-खुशी विदाई की गई विवाह के समय वर पक्ष व वधू पक्ष के आमंत्रित लोगों को भोजन की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने कहा कि सरकार अब किसी भी गरीब की कन्या का बोझ नहीं है बल्कि डबल इंजन की सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि प्रत्येक गरीब की लड़की की शादी अब हमारी सरकार करेगी। उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पहले डवल इंजन की सरकार ने 51000 रुपए





में सामूहिक शादी की ओर अब 51 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दिए जिससे हमारी बेटी की शादी धूम धाम से हो सके तो वही ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने कहा कि हमारे देश में जब से भाजपा सरकार आई तब से चाहे शादी विवाह हो या कोई अन्य कार्य हो या विकास कार्य हो जिसके लिए हमारे क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी ने चाहे बाढ़ की समस्या हो या किसानों की समस्या हो या सड़क स्वास्थ्य सिंचाई एवं विकास की समस्या हो सभी में मुख्यमंत्री ने सहयोग किया। विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन विकास से लेकर स्वास्थ, सड़क, बिजली पानी व सामूहिक विवाह में तन मन धन से पूरा सहयोग किया। हमारा बीहड़ क्षेत्र पिछड़ा क्षेत्र हुआ करता था लेकिन जब से विधायक जी जीतकर आए। उन्होंने रामपुरा विकास खंड की कोई भी समस्या हो सभी मे भरपूर सहयोग किया और कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले विधायक का हमारे क्षेत्र की जनता ऋणी है और उनका आभार व्यक्त करते है जिन्हें हर मुसीबत की घड़ी में रामपुरा क्षेत्र की जनता का सहयोग किया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में विकास खंड परिसर में आयोजित किया गया। मौके पर सामूहिक विवाह के जोड़े व क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि व क्षेत्रीय ग्रामीण व ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे।

# क्षत्रिय महासंघ भारत संगठन जिला जालौन के नव नियुक्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने यूजीसी बिल के विरोध में बैठक कर विरोध जताया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई।** क्षत्रिय महासंघ भारत संगठन के कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व एडीओ पंचायत, बुंदेल खंड प्रभारी बलवीर सिंह सेंगर के आवास पर उत्तराखंड प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह वैस के आवाहन पर जनपद जालौन में इकाई क्षत्रिय महासंघ भारत संगठन ने यूजीसी बिल को लेकर बैठक आयोजित की गई और बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया और यूजीसी बिल करते है और इस अनावश्यक कानून का विरोध करते भी रहेंगो। क्षत्रिय महासंघ भारत संगठन के बुन्देलखण्ड दोनों मण्डल प्रभारी की हैसियत से मैं बलवीर सिंह सेंगर व हम सब संगठन के पदाधिकारी उच्चतम न्यायालय के अन्तरिम आदेश का स्वागत करता हूं माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगा दी है, और जो सरकार द्वारा यू जी सी विल



लाया गया है जो बिल्कुल गलत है इसका संगठन कार्यकरता पुर जोर विरोध करते है और यह यूजीसी कानून सरकार यदि वापिस नही करती है तो हम सब सवर्ण समाज विरोध करेंगे और सड़को पर उतर कर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

वही कोर्ट ने सरकार के इस यूजीसी कानून का कोर्ट ने विरोध करते हुए रोक लगा दी और स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकर को इस कानून का सुधार करना होगा और एससीएसटी व पिछडा वर्ग के लोग सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं के साथ किसी भी तरह से गलत इस्तेमाल नहीं करेंगे। जिससे आने वाले समय में छात्रों को आपस में बांटने का काम कर रही हैं सरकार, जिसका क्षत्रिय महासंघ भारत विरोध करती है कि छात्रों के बीच सरकार को इस तरह का विरोधी कानून नहीं बनाना चाहिए जिससे छात्रों में शिक्षा की जगह फूट डालना और आपस में विरोध पैदा करने का काम कर रही हैं सरकार, जिसको क्षत्रिय महासंघ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी यह पूर्णतः गलत कानून है जिसका सवर्ण समाज विरोध करते है और चाहे जितना भी संघर्ष करना पड़े हम सब विरोध करेंगे इस यूजीसी कानून को पास नहीं होने देंगे और सवर्ण वर्ग के छात्रों को उसका शिकार नहीं होने देंगे। 2012 के पुराने नियम लागू रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट व केंद्र सरकार से यह मांग करते है कि यूजीसी कानून को खत्म किया जाए।

राज्य अध्यक्ष उत्तराखंड वीरेन्द्र सिंह वैस, बुंदेल खंड प्रभारी बलवीर सिंह, जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह भदौरिया, युवजन सभा जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह सेंगर, सुरेन्द्र सिंह सेंगर देवेन्द्र सिंह भदौरिया राघवेन्द्र सिंह सेंगर, शिवशंकर सिंह सेंगर, अनंत सिंह सेंगर, प्रियवृत्त सिंह महेन्द्र सिंह, छत्रपाल सिंह, मीनू सिंह सुरेन्द्र सिंह सहितआधा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रामनवमी व ईद-उल-फितर को लेकर प्रशासन सतर्क, डीएम व एसपी ने की तैयारियों की समीक्षा

» मंदिरों में साफ-सफाई, सीसीटीवी, सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आगामी रामनवमी एवं ईद-उल-फितर त्योहारों के दृष्टिगत बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी प्रमुख मंदिरों, मस्जिदों एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से जहां अधिक भीड़ होने की संभावना है, वहां पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने कहा कि मंदिरों एवं प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय स्थिति में रहें तथा उनकी सतत निगरानी की जाए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने तथा नगर निकायों को साफ-सफाई एवं कूड़ा निस्तारण की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग को आपातकालीन सेवाएं सक्रिय रखने, एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा लगातार गश्त की जाए। त्योहारों के दौरान भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों एवं धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक प्लान लागू करने तथा पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद सिंह, सीएमओ डॉ बीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**शुभारम्भ** सदर विधायक ने नौ वर्ष पूर्ण होने पर विकास की झलक एवं नौ दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काट कर उद्घाटन किया

# विकास की झलक, जनकल्याण की दिशा, नौ दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ भव्य शुभारंभ

» आइए, विकास की इस यात्रा के साक्षी बनें और योजनाओं का लाभ उठाएं

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित नौ दिवसीय विकास मेले एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी व सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, कालपी विधायक के प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी ने द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं






अधिकारियों की उपस्थिति में मेले का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के विगत 9 वर्षों तथा केन्द्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से आमजन को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है, साथ ही पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। यह मेला 18 मार्च से 26 मार्च 2026 तक कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न थीम आधारित कार्यक्रमों जैसे युवा, महिला, किसान एवं श्रमिक कल्याण पर विचार गोष्ठियां एवं संवाद सम्मेलन आयोजित होंगे। इसके साथ ही सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा। किसान सम्मेलन में पशुपालन एवं गौ-सेवा के आर्थिक मॉडल, नस्ल सुधार एवं कृषि अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। वहीं, जनपद की सांस्कृतिक विरासत, पौराणिक महत्व एवं गौरवशाली परंपराओं को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है। मेले में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, स्टार्ट-अप एवं मुद्रा योजना आदि के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया जाएगा। साथ ही, ऋण मेला एवं रोजगार मेला आयोजित कर युवाओं को स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। विशेष आकर्षण के रूप में एक जनपद एक उत्पाद/व्यंजन के अंतर्गत फूड कोर्ट में पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए हैं, जो आगंतुकों को स्थानीय स्वाद से रूबरू कराएंगे।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विगत 9 वर्षों में जनपद जालौन ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और यह प्रदर्शनी आमजन को योजनाओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी। साथ ही, आमजन से सुझाव भी आमंत्रित किए जा रहे हैं, जिससे जनपद के समग्र एवं दीर्घकालिक विकास की रणनीति को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। नौ दिवसीय इस मेले में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा तथा उनकी सफलता की प्रेरक कहानियां साझा की जाएंगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम

### अधिकारियों की निगरानी में कराई जाए टीएसी जांच

**बांदा।** सपा नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले की अगुवाई में पिछले दिनों ग्रामीणों ने पैलानी तहसील पहुंचकर सीडीओ को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सौंपकर जसपुरा ब्लाक के चंदवारा व गौरीखुर्द गांवों में घटिया सीसी सड़क निर्माण की टीएसी जांच सक्षम अधिकारियों की निगरानी में कराए जाने की मांग की थी।

इस पर सीडीओ ने परियोजना निदेशक (पीडी) व लघु सिंचाई विभाग सहायक अभियंता को जांच कर सात दिन में आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सपा नेता ने बताया कि क्षेत्र पंचायत निधि से बनाई गईं सीसी सड़कों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। मानक के अनुसार सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। नतीजे में गांवों में बनाई गईं सीसी सड़कें फट गई है या फिर उखड़ रही हैं। ग्रामीणों ने घटिया सीसी सड़क निर्माण की टीएसी जांच सक्षम अधिकारियों की निगरानी में कराए जाने की मांग की है।

## एक नजर

### उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था अधिवेशन की बैठक

**गोंडा।** बुधवार को उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था, शाखा जनपद गोंडा का अधिवेशन बैठक पेंशनर कक्ष में संपन्न हुई। इस बैठक में उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था, लखनऊ के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्निहोत्री, कार्यकारी अध्यक्ष आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, महामंत्री ओमकार नाथ तिवारी एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष एस. के. मल्होत्रा की गरिमामयी परस्थिति रही। बैठक के दौरान संगठन के विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों पर जनपदीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष के. बी. सिंह ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। इसके उपरांत प्रांतीय अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्निहोत्री की अध्यक्षता में, प्रांत के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में जनपद से उपस्थित सदस्यों से वर्तमान कार्यकारिणी के संबंध में राय ली गई। सदस्यों से पूछा गया कि यदि वे वर्तमान कार्यकारिणी से संतुष्ट हैं और उसे आगे भी जारी रखना चाहते हैं, तो हाथ उठाकर अपनी सहमति प्रकट करें। सभी उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर अपनी सहमति व्यक्त की। तत्पश्चात प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी को ही पुनः निर्वाचित/चयनित घोषित किया गया। पुनर्गठित कार्यकारिणी में के. बी. सिंह को अध्यक्ष, अनिल कुमार श्रीवास्तव को मंत्री, पाटेश्वरी प्रसाद द्विवेदी एवं नरेंद्र बहादुर सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा प्रेम शंकर लाल श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष के रूप में पुनः दायित्व सौंपा गया।

### यातायात चेकिंग अभियान में 1026 वाहनों का चालान, नशे में ड्राइविंग पर कड़ी कार्रवाई



**अम्बेडकरनगर।** जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सघन वाहन चेकिंग अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। 01 मार्च 2026 से अब तक कुल 1026 वाहनों का चालान किया गया है, जबकि सोमवार को ही 97 वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों से शमन शुल्क की वसूली भी की जा रही है। 16 मार्च 2026 को 3 वाहनों से 2000 रुपये शमन शुल्क वसूला गया, वहीं 01 मार्च से अब तक कुल 12 वाहनों से 14,000 रुपये जमा कराए गए हैं। नियमों की अनदेखी करने पर 9 वाहनों को सीज भी किया गया है। प्रभारी यातायात उप निरीक्षक जय बहादुर यादव ने बताया कि अभियान के दौरान नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष सख्ती बरती जा रही है। 01 मार्च से अब तक 890 वाहन चालकों की जांच की गई, जिसमें 5 चालक नशे में पाए गए। इन पर कुल 50,000 रुपये का शमन शुल्क लगाया गया। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े और सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

### वृद्धावस्था पेंशन के नियमों में बदलाव: अब आधार की जन्मतिथि नहीं होगी मान्य




**अंबेडकरनगर।** राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया में अहम बदलाव किया गया है। अब आवेदकों की आयु निर्धारित करने के लिए आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि को मान्य नहीं माना जाएगा, जिससे आवेदन प्रक्रिया में नए नियम लागू हो गए हैं। जिला समाज कल्याण विभाग के अनुसार शासन स्तर से जारी निर्देशों के तहत आवेदकों को आयु प्रमाण के लिए अन्य वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इसमें परिवार या कुटुंब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति अथवा जन्मतिथि अंकित शैक्षिक प्रमाणपत्र को अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है। इन दस्तावेजों के बिना आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। हालांकि, इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन व्यस्तता के कारण उनसे बात नहीं हो सकी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आय सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। शहरी क्षेत्रों के लिए वार्षिक आय 56,460 रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 46,080 रुपये की सीमा पूर्ववत लागू रहेगी। वहीं, बीपीएल सूची में शामिल लाभार्थियों को आय प्रमाण के रूप में बीपीएल सूची की छायाप्रति संलग्न करनी होगी। समाज कल्याण विभाग ने पात्र आवेदकों से अपील की है कि आवेदन करते समय निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### रोज़ा-इफ़्तार में झलकी गंगा-जमनी तहज़ीब



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** मालीपुर क्षेत्र में रमज़ान के पाक महीने के दौरान आयोजित रोज़ा-इफ़्तार कार्यक्रम में गंगा-जमनी तहज़ीब की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी मदरसा इस्लामिया करमतिया दारुल फ़ैज़, उर्दू बाज़ार जलालपुर द्वारा भव्य रोज़ा-इफ़्तार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोज़ेदारों ने शिरकत की। रोज़ा-इफ़्तार के दौरान शिया और सुन्नी समुदाय के रोज़ेदारों ने एक साथ रोज़ा खोलकर आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया। जैसे ही इफ़्तार का समय हुआ, पूरा माहौल दुआओं और इबादत से सराबोर हो गया। इस अवसर पर मदरसा के सद्र मौलाना नजीबुल्लाह ने मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने आयोजन में जुटे अंजुमन असग़रीया के सभी सदस्यों की सराहना करते हुए उनके लिए दुआ की। साथ ही देश, विशेषकर भारत में आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांति बनाए रखने की कामना की। कार्यक्रम में हाजी सिराजुद्दीन महतो (मैनेजर), हाजी फैज मुहम्मद, कारी आफाक अहमद (इमाम जामिया मस्जिद), मौलाना मुहम्मद असजद, सऊद आलम, मौलाना मुहम्मद अख्तर आलम, मुहम्मद खालिद काशमी, सआदत यजदी, मास्टर मुहम्मद ज़हीर, अनिसुर रहमान, मुहम्मद अब्बास राजा, मुहम्मद हैदर मेहदी रजा, शेर-ए-आलम अमीर हैदर तकी सज्जाद, नदीम अंसारी इब्ने अली जाफरी सहित अन्य गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने एक बार फिर यह साबित किया कि अम्बेडकरनगर की सरज़मीं पर आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता की परंपरा आज भी मजबूती से कायम है।

# किसान दिवस की बैठक में लगेंगे विद्युत और वन विभाग के कैम्प

## डीएम ने विकास भवन सभागार में किसानों व अधिकारियों के साथ बैठक में दिए जरूरी निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**गोण्डा।** माह के तीसरे बुधवार के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार गोण्डा में किसान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपकृषि निदेशक ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए डीएम की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की।

जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने गेहूँ खरीद के विषय में विभाग द्वारा की गई व्यवस्था के संबंध में कृषकों को जानकारी दी। अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई ने विभाग द्वारा किसानों के लिए संचालित कार्यक्रमों के विषय में जानकारी उपलब्ध कराई। गत माह आयोजित हुई बैठक में कृषकों के द्वारा उपलब्ध कराई गई 15 समस्याओं के निराकरण के प्रगति के विषय में चर्चा की गई तथा वर्तमान बैठक में कुल 09 कृषकों के द्वारा अपनी समस्याएं बैठक में प्रस्तुत की गईं, जिनमें से अधिकतर समस्याएं छुट्टा पशुओं एवं चकबंदी विभाग से संबंधित थीं।

बैठक में जिलाधिकारी ने बिजली विभाग तथा वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश है कि वे अगले माह से आयोजित होने वाली किसान दिवस की बैठकों में प्रातः 10:00 बजे से ही आयोजन स्थल पर अपना एक समाधान शिविर लगाकर विद्युत विभाग तथा वन विभाग से संबंधित समस्याओं का त्वरित आधार पर निस्तारण करें। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में उपकृषि निदेशक श्री प्रेम कुमार ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं श्री शुक्ला प्रसाद शुक्ला, श्री ओमप्रकाश पांडे, श्री अनिल चंद्र पांडे, श्री नंदकुमार आनंद, श्री सत्येंद्र दुबे, श्री शिवकुमार दुबे, श्री शिवराम उपाध्याय आदि कृषक प्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सरकारी टेण्डर में धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार



- कार्य दिलाने के नाम पर मांगी 50 लाख रिश्वत
- चयनित फर्म को गलत तरीके से किया था ब्लैक लिस्ट

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को कोतवाली नगर पुलिस ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त विद्याभूषण मिश्रा को उनके कार्यालय (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गोण्डा) से गिरफ्तार कर लिया गया।

न्यायालय श्रीमान विशेष अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-5 गोरखपुर के निर्देश पर थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसमें वादी मनोज पाण्डेय पुत्र राम इन्दर पाण्डेय निवासी ग्राम किन्की, थाना मोतीगंज, द्वारा बताया गया कि बेसिक शिक्षा विभाग, जनपद गोण्डा में फर्नीचर आपूर्ति हेतु GEM पोर्टल के माध्यम से उनकी फर्म के चयनित होने के बाद उनसे कार्य दिलाने के नाम पर बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी, DC (GEM) प्रेम शंकर मिश्र एवं DC (Civil) विद्याभूषण मिश्र द्वारा लगभग ( 50 लाख की अवैध धनराशि की मांग की गई, वादी द्वारा आंशिक रूप से धनराशि देने के बाद भी शेष धनराशि हेतु लगातार दबाव बनाया गया तथा भुगतान न करने पर टेंडर निरस्त कराने व फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की धमकी दी गई। बाद में प्रार्थी का कुछ धन वापस किया गया, जबकि शेष धनराशि वापस नहीं की गई और प्रार्थी के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। और षड्यंत्रपूर्वक उसका आर्थिक व मानसिक उत्पीड़न किया गया तथा फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया।

बुधवार को क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा साक्ष्य संकलन करते हुए विवेचना के दौरान दोषी पाए गए अभियुक्त विद्याभूषण मिश्रा जो कि डीसी निर्माण के पद पर पदस्थापित है को उनके कार्यालय (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गोण्डा) से कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

# जनपद न्यायालय में दुकानों की नीलामी 24 को

**विश्ववार्ता संवाददाता**

- चाय, पान व फोटोस्टेट दुकानों के ठेकों के लिए न्यूनतम बोली तय
- नीलामी में भाग लेने हेतु जमानत राशि व हैसियत प्रमाण पत्र अनिवार्य
- अंतिम निर्णय का अधिकार जिला जज के पास सुरक्षित

**गोण्डा।** जनपद न्यायालय गोण्डा के नजारत अनुभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए न्यायालय परिसर में स्थित चाय-नमकीन, पान एवं फोटो/फोटोस्टेट दुकानों के ठेकों की सार्वजनिक नीलामी की घोषणा की गई है। यह नीलामी 24 मार्च 2026 को अपराह्न 4:00 बजे न्यायालय के मीटिंग हाल में नीलामी समिति की उपस्थिति में सम्पन्न होगी।

सूचना के अनुसार, विभिन्न दुकानों के लिए न्यूनतम बोली राशि निर्धारित की गई है। चाय-नमकीन दुकानों के लिए 3.90 लाख रुपये से 5.33 लाख रुपये तक, पान दुकानों के लिए 77 हजार रुपये से 1.65 लाख रुपये तक तथा फोटो/फोटोस्टेट दुकान के लिए 3.75 लाख रुपये न्यूनतम बोली तय की गई है।

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों को पूर्व में निर्धारित जमानत राशि जमा करना अनिवार्य होगा। चाय-नमकीन एवं फोटोस्टेट दुकानों के लिए 30 हजार रुपये तथा पान दुकानों के लिए 15 हजार रुपये अग्रिम जमा करने होंगे। साथ ही, बोलीदाता को अपनी हैसियत प्रमाण पत्र संबंधित तहसीलदार से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत करना होगा।

अंतिम रूप से चयनित बोलीदाता को कुल धनराशि का 25 प्रतिशत तत्काल एवं शेष 75 प्रतिशत तीन सप्ताह के भीतर जमा करना होगा। नीलामी की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति का अंतिम अधिकार जनपद न्यायाधीश गोण्डा के पास सुरक्षित रहेगा।

### नामित सभासदों के स्वागत में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

**अम्बेडकरनगर।** जहांगीरगंज नगर पंचायत में हाल ही में नामित किए गए सभासदों का स्वागत समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। भाजपा जहांगीरगंज मंडल अध्यक्ष अरविंद उपाध्याय के नेतृत्व में सभासद शशिकांत दूबे के आवासीय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

समारोह के दौरान नामित सभासद संदीप उर्फ राहुल पांडेय, रमेश गुप्ता एवं त्रिभुवन राम का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा नेता राजाबाबू गुप्ता ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया।

# ऋतू राज सिंह इंका में कार्यशाला आयोजित

**तुलसीपुर,बलरामपुर।** निपुण भारत मिशन एवम् ऑपरेशन कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत आज तुलसीपुर खण्ड शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक एवम् शिक्षिकाओं की एक दिवसीय कार्यशाला ऋतुराज सिंह इंटर कॉलेज कौवापुर में आयोजित की गई। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए बताया कि लक्ष्य निपुण भारत मिशन को प्राप्त करने में शिक्षको के साथ साथ विद्यालय प्रबंध समिति (smc) की भी समान भूमिका है। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को वर्तमान आवश्यकता अनुसार निपुण एवम् samart बनने पर बधाई भी दिया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ स्वामी नाथ शिक्षक संघ के पदाधिकारी धर्मेन्द्र शुक्ला, राजा राम यादव , अशोक गौतम, आलोक कुमार, धर्मराज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर जनपद में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**बलरामपुर।** प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नव वर्ष पूर्ण होने पर जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारियों व नागरिकों ने मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना।

कार्यक्रम में विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला तथा जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, अध्यक्ष नगर पालिका बलरामपुर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं चेक वितरित किए गए। साथ ही जनप्रतिनिधियगण द्वारा सरकार की जनहितकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनप्रतिनिधियगण ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही शासन की प्राथमिकता है।

इस दौरान डीएम विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम मनोहर तिवारी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### गैस संकट से जूझ रही जनता घंटों लाइन में लगने को मजबूर

**उतरौला (बलरामपुर)।** क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर से लेकर कस्बों तक गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें आम दृश्य बन गई हैं। हालत यह है कि कई स्थानों पर लोग सुबह 5 बजे से ही लाइन में लगने को मजबूर हैं, फिर भी उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

स्थानीय उपभोक्ताओं के अनुसार, गैस की होम डिलीवरी व्यवस्था पहले सुचारु रूप से चलती थी, लेकिन अब अधिकांश क्षेत्रों में यह सुविधा लगभग ठप हो चुकी है। इसके कारण लोगों को खुद एजेंसी तक जाकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है, जिससे भीड़ और अव्यवस्था बढ़ती जा रही है। कई एजेंसियों पर उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ता है, जबकि कुछ लोगों को तीन से चार दिन तक चक्कर लगाने के बाद भी गैस उपलब्ध नहीं हो पाती।

# रोजेदारों ने मांगी मुल्क के अमन व शांति की दुआएं

## 28 रमजान पर इफ्तार पार्टी में जुटे सर्व समाज के लोग

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**गोण्डा।** बुधवार को 28 रमजान के मौके पर सपा नेता कई बार झंझरी ब्लॉक के प्रमुख रहे स्वर्गीय साबिर अली के पुत्र जावेद अली की ओर से सर्कुलर रोड स्थित आवास होटल जेपी पैलेस पर एक भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी में गंगा जमुनी तहजीब की खूबसूरत झलक नजर आई इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ हिंदू भाइयों ने भी रोजा इफ्तार किया।

इफ्तार पार्टी में सर्व समाज के लोगों ने शिरकत की। रोजा इफ्तार के बाद रोजेदारों ने नमाज पढ़ने के बाद मुल्क में अम्न और शांति के लिए दुआएं मांगी इफ्तार पार्टी के आयोजक जावेद अली इफ्तार पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को आभार शुक्रिया अदा किया।

**चांद के दीदार होने पर ही ईद का दिन होगा मुकर्रर :** गुरुवार को 29 रोजे पूरे हो जाएंगे और लोग शाम को चांद की तलाश करेंगे अगर चांद नजर आता है तो अगली सुबह ईद मनाई जाएगी यानी की चांद के दीदार होने के बाद ही ईद मनाने का दिन मुकर्रर हो जाएगा।

यह बात ईद के चांद को लेकर ईदगाह के पेश इमाम मौलाना मुजाक्किर ने कही उन्होंने कहा कि चांद 29 और 30 का होता है कभी-कभी मौसम खराब होने की वजह से चांद नहीं नजर आता है और पड़ोसी जनपदों में दिखाई पड़ता है ऐसी स्थिति में पहले उसकी तस्दीक की जाएगी उन्होंने बताया कि अगर 29 का चांद होता है तो ईद शुक्रवार को पड़ेगी और अगर 30 का चांद होता है तो ईद शनिवार को पड़ेगी।

# श्रीराम व बजरंगबली के लगे गगनभेदी जयकारे

## कड़ी सुरक्षा में निकली शोभा यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**अम्बेडकरनगर।** आलापुर तहसील के नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर में मंगलवार को बुढ़वा मंगल का पर्व पूरे श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान हनुमान जी की आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा हनुमानगढ़ी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों, बाजारों, चौराहों और गलियों से होते हुए निकली। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

पूरे मार्ग में ₹जय श्री राम₹ और ₹बजरंगबली की जय₹ के गगनभेदी जयकारों से वातावरण गूंज उठा। झांकियों में भगवान हनुमान के विभिन्न रूपों का सजीव और आकर्षक चित्रण श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कई स्थानों पर भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन समिति ने स्वयंसेवकों की तैनाती की गयी। जिन्होंने भीड़ नियंत्रण और मार्ग संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद प्रजापति, सभासदगण सहित थाना राजेसुल्तानपुर के थाना प्रभारी अक्षय कुमार पटेल मयफोर्स मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान रामकरन मोदनवाल, शिवकुमार सोनी, रवि वर्मा, राजन सोनी, बबलू सोनी, सोनू सोनी, देवेंद्र प्रकाश सोनी, भाजपा कार्यकर्ता कुलदीप पटवा, अभय सिंह उर्फ मोनू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### दवा के बहाने जमीन हड़पने का आरोप भाई-भाई के रिश्ते में दरार

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के कोतवाली जलालपुर क्षेत्र से एक पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया है, जिसमें छोटे भाई ने बड़े भाई पर धोखाधड़ी और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित अरविंद गुप्ता ने कोतवाली जलालपुर में दी गई तहरीर में बताया कि उनके पिता कामता प्रसाद के दो पुत्र हैं—बड़े विजय गुप्ता और छोटे स्वयं अरविंद। आरोप है कि विजय गुप्ता ने परिवार के अन्य सदस्यों को बिना जानकारी दिए, पिता को दवा कराने के बहाने बाहर ले जाकर उनकी जमीन कमला सिंह के नाम रजिस्ट्री कर दी।

अरविंद गुप्ता के अनुसार, इस पूरे मामले की जानकारी उन्हें उस समय हुई जब कुछ दिन बाद उनके पिता का निधन हो गया। जमीन बिक्री की बात सामने आने पर जब उन्होंने अपने हिस्से की मांग की, तो बड़े भाई ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# देवरिया इनायत में इफ्तार पर उमड़ा जनसैलाब, भाईचारे की मिसाल पेश



**सादुल्लाहनगर (बलरामपुर)।** विकास खंड उतरौला की ग्राम पंचायत देवरिया इनायत में आपसी सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब की अनुपम मिसाल देखने को मिली। ग्राम प्रधान बाबा निजामुद्दीन चौधरी के संयोजन में आयोजित सामूहिक रोजा इफ्तार कार्यक्रम में उमड़े अकीदतमंदों ने एक साथ दस्तरखान पर बैठकर रोजा खोला और मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अहमद रजा चौधरी उर्फ गुड्डू चौधरी व पूर्व ब्लॉक प्रमुख मो. नासिर हाशमी ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना हमें संयम और इंसानियत का पाठ पढ़ाता है। आयोजन की कमान संभाल रहे प्रधान बाबा निजामुद्दीन चौधरी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देवरिया इनायत हमेशा से आपसी एकता का प्रतीक रहा है।

इस अवसर पर अकबर चौधरी, कमरुद्दीन अंसारी, डॉ. एहसान साहब, तुफैल अहमद, शहंशाह, आफताब अहमद, तहसीन रजा, नदीम अहमद, राजू अंसारी, नरसिंह पांडे, लाला तिवारी, रामतेज शर्मा, रामनरायन तिवारी, अवधेश कुमार शर्मा, हरिनारायण तिवारी, हसन मो., भनवापुर प्रधान सद्दाम, ककरहवा से जमाल चौधरी, हसीब ट्रेडर्स, अतहर अली चौधरी, मुसाफिर बागवान व दिलशेर शाह सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**कार्रवाई** गलत रिपोर्ट से मरीजों की जान पर बन रही थी आफत

# अवैध पैथोलाजी केंद्रों पर शिकंजा : 13 चिन्हित, 9 को नोटिस

**पद्मनाभ मिश्रा**



**अम्बेडकरनगर।** जिले में बिना लाइसेंस और मानकों के विपरीत संचालित पैथोलॉजी केंद्रों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। ताजा जांच में 13 अवैध पैथोलॉजी केंद्र चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 9 संचालकों को नोटिस जारी किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, किसी भी बीमारी के इलाज की नींव सही जांच पर टिकी होती है। ऐसे में गलत पैथोलॉजी रिपोर्ट मरीजों की सेहत के लिए गंभीर खतरा बन रही है। कई मामलों में यह सामने आया है कि गलत जांच के आधार पर शुरू हुए उपचार से मरीजों की स्थिति और बिगड़ गई।

जांच में यह भी पाया गया कि जिले के नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कई पैथोलॉजी केंद्र बिना लाइसेंस संचालित हो रहे हैं। कुछ केंद्र नामी कंपनियों के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन वे निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे।

हाल के दिनों में प्रसव के दौरान हुई मौतों और अवैध अस्पतालों की जांच में भी इन पैथोलॉजी केंद्रों की भूमिका उजागर हुई है। कई मामलों में गलत जांच रिपोर्ट ने इलाज को प्रभावित किया।

सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल के निर्देश पर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित पैथोलॉजी केंद्रों की जांच की। इसके बाद तैयार की गई रिपोर्ट में 13 अवैध केंद्रों की सूची सामने आई।

समर्थ पैथ लैब (पटेलनगर अकबरपुर), तेजस पैथ लैब (औलियापुर), श्री पैथ लैब (बसखारी रोड), पैथ काइंड (कोतवाली के सामने), देव पैथ लैब (कचहरी रोड), ओरी पैथ लैब, एमएस डायग्नोस्टिक (टांडा रोड), ज्योति डायग्नोस्टिक, लखनऊ डायग्नोस्टिक सेंटर, आरसी लैब (सूरापुर), रेडचीफ लैब (अकबरपुर), केयर पैथ लैब और एसएस डायग्नोस्टिक सेंटर। इनमें से 9 केंद्रों को नोटिस जारी किया गया है। इससे पहले 13 मार्च को भी स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए कई पैथोलॉजी केंद्रों को बंद कराया था। अकबरपुर सीएचसी की टीम ने अवध पैथोलॉजी (शहजादपुर), प्रेमा पैथ लैब और ड्रीम पैथ लैब (सिकंदरपुर), सत्यनारायण वर्मा लैब (उदयनगर) सहित अन्य केंद्रों को सील कर दिया था।

इस अभियान में सीएचसी अधीक्षक डॉ. नूर अहमद, चीफ फार्मासिस्ट रमेश कुमार और स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय रूप से शामिल रही। सीएमओ ने साफ किया है कि जिले में अवैध हॉस्पिटल, क्लीनिक और पैथोलॉजी केंद्रों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डम्पर की टक्कर से ई-रिक्शा सवार एक ही परिवार के पांच घायल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर तहसील क्षेत्र में नगपुर-जलालपुर मार्ग पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जहां तेज रफ्तार डंपर ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक डंपर समेत मौके से फरार हो गया।

ग्राम सभा नसोपुर निवासी राजकुमार (40), रामनयन (60), अखिलेश कुमारी (50), ममता देवी (27) और 6 वर्षीय आयुषी ई-रिक्शा में सवार होकर नगपुर स्थित एक चिकित्सक के यहां इलाज के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनका वाहन नगपुर मोड़ के पास पहुंचा, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

# 17 ग्राम पंचायत सचिवों का वेतन रोका

**विश्ववार्ता संवाददाता**




- ऑडिट अनुपालन में लापरवाही पर सख्ती

**अंबेडकरनगर।** जिला पंचायत राज विभाग ने पदीय दायित्वों में लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिवों पर सख्त कार्रवाई करते हुए 17 सचिवों का एक दिन का वेतन रोक दिया है। यह कार्रवाई समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने और लंबे समय से लंबित ऑडिट अनुपालन न देने के कारण की गई।

जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में 16 मार्च 2026 को आयोजित समीक्षा बैठक में वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2023-24 तक के विशेष ऑडिट प्रस्तरों की समीक्षा की जानी थी। यह बैठक जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां एवं पंचायते की उपस्थिति में बुलाई गई थी। बावजूद इसके, कई ग्राम पंचायत सचिव बैठक में अनुपस्थित रहे, जिससे उनके कार्यक्षेत्र की पंचायतों के लंबित मामलों की समीक्षा नहीं हो सकी।

कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, पूर्व में निर्देश दिए जाने के बावजूद संबंधित सचिवों ने ऑडिट अनुपालन आख्या भी प्रस्तुत नहीं की। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पाण्डेय ने सभी 17 सचिवों का 16 मार्च का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने का निर्देश दिया है।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी संबंधित सचिव एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने ग्राम पंचायतों से जुड़े लंबित ऑडिट प्रस्तरों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के माध्यम से प्रस्तुत करें। निर्धारित समयसीमा का पालन न करने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

कार्रवाई की जद में आए सचिव विभिन्न विकासखंडों से संबंधित हैं। इनमें भीटी, टांडा, कटेहरी और बसखारी विकासखंड शामिल हैं, जहां के सचिवों पर यह कार्रवाई लागू की गई है। इस कार्रवाई से पंचायत विभाग में हड़कंप मच गया है और अन्य कर्मचारियों को भी समयबद्ध कार्य निष्पादन के प्रति सतर्क रहने का संदेश गया है।

## संपादकीय

# मुसीबत में पाकिस्तान

मध्य-पूर्व की जंग पहले से ही अनेक मुश्किलों में घिरे पाकिस्तान के लिए बड़ी मुसीबत लेकर आयी है। अमेरिका और ईरान में युद्ध से दुनिया में तेल संकट गहराया हुआ है और पाकिस्तान इससे पहले ही बेहाल नजर आ रहा है। दूसरी ओर पड़ोसी देश पर कर्ज भी लगातार बढ़ता जा रहा है, इस बीच अफगानिस्तान के साथ जंग से उसे तगड़ी मार पड़ी है। एक साथ ट्रिपल अटैक ने पाकिस्तान का तेल निकाल दिया है। पहले से ही आर्थिक संकट के चलते भारी भरकम कर्ज के बोझ तले देश का ईरान युद्ध से तेल बंद हुआ तो अफगानिस्तान से साथ जंग ने देश की महंगाई बढ़ाकर इकोनॉमी पर संकट बढ़ा दिया है। पाकिस्तान लंबे समय से आर्थिक संकट झेल रहा है और इससे उबरने के लिए वो तमाम मित्र देशों के साथ ही आए दिन आईएमएफ और विश्व बैंक के सामने कटोरा लेकर मदद मांगता नजर आता रहा है। हालांकि, भारी-भरकम आर्थिक मदद मिलने के बाद भी देश के हालात बदतर बने हुए हैं। पाकिस्तान पर जनवरी 2026 तक कुल कर्ज 79,322 अरब पाकिस्तानी रुपये तक पहुंच गया है। पाकिस्तान के कर्ज में घरेलू उधार में तेज उछाल आया है। देश की संघीय सरकार का घरेलू कर्ज जनवरी 2026 तक 55,978 पाकिस्तानी अरब रुपये तक पहुंच गया था। इसके अलावा बाहरी कर्ज 23,344 अरब पाकिस्तानी रुपये हो गया जो जीडीपी का करीब 70 प्रतिशत है और पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली का बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान आईएमएफ का सबसे बड़ा कर्जदार है और 1958 से अब तक 26 आईएमएफ बेलआउट कार्यक्रमों के जरिए 34 अरब डॉलर के आसपास की मदद ले चुका है। आईएमएफ के कर्ज के सहारे चल रहा पाकिस्तान पहले से ही दिवालिया स्थिति में है और वर्तमान के बिगड़े ग्लोबल हालात इकोनॉमी को गहरी चोट पहुंचा सकते हैं। पाकिस्तान पर दूसरा अटैक मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध से हुआ है। दरअसल, अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग से तेल संकट गहरा गया है और पूरी तरह तेल के आयात पर निर्भर पाकिस्तान में कोहराम मचा है। हालात ये है कि पाकिस्तान में तेल की कमी के चलते पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिए गए, सरकारी गाड़ियों में 60 प्रतिशत कटौती, सांसदों और मंत्रियों की सैलरी कट, सरकारी विभागों के गैरजरूरी खर्च में 20 प्रतिशत की कटौती, बैठकों को वर्चुअल और पढ़ाई को ऑनलाइन में शिफ्ट करना समेत अन्य उपाय लागू किए गए हैं जो कोरोना काल जैसे ही हैं। मध्य-पूर्व की जंग से पाकिस्तान की बदहाल इकोनॉमी को और झटका लग सकता है। खुद पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री पूर्व वित्त मंत्री हाफिज पाशा ने चेतावनी दी है कि अगर ये युद्ध जारी रहा और क्रूड प्राइस 100 डॉलर के पार बने रहे तो पाकिस्तानी जीडीपी पर निगेटिव इम्पैक्ट पड़ सकता है। पेट्रोलियम आयात में बढ़ोतरी के चलते अगले साल पाकिस्तान को 12-14 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने एक और संकट की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमतें रूस-यूक्रेन युद्ध के बराबर 120 डॉलर के स्तर पर पहुंचती हैं तो पाकिस्तान में महंगाई कोहराम मचा सकती है और फिर उसी दौर के करीब 30 प्रतिशत पर पहुंच सकती है। उस समय लोग आटा, दाल के लिए अपनी जान पर खेलते नजर आए थे तो वहीं अब फिर से फ्यूल की कमी पाकिस्तान का तेल निकालती नजर आ रही है। पहले से ही बदहाल पाकिस्तान के लिए मुसीबत अफगानिस्तान के साथ चल रहे उसके युद्ध ने और भी बढ़ा दी है। हालांकि, ये संघर्ष 2025 के अंत में ही सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद शुरू हो गया था और अब ये भीषण रूप ले चुका है। युद्ध की टेंशन में आयात और निर्यात सुस्त पड़ गया है। सीमा पर तनाव ने जरूरी सामानों की आवाजाही बाधित कर दी है जिससे पाकिस्तान में तमाम जरूरी चीजों के दाम में तेज इजाफा हुआ है और देश के लोगों पर महंगाई की तगड़ी मार पड़ रही है। आने वाले दिनों में पाकिस्तान के हालात बद से बदतर होने के पूरे इमकान नजर आ रहे हैं।

## कटाक्ष

हसन जैदी



# अफगानिस्तान में युद्ध की आड़ में नरसंहार



सुनील कुमार महता

**मीडिया में आई खबरों से पता चला है कि काबुल के एक नशामुक्ति केंद्र पर हुए इस हमले में 500 से अधिक लोगों की मौत हो गई है जबकि 265 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह हमला एक बड़े अस्पताल पर किया गया जिसमें लगभग 2000 बिस्तरों की सुविधा थी और उस समय 1000 से अधिक मरीज वहां इलाज करा रहे थे। हमला रात करीब 9 बजे हुआ जब अधिकतर मरीज सो चुके थे या सोने की तैयारी में थे। इस हमले में मारे गए लोगों में ज्यादातर मरीज और नशामुक्ति केंद्र के कर्मचारी शामिल थे।**

हाल ही में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच 16 मार्च 2026, सोमवार रात को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हवाई हमला कर एक नया विवाद और टकराव का मोर्चा खोल दिया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह हमला मानवता पर एक बेहद क्रूर वार के रूप में देखा जा रहा है जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। मीडिया में आई खबरों से पता चला है कि काबुल के एक नशामुक्ति केंद्र पर हुए इस हमले में 500 से अधिक लोगों की मौत हो गई है जबकि 265 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह हमला एक बड़े अस्पताल पर किया गया जिसमें लगभग 2000 बिस्तरों की सुविधा थी और उस समय 1000 से अधिक मरीज वहां इलाज करा रहे थे। हमला रात करीब 9 बजे हुआ जब अधिकतर मरीज सो चुके थे या सोने की तैयारी में थे। इस हमले में मारे गए लोगों में ज्यादातर मरीज और नशामुक्ति केंद्र के कर्मचारी शामिल थे। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि यह इंसानियत पर सीधा हमला है। वास्तव में, अस्पताल वह स्थान होता है जहां जीवन बचाया जाता है न कि छीन लिया जाता है। वहां मौजूद डॉक्टर, मरीज, उनके परिजन और कर्मचारी किसी युद्ध का हिस्सा नहीं थे, इसलिए यह पूरी तरह से एक अमानवीय कृत्य ही कहा जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों के अनुसार अस्पतालों और नागरिक ठिकानों पर हमला करना युद्ध अपराध माना जाता है। जिनेवा कन्वेंशन भी स्पष्ट रूप से यह कहता है कि जीवन रक्षक ढांचों (अस्पताल) और मेडिकल स्टाफ को हर हाल में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। ऐसे हमले न केवल कानूनी रूप से गलत हैं बल्कि नैतिक रूप से भी पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्ष 2022 के बाद से यूक्रेन में ही विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं पर 2881 हमले हो चुके हैं। यह स्थिति बताती है कि दुनिया में अब न तो नियमों का डर रह गया है और न ही नैतिकता की चिंता। पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट में केवल अस्पताल ही नहीं, बल्कि पानी और तेल के ठिकानों को भी लगातार निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में पानी, तेल और गैस की कमी विश्व के विभिन्न देशों में लगातार महसूस भी की जा रही है। वास्तव में यह हमला पाकिस्तान की दोगली नीति को उजागर करता है- एक ओर वह शांति की बात करता है और दूसरी ओर हिंसा। पाठक जानते हैं कि पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवाद को बढ़ावा देता रहा है और अपनी आंतरिक समस्याओं को छिपाने के लिए सीमापार हिंसा का सहारा लेता है। हाल फिलहाल, हमारे देश भारत ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे नरसंहार बताया है। वास्तव में पाकिस्तान का काबुल में हमला, अफगानिस्तान की संप्रभुता पर सीधा हमला ही कहा जा सकता है। पाकिस्तान के काबुल में इस हमले के बाद अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय से लगातार यह मांग की जा रही है कि पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराया जाए और उस पर कड़े आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंध लगाए जाएं। लेकिन यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि संयुक्त राष्ट्र और कई शक्तिशाली देश ऐसे मामलों में अक्सर चुप रहते हैं। यहां सवाल यह उठता है कि क्या उन्हें एकजुट होकर ऐसे हमलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? सच तो यह है कि केवल निंदा से काम नहीं चलेगा, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ठोस व सख्त से सख्त कदम उठाने होंगे।इसी बीच, पाकिस्तान का यह दावा है कि उसने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था, लेकिन यह दावा संदेह के घेरे में है और इसे अपनी गलती छिपाने की कोशिश माना जा रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि यह पहली घटना नहीं है। पिछले वर्ष भी पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष के दौरान हिंसा हुई थी। इतना ही नहीं, दुनिया के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह की अनेक घटनाएं सामने आई हैं। गौरतलब है कि दक्षिण लेबनान में एक मेडिकल सेंटर पर हमले में 12 स्वास्थ्य कर्मियों की मौत हुई थी। लेबनान के अनुसार, इस संघर्ष में अब तक 37 चिकित्सा केंद्रों पर हमले हो चुके हैं और 31 स्वास्थ्यकर्मी मारे गए हैं। वास्तव में यह स्थिति मानवीय संकट की गंभीरता को दर्शाती है और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहे गहरे प्रभाव को उजागर करती है। इसी तरह ईरान पर हमले के दौरान एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से लगभग 170 लोगों की मौत हुई जिनमें अधिकतर बच्चे थे। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का प्रभाव आज लगातार कम होता जा रहा है और दुनिया में ताकत ही सबसे बड़ा आधार बनती जा रही है। इसलिए यह बहुत ही जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय मिलकर निष्पक्ष जांच करे और दोषियों को सजा दिलाए। इस हमले के बाद अफगानिस्तान में गहरा आक्रोश है और तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने पाकिस्तान के साथ बातचीत बंद करने की घोषणा कर दी है, जिससे संकेत मिलता है कि आगे और तनाव बढ़ सकता है। सैन्य दृष्टि से देखा जाए तो पाकिस्तान के पास मजबूत वायु सेना है, जबकि अफगानिस्तान अपेक्षाकृत कमजोर है। अफगानिस्तान के पास मिसाइलें तो हैं, लेकिन लड़ाकू विमान नहीं हैं। यह स्थिति दिखाती है कि किसी भी देश के लिए अपनी रक्षा व्यवस्था मजबूत रखना कितना जरूरी है, क्योंकि युद्ध केवल इरादों से नहीं, बल्कि तैयारी से लड़े जाते हैं। दोनों देशों (पाकिस्तान-अफगानिस्तान) के बीच तनाव नया नहीं है। 27 फरवरी को भी पाकिस्तानी हमलों में अफगानिस्तान के 22 ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इन घटनाओं के बाद दोनों पक्षों में लगातार हिंसा जारी है। सीमा विवाद और आतंकियों की आवाजाही भी तनाव का बड़ा कारण है। चीन, जो दोनों देशों से संबंध रखता है, ने 12 मार्च को संयम बरतने की अपील की थी, लेकिन इसका असर दिखाई नहीं दिया। अब फिर से शांति की अपील की जा रही है, लेकिन हालात को देखते हुए तनाव कम होता नहीं दिख रहा। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस हमले को बर्बर और अमानवीय बताया है और पाकिस्तान पर आरोप लगाया है कि वह नरसंहार को सैन्य कार्रवाई का रूप देने की कोशिश कर रहा है। सच यही है कि कोई भी धर्म, कानून या नैतिकता अस्पतालों और मासूम लोगों पर हमले को सही नहीं ठहरा सकती। विडंबना यह भी है कि जिस देश पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप लगते रहे हैं, वही अब दूसरों पर आरोप लगा रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि क्षेत्र में शांति चाहिए तो आतंकवाद की जड़ों को समाप्त करना ही एकमात्र समाधान है। अंत में यही कहा जा सकता है कि यह हमला न केवल दो देशों के बीच तनाव को बढ़ाएगा बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और मानवता के लिए खतरा बन सकता है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर ठोस और निष्पक्ष कार्रवाई की सख्त आवश्यकता है।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे-
vishwavarta.response@gmail.com

# बिहार की राजनीति में बदलता सत्ता समीकरण



क्रांति कुमार पाठक

अभी कुछ दिनों पहले ही भारत का चुनाव आयोग ने असम व पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में चुनाव का एलान किया है। किंतु, उसके पहले बिहार में चार महीने के अंदर ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने अपना दूसरा बड़ा राजनीतिक समर अपने नाम किया है और भाजपा की ताकत इसमें सबसे ज्यादा दिखी है। दरअसल, 16 मार्च को बिहार की पांच राज्यसभा सीटों पर चुनाव हुआ। इसमें चार सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत तय थी। जबकि एक पर सस्पेंस था। लेकिन वह भी माहिर मैनेजमेंट के कारण सत्तारुढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की झोली में आ गई और चारों खाने चित नजर आया। इस तरह बिहार के 243 विधायकों में 202 विधायक, बिहार के 40 सांसदों में 30 सांसद, राज्यसभा के 16 सांसदों में से 12 राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के होने के बाद अब अगला लक्ष्य भी भाजपा का सामने दिखाई दे रहा है। ऐसे में एक लंबे इंतजार के बाद अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के बैनर तले भारतीय जनता पार्टी बिहार में एक नया सत्ता अध्याय लिखने की तैयारी में है। जाहिर है उन पांच राज्यों जहां विधानसभा चुनाव होने हैं से कम राजनीतिक सरगर्मी बिहार में भी नहीं है। दरअसल, इतिहास बदलने की तैयारी चल रही है। संभव है कि इस अक्षय तृतीया पर वह नया अध्याय शुरू हो। क्योंकि अभी खरमास चल रहा है और भाजपा इसमें नया कुछ भी नहीं करती है। ऐसे में भाजपा के नए अध्याय की शुरुआत से पहले उसकी ताकत भी समझनी चाहिए। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार की 40 में से 30 सीटें जीत ली थीं। इसके बाद, बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राजग ने राज्य की 243 सीटों में से 202 अपने नाम कर लिया। वहीं अब 16 मार्च 2026 को जब राज्यसभा की पांच सीटों पर चुनाव हुआ तो उसकी सभी सीटों पर जीत हो गई। इस जीत के बाद बिहार से राज्यसभा की 16 सीटों में से 12 राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पास हैं। बिहार में 2020 के विधानसभा चुनाव तक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के अंदर 'बड़ा भाई-छोटा भाई' की बात होती थी। बिहार में निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी- जदयू को बड़ा भाई का मुकाम हासिल था। लेकिन, 2020 के चुनाव ने सबकुछ बदल डाला। चिराग पासवान की बगावत ने जदयू को एक बार जो छोटा किया तो फिर वापसी नहीं हो सकी। अब 'बड़ा भाई-छोटा भाई' वाला सवाल भी नहीं आता। लोकसभा चुनाव 2024 में भले ही जदयू-भाजपा को 12-12 सीटें मिलीं और बराबरी की बात हुई, लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा ने जदयू को पीछे छोड़ दिया। भाजपा के 89 और जदयू के 85 विधायक बने। अब राज्यसभा में बिहार का प्रतिनिधित्व देखें तो भाजपा के सात और जदयू के चार सांसद हैं। जहां तक विधान परिषद् का सवाल है तो वहां भी जदयू के 20 के मुकाबले 22 सीटों के साथ भाजपा आगे है। हालांकि विधान परिषद् का हिसाब बदलने वाला है, इसलिए फिलहाल इस गणित को छोड़ देते हैं। विधान परिषद की 17 सीटों पर इसी साल चुनाव होंगे। नौ सीटों का कार्यकाल तो जून 2026 में खत्म होने से पहले मई में चुनाव होंगे। इनमें से जदयू के पास तीन, राजद के पास दो, कांग्रेस और भाजपा की एक-एक सीट है। दो पहले से खाली हैं। नवंबर में खाली होने वाली आठ सीटों में दो भाजपा की हैं। एक-एक सीपीआई-कांग्रेस-जदयू की और दो निर्दलीय हैं। इनमें चार सीटें स्नातक और चार शिक्षक कोटे की हैं। बिहार में भाजपा अब पहली बार अपना मुख्यमंत्री लाने की तैयारी में है। इसी तैयारी के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा के लिए राजी कराया गया है। वह अब दिल्ली चले जाएंगे और बिहार में भाजपा का पहली बार मुख्यमंत्री चेहरा होगा। चेहरा कौन होगा, इस पर तब तक संशय बना रहेगा- जब तक कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दे देते हैं। मौजूदा उप मुख्यमंत्रियों में सम्राट चौधरी का नाम आगे चल रहा है। बाकी करीब 10 नाम और चल रहे हैं। यह तय है कि अगड़ी जाति से मुख्यमंत्री देने की तैयारी नहीं है। ऐसे में बाकी जातियों के नेता इंतजार में ज्यादा हैं। अगर भाजपा मुख्यमंत्री देने में सफल रहती है तो यह बिहार में पहला मौका होगा।



## कविता



ज्योति वर्मा

### नव वर्ष की बेला

नव वर्ष की बेला आई।
आओ हम सब दीप जलाएं ।
खुशियां बांटे नाचें गाएं।
सबकी बगिया बेला महकाएं ।
अशिक्षा का घनघोर अंधेरा।
शिक्षा की हम अलख जगाएं ।
धरती मां की हम सब संतानें।
एक ही मिट्टी सबको बनाए।
एक खून हैं हम सब इंसान।
सब मिलकर एक हो जाएं।
उस मां को करें प्रणाम हम।
जिसे इंतजार है कोई आए।
कोई जिनका रह न गया हो।
चलो उन्हें खुशियां दे आएं।
खुला आसमां जिनके सर पर।
चलो उन्हें हम छत्र दिलाएं।
वो नौनिहाल जो हैं अनाथ।
उनके मात-पिता बन जाएं।
जहां सभी मस्ती में खोएं।
कोई दुखिया रह न जाए ।
तभी सार्थक नूतन वर्षाभिनंदन।

# शक्ति, साधना व आत्मजागरण का महापर्व चैत्र नवरात्रि



अरविंद रावल

भारतीय संस्कृति में पर्व केवल उत्सव नहीं होते, वे जीवन को दिशा देने वाले आध्यात्मिक सूत्र होते हैं। चैत्र नवरात्रि भी ऐसा ही एक महापर्व है, जो शक्ति, साधना और आत्म जागरण का संदेश लेकर आता है। वैदिक परंपरा के अनुसार, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नववर्ष का आरम्भ होता है जिसे गुड़ी पड़वा के रूप में भी मनाया जाता है। यही वह कालखंड है जब प्रकृति नवजीवन धारण करती है और मनुष्य को भी अपने भीतर नई ऊर्जा का संचार करने का अवसर मिलता है। चैत्र नवरात्रि के नौ दिन केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं हैं बल्कि यह आत्मशुद्धि, अनुशासन और आत्मबल अर्जित करने का सशक्त माध्यम हैं। माँ दुर्गा की उपासना के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त करने का संकल्प लेता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि असली शक्ति बाहरी साधनों में नहीं, बल्कि हमारे अंतःकरण की पवित्रता और दृढ़ संकल्प में निहित है। इस नवरात्रि का महत्व इसलिए भी विशेष है कि इसी काल में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्म हुआ था। राम ने भी लंका विजय से पूर्व माँ दुर्गा की आराधना कर यह सिद्ध किया कि बिना शक्ति साधना के कोई भी महान लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। उनकी भक्ति और समर्पण इस बात का प्रतीक है कि जब मनुष्य पूर्ण श्रद्धा से साधना करता है, तो स्वयं दिव्य शक्ति भी उसका मार्ग प्रशस्त करती है। आज के दौर में नवरात्रि की वास्तविक भावना कहीं न कहीं बाहरी आडंबरों में खोती जा रही है। उपवास और पूजा का स्वरूप दिखावे तक सीमित होता जा रहा है, जबकि इसका मूल उद्देश्य आत्मसंयम और अंतर्मन की शुद्धि है। सच्चा व्रत वही है, जो शरीर को नहीं, बल्कि मन को अनुशासित करे। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर शुद्ध भाव से किया गया संकल्प ही साधना को सार्थक बनाता है। दुर्गा सप्तशती का पाठ, मंत्र जाप और सात्विक जीवनशैली केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा को जागृत करने के प्रभावी साधन हैं। महर्षि मार्कण्डेय द्वारा वर्णित सप्तशती के 700 श्लोक आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, क्योंकि वे मनुष्य को भय, भ्रम और नकारात्मकता से मुक्त कर आत्मविश्वास और शांति प्रदान करते हैं। विशेष रूप से आज की युवा पीढ़ी के लिए यह पर्व एक महत्वपूर्ण संदेश लेकर आता है। आधुनिक तकनीक और मोबाइल आधारित जीवनशैली ने मनुष्य को बाहरी रूप से तो सक्षम बनाया है, लेकिन आंतरिक रूप से वह विचलित और अस्थिर होता जा रहा है। ऐसे में नवरात्रि के नौ दिन आत्मचिंतन, संयम और आत्मबल को पुनः जागृत करने का स्वर्णिम अवसर हैं। यदि युवा इन दिनों में थोड़ी देर के लिए भी आभासी दुनिया से दूरी बनाकर आध्यात्मिक जीवन को अपनाएं, तो वे स्वयं में आश्चर्यजनक सकारात्मक परिवर्तन अनुभव कर सकते हैं। भारत की शक्ति केवल उसकी तकनीकी प्रगति में नहीं, बल्कि उसकी आध्यात्मिक विरासत में निहित है। यही कारण है कि हजारों वर्षों पूर्व हमारे ऋषि-मुनियों ने चैत्र नवरात्रि से




नववर्ष की शुरुआत का विधान किया, ताकि मनुष्य वर्ष के प्रारंभ में ही अपने मन, बुद्धि और आत्मा को संतुलित कर सके। अंततः चैत्र नवरात्रि हमें यह सिखाती है कि जीवन में सफलता, शांति और समृद्धि प्राप्त करने के लिए बाहरी संसाधनों से अधिक आवश्यक है आंतरिक शक्ति का जागरण। जब मनुष्य अपने भीतर की दिव्य ऊर्जा को पहचान लेता है, तभी वह सच्चे अर्थों में विजयी बनता है।

# नवसंवत्सर का प्रथम सूर्योदय : गुड़ी पड़वा की महिमा



कृति आरके जैन

जब नई शुरुआत की पहली आहट समय के द्वार पर दस्तक देती है और प्रकृति मुस्कुराकर नवजीवन का स्वागत करती है, तब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का पावन प्रभात एक अलौकिक आभा लेकर अवतरित होता है। यह केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन में नए सृजन, नई आशा और नए उत्साह का उज्ज्वल आरंभ है जिसे हम गुड़ी पड़वा के रूप में मनाते हैं। स्वर्णिम किरणों के साथ जब यह दिन धरती को आलोकित करता है, तब हर आंगन में आशा की ध्वजा फहराती है और हर हृदय में नववर्ष का उत्साह उमड़ पड़ता है। यह उत्सव समय के चक्र में वह पवित्र बिंदु है जहां अतीत का अनुभव और भविष्य की संभावनाएं एक साथ मुस्कुराती हैं। जब इतिहास, आस्था और सृष्टि की स्मृतियां एक साथ जाग उठती हैं, तब गुड़ी पड़वा का असली महत्व सामने आता है। यह केवल परंपरा नहीं बल्कि उस दिव्य क्षण की याद है जब ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की। यह दिन धर्म की विजय का प्रतीक है, जहां सत्य ने असत्य पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। श्रीराम का अयोध्या आगमन हो या छत्रपति शिवाजी महाराज का स्वराज्य, हर गाथा इस दिन जीवंत हो उठती है। शालिवाहन की विजय इसे नवसंवत्सर का आधार बनाती है और यह संदेश देती है कि हर संघर्ष का अंत विजय में ही होता है। यह संगम गुड़ी पड़वा को अमर परंपरा और साहस, विश्वास की ज्योति बनाता है। जब प्रकृति स्वयं नवजीवन के उत्सव में डूब जाती है, तब इस दिन का खगोलीय और प्राकृतिक महत्व और भी स्पष्ट हो जाता है। वसंत का पूर्ण जागरण, सूर्य की कोमल ऊष्मा और खेतों में लहराती सुनहरी फसलें इस बात की साक्षी हैं कि धरती नई ऊर्जा से भर उठी है। रबी फसलों की कटाई और नई बुआई की तैयारी इस पर्व को किसान के जीवन से गहराई से जोड़ती है। यह दिन सहज ही यह संदेश देता है कि परिवर्तन ही जीवन का शाश्वत सत्य है, और हर अंत अपने भीतर एक नए आरंभ की संभावना संजोए होता है। इसी कारण गुड़ी पड़वा केवल धार्मिक उत्सव नहीं रहता, बल्कि यह प्रकृति, विज्ञान और जीवनदर्शन का अद्भुत संगम बन जाता है। गुड़ी पड़वा का सबसे जीवंत रूप गुड़ी की स्थापना में दिखाई देता है, जो विजय और समृद्धि का प्रतीक है। ऊंचे बांस पर सजे रेशमी वस्त्र, कड़ुनिंब की पत्तियां, आम के तोरण, पुष्पमालाएं और शीर्ष पर तांबे का कलश—सब मिलकर एक दिव्य ध्वज बनाते हैं। यह सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि आशा, एकता और अडिग विश्वास का संकल्प है। जब यह ध्वज पूर्व दिशा में लहराता है, तो ऐसा लगता है मानो सूर्य स्वयं इसकी आभा को नमन कर रहा हो। हर झोंका इसमें संदेश भर देता है—ऊपर उठो, आगे बढ़ो और हर परिस्थिति में विजय पाओ। जब श्रद्धा और उत्साह घर की चौखट पर उतरते हैं, तब गुड़ी पड़वा के अनुष्ठान पूर्ण रूप में जीवंत हो उठते हैं। प्रातः स्नान के बाद परिवार मिलकर गुड़ी की स्थापना करता है जो केवल परंपरा नहीं बल्कि सामूहिक आस्था और आनंद का उत्सव बन जाती है। रंगोली, तोरण और नए वस्त्रों में सजे चेहरे घर को दिव्य आभा से भर देते हैं। मंत्रों की गूंज, दीपशिखा की उज्ज्वल लौ और धूप की सुगंध इस अनुष्ठान को सिर्फ पूजा नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और जीवन में मंगल की कामना का शक्तिशाली माध्यम बना देती हैं। जब स्वाद में भी परंपरा की आत्मा बसती है, तब यह उत्सव और भी पूर्ण हो उठता है। गुड़ी पड़वा के पारंपरिक व्यंजन केवल भोजन नहीं, बल्कि जीवन के संतुलन का संदेश हैं। कड़ुनिंब की कड़वाहट और मिठास का संगम यह सिखाता है कि जीवन के हर अनुभव का अपना महत्व है। पूरनपोली, श्रीखंड और अन्य पकवानों की सुगंध घर-आंगन में आनंद घोल देती है। यह पाक परंपरा केवल स्वाद की तृप्ति नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, संस्कृति और प्रकृति के संतुलन का प्रतीक है, जो हमें ऋतु के अनुरूप जीवन जीने की प्रेरणा देती है। जब समाज एक साथ उल्लास में खिल उठता है, तब गुड़ी पड़वा अपनी पूर्णता को प्राप्त करता है। यह पर्व केवल घर तक सीमित नहीं, बल्कि गलियों, बाजारों और समुदायों में जीवंत हो उठता है। नृत्य, गीत, जुलूस और पारंपरिक वेशभूषा इस दिन को रंग और उत्साह से भर देते हैं। नई शुरुआत की हलचल और सपनों की तैयारी हर ओर दिखाई देती है। आधुनिक युग में भी यह पर्व अपनी जड़ों को संजोकर नई पीढ़ी को सिखाता है कि परंपरा ही भविष्य की ऊंचाइयों की नींव है। यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक चेतना का प्रखर प्रतीक बनकर उभरता है। जब हर अंत एक नई शुरुआत का संकेत बन जाता है, तब गुड़ी पड़वा का वास्तविक अर्थ प्रकट होता है। यह केवल उत्सव नहीं बल्कि जीवन को दिशा देने वाला एक प्रखर संदेश है। यह अंधकार को चीरकर प्रकाश की राह दिखाता है और हर हृदय में आशा की ज्योति जगा देता है। यह हमें दृढ़ विश्वास दिलाता है कि हर नई शुरुआत अनंत संभावनाओं का द्वार खोलती है। यह पर्व समय से परे साहस, विश्वास और पुनर्निर्माण की जीवंत अनुभूति है। जब तक गुड़ी का ध्वज लहराता रहेगा, तब तक विजय का संकल्प अडिग रहेगा। इसका अमर संदेश सदा गूंजता रहेगा, हर दिन एक अवसर है और हर मन में एक नई सृष्टि रचने की शक्ति।

## एक नजर

### दीपू ने निभाया सात फेरों का धर्म, आठ वर्षों से चल रहा था पत्नी से विवाद, दी मुखाग्नि



**महोली (सीतापुर)।** पिछले आठ वर्षों से पत्नी रीमा मायके में रह रही थी। पति दीपू से उसकी बातचीत नहीं होती थी। अदालत में दोनों के मध्य वाद भी चल रहा था, लेकिन सोमवार रात रीमा के कथित प्रेमी भारत ने उसकी हत्या करके खुद की फांसी के फंदे से झूल गया था। पत्नी की हत्या होने की जानकारी मिलने पर बुधवार को दीपू अपनी ससुराल देवकली पहुंचा और पत्नी को हिंदू रीति रिवाज से मुखाग्नि दी। दीपू के इंसानियत व पति धर्म की देवकली व आसपास के गांवों में लोग प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। उल्लेखनीय है कि देवकली निवासी पहलवान की पुत्री रीमा की 20 वर्ष पहले कुसैला निवासी दीपू से हुई थी। रीमा के दो बेटे व एक बेटी है। पति से विवाद होने के बाद पिछले आठ वर्षों से रीमा अपने पिता के घर में बच्चों के साथ रह रही थी। बताते हैं कि पहलवान के पड़ोसी भारत का रीमा से प्रेम प्रसंग चलने लगा था। सोमवार शाम को दोनों की मोबाइल पर बात हुई जिसके बाद रीमा घर से चली गई। मंगलवार को रीमा का शव गांव के बाहर एक खेत में पड़ा देखा गया। आरोप है कि भारत ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और घर में खुद भी फांसी के फंदे से झूल गया। मंगलवार देर शाम दोनों के शव पोस्टमार्टम के बाद देवकली पहुंचे तो भारत का अंतिम संस्कार उसके भाई जीवन ने किया। बुधवार को दीपू अपनी ससुराल पहुंचा और पत्नी को मुखाग्नि देकर उसके दूसरे लोक को संवार दिया। हिंदू धर्म में मान्यता है कि विवाहिता की मौत होने पर पति उसका अंतिम संस्कार करता है तो उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। आठ वर्षों से पत्नी से बात न करने वाले दीपू की इंसानियत का हर कोई कायल हो गया।

### शासन ने तीन सभासद किये मनोनीत समर्थकों में भारी उत्साह





**तंबौर (सीतापुर)।** शासन द्वारा स्थानीय आदर्श नगर पंचायत तंबौर अहमदाबाद में तीन नए सभासदों का मनोनयन किया गया है। शासन की ओर से कस्बा निवासी रामसिंह वर्मा, मनोज नाग व अजय पटेल को सभासद के रूप में मनोनयन किया गया है।मनोनीत किए गए तीनों नवनियुक्त सभासद भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय और ऊर्जावान कार्यकर्ता हैं। नावर की राजनीति में उनकी सक्रियता और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए शासन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस निर्णय से नगर पंचायत के विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।जैसे ही शासन द्वारा मनोनयन की आधिकारिक घोषणा हुई, नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिंतकों ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर इस निर्णय का स्वागत किया। समर्थकों का कहना है कि इन जुझारू कार्यकर्ताओं के नगर पंचायत पहुंचने से जनसमस्याओं का समाधान अब और भी प्रभावी ढंग से हो सकेगा। नवनियुक्त सभासदों ने इस जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व और प्रदेश शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे नगर के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास करेंगे। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पूर्व सांसद राजेश वर्मा,जयकुमार वर्मा,बीजेपी मंडल अध्यक्ष अमित सिंह,जिला पंचायत सदस्य राजकिशोर कनौजिया, शिवभगवान गुप्ता, गोपाल पांडेय,सज्जन वर्मा,दिनेश शुक्ला,संजय अवस्थी समेत तमाम लोगो ने तीनों नामित सभासदों को शुभकामनाएं दी है।

### 90 प्रतिशत अंक लेकर आल इंडिया रैंक 21 हासिल कर विवेक कुमार ने किया क्षेत्र का नाम रोशन



**लहरपुर (सीतापुर)।** क्षेत्र के विद्यालय द मिलेनियम एकेडमी के प्रतिभाशाली छात्र विवेक कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया, उन्होंने कुल 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 21 हासिल की जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। ज्ञातव्य है कि क्षेत्र के ग्राम गदियाना निवासी विवेक कुमार ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ निश्चय के बल पर सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने निरंतर अभ्यास और लगन के साथ पढ़ाई कर जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त की उनकी इस सफलता में विद्यालय के शिक्षकों का मार्गदर्शन, परिवार का सहयोग प्रमुख था। विवेक कुमार की सफलता पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक तरनजीत सिंह एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया।

### स्मार्ट मीटर लगाने में ठेकेदारों ने की धांधली, उपभोक्ताओं में आक्रोश



**जहांगीराबाद (सीतापुर)।** विद्युत उप खण्ड सांडा में ठेकेदारों ने स्मार्ट मीटर लगाने में घोर धांधली की है जिसके के चलते उपभोक्ताओं में काफ़ी रोष व्याप्त है उपभोक्ता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले कि जहांगीराबाद कस्बे में इन दोनों स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं पर बहुत जोर डाला गया और जबर्दस्ती से डरा धमका कर मीटर लगा दिया लेकिन ठेकेदारो ने केविल नहीं बदला उपभोक्ता कहते रहे लेकिन ठेकदार ने एक न सुनी अब उपभोक्ताओं को पवार हाउस के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार सांडा पवार हाउस के अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगा दिया गया लेकिन अभी तक किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई है ठेकेदारों ने स्मार्ट मीटर लगाने लोगों के नम्बर बदल दिए है जिससे उपभोक्ताओं के मोबाईल नंबर पर मैसेज दूसरे के पास आ रहे हैं अगर उपभोक्ता आनलाइन भुगतान करना चाहता है तो ओटीपी नहीं आ रही है जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही हैं और विद्युत उप खण्ड सांडा में चक्कर लगाने पड़ रहे हैं लोगों ने इसकी शिकायत भी की लेकिन अभी तक किसी को कोई ठोस सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं जिससे उपभोक्ताओं में काफ़ी रोष व्याप्त है। जहांगीराबाद निवासी देवकी नंदन कहते हैं कि हमारे विधुत कनेक्शन में मेरा मोबाइल नंबर लगा था लेकिन स्मार्ट मीटर लगाने के साथ मेरा मोबाइल नंबर बदल दिया गया जिससे मुझे किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं होती है यही के सद्दाम अहमद कहते हैं कि हमारे मोबाइल नंबर से किसी का खाता नंबर जोड़ दिया गया है और हमारे मीटर से पता नहीं किसका नम्बर बदल गया है बहुत दिक्कत होती है।

# मोबाइल चोर पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया, पैर में लगी गोली

## चोरी के दो मोबाइल फोन, तमंचा व बाइक बरामद

विश्ववार्ता संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामपुरकलां पुलिस और एसओजी की एक संयुक्त टीम ने एक शातिर अपराधी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश की पहचान कौशलेन्द्र कुमार निवासी ककरहिया संकरपुर के रूप में हुई है।

मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने बुधवार को जोधपुर पुलिया के पास एक बाइक सवार आता दिखा जो पुलिस टीम को देखते ही भागने लगा। पुलिस टीम जब घेराबंदी कर उसे पकड़ने के लिए आगे बढ़ी, तो खुद को घिरा देख कौशलेन्द्र ने पुलिस पर फायर कर दिया आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किया। गोली बाइक चला रहे बदमाश के दाहिने पैर में जा लगी। बदमाश बाइक समेत गिर पड़ा। घायल अवस्था में उसे तुरंत दबोच लिया गया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पकड़े गये बदमाश की पहचान रामपुरकलां के ककरहिया निवासी शंकरपुर निवासी कौशलेन्द्र के रूप में हुई। आरोपी रामपुरकलां थाने में मोबाइल चोरी और सेंधमारी के मुकदमें में वांछित था। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन, एक बिना नंबर की पल्सर मोटर साइकिल, एक पिट्ठू बैग और 315 बोर का तमंचा, जिंदा कारतूस और खोखा भी बरामद किया है। एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह ने बताया कि रामपुरकलां थाना प्रभारी लल्ला गोस्वामी और एसओजी प्रभारी सतेन्द्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई है।

### बेटी बढ़ाओ बेटी बचाओं को लेकर किया जागरूक

**लहरपुर (सीतापुर)।** क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर स्थित जनता इंटर कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ विषय को लेकर सेवक सेविकाओं को जागरूक किया गया।इस मौके पर सेवक सेविकाओं को बालिका शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें नारी स्वाभिमान, नारी सुरक्षा व स्वावलंबन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बुधवार को चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में छात्र एवं छात्राओं को बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण आदि के विषय में जानकारी दी गई। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने गांव के विभिन्न मार्गों पर रैली निकाल कर ग्रामीणों को बालिका शिक्षा के लिए जागरूक किया और ग्रामीणों को संकल्प दिलाया कि वह लोग बेटे और बेटियों में कोई भेदभाव न करके उन्हें शिक्षा व अन्य कार्यों में समान अवसर प्रदान करेंगे।

## आयुष्मान कार्ड से पांच लाख का इलाज मुफ्त

### सीएमओ ने प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर किया रवाना

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रचार-प्रसार के लिए राज्य स्तर से भेजी गई डिजिटल एलईडी वाहन को बुधवार को सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न ब्लॉकों के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में घूम-घूमकर योजना का प्रचार-प्रसार करेगी।

सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत आयुष्मान कार्ड बनाए जाते हैं। इस कार्ड के माध्यम से लाभार्थी देश भर में पंजीकृत किसी भी अस्पताल में भर्ती होकर प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का अपना उपचार करा सकता है। उन्होंने योजना के सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वह अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें और शहर से बाहर जाने पर उसे सदैव अपने पास ही रखें, जिससे किसी भी विशेष परिस्थिति में उसका उपयोग किया जा सके। योजना के नोडल अफसर एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. राजशेखर ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत कुल 2,250 बीमारियां शामिल हैं।



इसमें मातृ स्वास्थ्य और प्रसव या उच्च जोखिम प्रसव की सुविधा, नवजात और बच्चों के स्वास्थ्य स्वास्थ्य, कैंसर, टीवी, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी, हार्ट बाईपास सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, आंखों की सर्जरी, दिल की बीमारी, किडनी, लीवर, कोरोनरी बाईपास, घुटना प्रत्यारोपण, स्टंट डालना, आंख, नाक, कान और गले से संबंधित बीमारियां, डायरिया, मलेरिया आदि शामिल है। इस मौके पर योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अभिज्ञान सिंह, खैराबाद सीएचसी के अधीक्षक डॉ. राहिल फरीद एवं जिला आयुष्मान टीम के लोग मौजूद रहे।

## प्रभारी चिकित्साधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि, एएनएम की सेवा समाप्त

### बीपीएम का 15 दिन का वेतन कटा

विश्ववार्ता संवाददाता



**इमलिया सुल्तानपुर (सीतापुर)।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने बुधवार को ब्लॉक ऐलिया के स्वास्थ्य उपकेन्द्र खगसियामऊ में आयुष्मान आरोग्य मंदिर में वीएचएसएनडी सत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने, एएनएम की सेवा समाप्त करने एवं बीपीएम का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

- डीएम के निरीक्षण में खुली स्वास्थ्य सेवाओं की पोल

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एएनएम अलका से गांव की जनसंख्या की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने ड्यू लिस्ट मांगी, जो एएनएम उपलब्ध नहीं करा सकीं। साथ ही गर्भवती महिलाओं का रजिस्टर पूर्ण न होने तथा किसी भी प्रकार की मानिटरिंग न किये जाने पर एएनएम अल्का को नोटिस जारी करते हुये सेवा समाप्ति किये जाने के निर्देश दिए। संबंधित सीएचओ के अनुपस्थित मिलने पर आज का वेतन काटने एवं अनुशासनिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बीपीएम एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी को गंदगी, अभिलेखों के अद्यतन न होने, कार्यों में रूचि न लेने तथा बीपीएम द्वारा मीटिंग आयोजित न किये जाने पर बीपीएम का 15 दिन का वेतन एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से जिलाधिकारी ने वार्ता करते हुये उनके उपकरणों के बारे में जानकारी ली। सैम एवं मैम बच्चों के रजिस्टर का अवलोकन करते हुये कमियां पाये जाने पर दो आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

सीडीपीओ से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये अत्यन्त कमियां पाये जाने पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्राथमिक विद्यालय की देखी व्यवस्थाएं, दिए निर्देश

**इमलिया सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने बुधवार को ऐलिया ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अड़बेनिया ग्रन्ट (शंकरपुर) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान उन्होंने साप्ताहिक आंकलन रजिस्टर का भी अवलोकन किया। कक्षा एक एवं कक्षा दो के बच्चों से पुस्तक पढ़वाते हुये ड्रेस एवं अन्य जानकारियां प्राप्त कीं। कक्षा दो की छात्रा द्वारा पुस्तक अच्छी पढ़े जाने पर प्रशंसा की। निपुण तालिका का भी अवलोकन करते हुये निपुण बच्चों से वार्ता की। रसोई घर पहुंचकर कच्चे खाने की गुणवत्ता चेक करते हुये बच्चों को दिये जाने वाले मैन्यू को भी देखा। प्रधानाचार्य से शुद्ध पेयजल की जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि यदि पानी की टंकी साफ न हो तो उसकी साफ–सफाई अवश्य करायी जाये, जिससे बच्चे बीमार न हों। निरीक्षण के दौरान बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## विदेश भेजने के नाम पर 4 .6 लाख ठगे

विश्ववार्ता संवाददाता

- पांच युवकों ने सीएम के दरबार में लगाई फरियाद, जांच शुरू

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** विदेश भेजने के नाम पर 4.60 की ठगी करने, नकली बीजा व हवाई जहाज के नकली टिकट दिए जाने के मामले में एक वर्ष से स्थानीय पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई न होने पर तीन युवकों ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई। हुए पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर सीओ महमूदाबाद ने जांच शुरू करते हुए बुधवार को पीड़ितों के बयान दर्ज किये।

सदरपुर के बजेहरा निवासी अरविंद पुत्र मिश्रीलाल, दिनेश गौतम पुत्र कंहई, आशीष कुमार पुत्र गया प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार आदि से दिसंबर 2024 में सदरपुर के नवीगंज के राम किशोर व देवरिया के फफूंदी के रुपई के अशोक ने विदेश भेजने के नाम पर 4.60 लाख रुपए लिए थे। जनवरी 2025 में विदेश भेजने के लिए सभी को चेन्नई भेजा किंतु वहां से न तो पीड़ितों को बीजा मिला और न ही टिकट। आखिरकार पांचों युवक वापस आ गए। इसके बाद से दोनों आरोपी कभी विदेश भेजने व कभी पैसे वापस लौटाने के नाम पर पीड़ितों से वादे किए जा रहे हैं। पीड़ितों द्वारा सदरपुर थाने पर सात बार प्रार्थना पत्र देने के अलावा समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगा चुके हैं। कहीं से न्याय न मिलने पर विवस होकर पीड़ित नौ मार्च को लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के दरबार पहुंच फरियाद लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री कार्यालय से जांच के आदेश जब सीओ महमूदाबाद को मिले तो पीड़ितों को बयान के लिए तलब किया गया। बुधवार को पीड़ति महमूदाबाद सीओ कार्यालय पहुंचे और अपने बयान दर्ज कराते हुए साक्ष्य प्रस्तुत किए। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से मिले प्रार्थनापत्र की पूरी निष्पक्षता से जांच की जा रही है।

## पिछले नौ वर्षों में जिले में हुआ विकास : मयंकेश्वर

### प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर गिनाई सरकार की उपलब्धियां

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने बुधवार को भूमिजा बहुउद्देशीय हाल खैराबाद में प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं व विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुये पात्रों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नौ वर्षों में जिले में काफी परिवर्तन देखने को मिला है। नैमिषारण्य का जो विकास हो रहा है, उससे नैमिषारण्य एक वृहद तीर्थ के नाम से जाना जायेगा। इन नौ वर्षों में प्रदेश ने खूब तरक्की की है तथा हमारी सरकार ने भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की है। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक एक विकसित के रूप में स्थापित होगा। विधायक सेवता ज्ञान तिवारी ने कहा कि सभी नारी शक्ति जो विभिन्न रूप में कार्य कर रही है, चाहें वह जिन क्षेत्र की हों, उनके लिये हमारी सरकार निरन्तर कार्यरत है। हमारी सरकार पूरी तरह से गांव, गरीब, किसान आदि की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये कार्य कर रही है। उन्होंने गरीबों के उत्थान एवं महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी जोर दिया। प्रभारी मंत्री एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा टीबी मरीजों को पोषण किट, राजस्व विभाग द्वारा घरौनी वितरण, एनआरएलएम के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिस्त पत्र, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर, मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## 'जय गोमती मैया' और 'जय ललिता मैया' के जयकारों से गूंजा नैमिष

### चैत्र अमावस्या पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, लगी आस्था की डुबकी

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** चैत्र माह की अमावस्या के मौके पर बुधवार को जिले के पौराणिक चक्रतीर्थ, कुंडों और नदियों के तट पर आस्था का सैलाब उमड़ा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पूजा-अर्चना कर अपने आराध्य से प्रार्थना की। तीर्थ नगरी नैमिषारण्य में भोर होते ही श्रद्धालुओं ने पौराणिक चक्रतीर्थ समेत मोक्षदायिनी गोमती नदी के जल में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने 'जय गोमती मैया' और 'जय ललिता मैया' के जयकारे लगाए।

श्रद्धालुओं ने चक्रतीर्थ व गोमती नदी में स्नान कर पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने मां ललिता देवी मंदिर, हनुमान गढ़ी, काली पीठ, सूत गद्दी, व्यास गद्दी, बालाजी मंदिर त्रिशक्ति धाम, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, देवदेवेश्वर धाम, रामानुज कोट मंदिर समेत धार्मिक स्थलों के दर्शन-पूजन कर पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर पूजा अर्चना कर देवी-देवताओं से सुख समृद्धि की कामना की। अमावस्या को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंगलवार की शाम को ही नैमिषारण्य पहुंच गए थे। तमाम श्रद्धालु बसों और ट्रेन के माध्यम से तो तमाम श्रद्धालु अपने निजी वाहनों और ट्रैक्टर-ट्राली से भी धर्मनगरी पहुंचे। दिन चढ़ने के साथ ही पौराणिक चक्रतीर्थ और आदि गंगा गोमती नदी के तट पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता रहा।



### सूर्यकुंड मंदिर के सरोवर में लगी आस्था की डुबकी

**लहरपुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर पर अमावस्या के पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सूर्यकुंड मंदिर स्थित पवित्र सरोवर में डुबकी लगाई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर सुख–समृद्धि की कामना की। सुबह होते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर प्रांगण में उमड़ी और जगह–जगह हवन पूजन कर यथासंभव दान पुण्य किया। मान्यता है कि इस सरोवर में स्नान करने से असाध्य रोग भी ठीक हो जाते हैं। मंदिर के पुजारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि, शास्त्रों में अमावस्या का भारी महत्व है और इस पावन दिन पर स्नान दान करने से मनुष्य सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त होता है। मंदिर प्रांगण में लगाए गए मेले में अपनी आवश्यक वस्तुओं की जमकर खरीदारी की और बच्चों ने झूलों का आनंद उठाया।

### श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ पूजा अर्चना के साथ कन्या भोज व भंडारे के साथ संपन्न

**लहरपुर (सीतापुर)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा औघड़ नाथ धाम चंदेसुवा मे श्री मद भागवत ज्ञान यज्ञ एवं श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ पूजा अर्चना के साथ कन्या भोज व भंडारे के साथ संपन्न। यज्ञाचार्य राधा रमण रामानुज वैष्णव दास महराज बनारस व सहयोगी वैदिक मण्डल के आचार्यों के द्वारा वैदिक विधि विधान के साथ वैदिक मन्त्रोंच्चारण के बीच आहुतियां डालकर यज्ञ की पूर्णाहुति की गई। श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास मोहन माधव रामानुज दास महराज के द्वारा सरस संगीतमय काली दहन लीला की कथा का रसपान कराया गया, वृन्दावन से आये कलाकारों के द्वारा मयूर नृत्य, दीप नृत्य, लोक नृत्य के साथ भगवान की अलौकिक झाकियों की प्रस्तुति की गयी, अंत मे फूलो की होली का मंचन किया गया जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

# कलश स्थापना आज, घरों और मंदिरों में होगा मां का स्तुतिगान

■ पहले दिन श्रद्धालु शैलपुत्री की करेंगे आराधना ■ देर शाम तक बाजारों में खरीददारी में जुटे भक्त

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** जगत जननी मां दुर्गा की उपासना का महापर्व (चैत्र) वासंतिक नवरात्र गुरुवार से आरंभ होंगे। नवरात्र के पहले दिन मां भगवती के स्वरूप शैलपुत्री की आराधना की जाएगी। इन बार नवरात्र नौ दिनों के हैं। इस दौरान जगतजननी मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की आराधना की जाएगी।

चैत्र नवरात्र 19 मार्च से शुरू होगा और 27 मार्च को संपन्न हो जाएगा। इस बीच 25 मार्च को निशा पूजा और 27 मार्च को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा।

नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों और घरों को श्रद्धालुओं ने साफ-सुथरा कर मनमोहक सजावट भी पूरी कर ली गई है। बुधवार की देर शाम तक लोग बाजारों में पूजन, फल व अन्य जरूरी सामग्री की खरीददारी की।



गुरुवार की सुबह घरों में शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना होगी। घरों में कलश स्थापना के संग माता का आसन भी लगेगा। नवरात्र को लेकर शहर के आलम नगर स्थित प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर, संतोषी माता मंदिर, धूमावती माता मंदिर, ताड़क नाथ मंदिर, मां काली मंदिर, पंजाबी धर्मशाला के दुर्गा मंदिर, नव दुर्गा मंदिर सहित अन्य कई मंदिरों को फूलों और बिजली की रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया है। बुधवार को देवी भक्त पूजन, व्रत सामग्री के अलावा कलश स्थापना और माता के श्रंगार की सामग्री खरीदते दिखे।

नवरात्र का शुभारंभ होते ही मंदिरों में सुबह से शाम तक दर्शन-पूजन को देवी मंदिरों में आस्था उमड़ेगी, वहीं घरों में भी विधि-विधान से कलश स्थापना के संग भक्त मां दुर्गे का स्तुतिगान करेंगे।

### पहले दिन होगी मां शैलपुत्री की पूजा आराधना

**नैमिषारण्य।** शक्ति स्वरूपा देवियों की पूजा को लेकर प्रमुख शक्ति पीठ मां ललिता देवी मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में साज सज्जा की गई। नवरात्र में लाखों श्रद्धालुओं का इस शक्तिपीठ पर आना होता है। हजारों की तादाद में बच्चों के मुंडन संस्कार आदि कार्य सम्पन्न होते हैं। मंदिरों में पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होगी। यह देवी मनवांछित फल देने वाली हैं, सुबह मंत्रोच्चार के साथ सभी मंदिरों में आस्था की ज्योति जलनी प्रारंभ हो जाएगी। तीर्थ के ललिता देवी मंदिर, कालीपीठ, शीतला माता मंदिर, त्रिपुर शक्ति मंदिर में नवरात्रि को लेकर सभी विशेष तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## सजने लगा अभीष्ट फल देने वाली मां धूमावती का दरबार

### केवल नवरात्र के शनिवार को ही होते हैं दर्शन

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** वासंतिक नवरात्र को लेकर नैमिषारण्य के कालीपीठ स्थित मां धूमावती का दरबार सजने लगा है। अभीष्ट फल देने वाली मां धूमावती के दर्शन केवल नवरात्र के शनिवार को ही होते हैं। इस बार मां के दर्शन 21 मार्च तृतीया तिथि को हो सकेंगे। इस दिन श्रद्धालु मां के दर्शन कर पूजन कर सकेंगे। जिले में मां धूमावती का यह एकमात्र मंदिर है। नवरात्र को पड़ने वाले शनिवार को मां के दरबार में बड़ी संख्या भक्तों की भीड़ उमड़ेगी, श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

कालीपीठ के पीठाधीश्वर गोपाल शास्त्री ने बताया कि महाविद्या उग्र देवी धूमावती देवी का स्वरूप विधवा का है। बताया कि मां का स्वरूप कितना ही उग्र क्यों न हो संतान के लिये वह हमेशा ही कल्याणकारी होता है। मां धूमावती के दर्शन-पूजन से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है। नवरात्र के शनिवार को काले कपड़े में काले तिल की पोटली और नारियल का गोला मां के चरणों में भेंट कर उनसे मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए आराधना की जाती है। परंपरा है कि सुहागिनें मां धूमावती की मूर्ति का स्पर्श नहीं कर करती हैं, वह केवल दूर से ही मां के दर्शन कर सकती हैं। मां धूमावती के दर्शन से सुहागिनों का सुहाग अमर हो जाता है।




मंदिर के संचालक और महन्त पुजारी भाष्कर शास्त्री ने बताया कि नवरात्र के शनिवार को ही माता धूमावती के पट खोले जाते हैं और तभी उनके दर्शन संभव हैं। नैमिषारण्य काली पीठ में स्थित एक मात्र माता धूमावती का मंदिर है। मां धूमावती की महिमा का गुणगान करते हुए बताया कि दस महाविद्या उग्र देवी धूमावती देवी का स्वरूप विधवा का है। कौवा इनका वाहन है, वह श्वेत वस्त्र धारण किए हुए हैं। खुले केश उनके रूप को और भी भयंकर बना देते हैं। इसी कारण से मां धूमावती के प्रतिदिन दर्शन न करने की परंपरा है। उन्होंने बताया कि मां का स्वरूप कितना ही उग्र क्यों न हो संतान के लिये वह हमेशा ही कल्याणकारी होता है। मां धूमावती के दर्शन-पूजन से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है।

## एक नजर

### पारदर्शी और समय सीमा के अंदर शिकायतों का निस्तारण



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 09 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को एक सप्ताह में निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन में आई शिकायतों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारित कराएं। समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण अपने कार्यालय में समस्त कार्य दिवसों में स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें।

### मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन



**श्रावस्ती।** बुधवारको अमरेन्द्र कुमार वरुण, कमान्डेंट 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के दिशा-निर्देशन में सीमा चौकी गुज्जरगौरी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेचुआ में एक मानव चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर का संचालन डॉ. कल्पना महादेव पाटील, सहायक कमान्डेंट (चिकित्साधिकारी) एवं उनकी मेडिकल टीम द्वारा किया गया। शिविर के दौरान कुल 71 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 40 महिलाएं, 30 पुरुष एवं 1 बच्चा शामिल रहे।शिविर में सभी ग्रामीणों को नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाओं का भी नि:शुल्क वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुलभ एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।ग्रामीणों ने सशस्त्र सीमा बल के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की अपेक्षा जताई।

### 350 परिवारों को मिला ईद का तोहफा



**जरवल, बहराइच।** ईद के पावन अवसर पर सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए साहिबे आलम एसडब्ल्यूसी मेंबर, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश द्वारा जरवल नगर के 350 जरूरतमंद परिवारों को ईद उपहार के तहत राशन किट वितरित की गई। कार्यक्रम की अगुवाई फरीद अहमद नेता, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया एवं एडवोकेट अफ़्ताब आलम ने की। फरीद अहमद ने बताया कि इस तरह के आयोजन जरवल नगर में पहले भी किए जाते रहे हैं और पार्टी द्वारा ईद व रमजान के अवसर पर लगातार जरूरतमंदों की मदद की जाती है। वहीं एडवोकेट अफ़्ताब आलम ने इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि जरूरतमंदों को एक जगह इकट्ठा करने के बजाय उनके घर-घर जाकर किट वितरित की जा रही है।

### बिना मान्यता स्कूल में चल रहीं परीक्षाएं



**बाबागंज,बहराइच।** क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आदर्श विद्या मंदिर कटरा में बिना मान्यता के जूनियर कक्षाओं की परीक्षाएं संचालित कराई जा रही हैं। जबकि शिक्षा विभाग इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना मान्यता के परीक्षा कराना पूरी तरह नियमों के विरुद्ध है, फिर भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि संबंधित विभाग को मामले की जानकारी होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की लापरवाही से विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य संकट में पड़ सकता है।

### मां कर्मा देवी जयंती एवं होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब, हजारों ने की सहभागिता



**बहराइच।** मटेरा स्थित तिलक इंटर कॉलेज परिसर में मां कर्मा देवी जयंती एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 15 हजार से अधिक लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे कार्यक्रम ऐतिहासिक बन गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर एवं मां कर्मा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान इंजीनियर अविनाश साहू ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत करते हुए उन्हें विशाल माला पहनाई, चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया तथा तलवार भेंट की। मंत्री आशीष पटेल ने अविनाश साहू की सराहना करते हुए कहा कि यदि उन्हें समाजसेवा का अवसर मिलता है तो वे जनता के बीच एक अलग पहचान स्थापित कर सकते हैं। इस पर उपस्थित जनसमूह ने हाथ उठाकर जोरदार समर्थन भी व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज किशोर साहू एवं गोविंद प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती बबीता साहू, अमृत लाल साहू एवं डी.सी. गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुरेश साहू, राजेश साहू, डॉ. बलिराम साहू, राम प्रकाश साहू, संजय साहू, नंदलाल साहू, ध्रुव साहू, कमल नारायण साहू, मनीष साहू, प्रेम साहू, राधेश्याम गुप्ता, आकाश साहू, विनय साहू, सुधांशु साहू एवं वैभव साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तेजी से विकसित होने वाला राज्य बना उत्तर प्रदेश : सुरेश्वर सिंह

## उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर 09 दिवसीय समारोह का शुभारम्भ

- ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष" शीर्षक से 09 दिवसीय समारोह का शुभारम्भ किया गया। कपूरथला परिसर स्थित उत्थान ऑडिटोरियम में 18 से 26 मार्च 2026 तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने किया।

इस अवसर पर एमएलसी पदमसेन चौधरी, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मैट्रो एकेडमी के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

समारोह के दौरान लोक भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन ने देखा व सुना। अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा प्रदेश सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे, कृषि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। प्रदेश आज भयमुक्त, निवेश के अनुकूल और तेजी से विकसित होने वाला राज्य बन चुका है।

उन्होंने बताया कि बेटियों के सम्मान हेतु विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जन्म से शिक्षा तक आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है, वहीं सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है। महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन 181, वीमेन पावर लाइन 1090 और एंटी रोमियो स्क्वॉड जैसे कदम प्रभावी साबित हुए हैं।

पर्यटन और सांस्कृतिक विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, चित्रकूट और नैमिषारण्य जैसे धार्मिक स्थलों का व्यापक विकास हुआ है, जिससे प्रदेश वैश्विक धार्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में उभरा है। वर्ष 2025 में 1.56 अरब से अधिक पर्यटकों के आगमन के साथ उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर रहा।

गरीब कल्याण योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया गया कि 15 करोड़ से अधिक लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1.86 करोड़ परिवारों को गैस कनेक्शन दिए गए हैं। डीबीटी के माध्यम से 31 विभागों की 191 योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रदीप कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासीराम, जिला सेवा योजन अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना ही मेले का मुख्य उद्देश्य : डीएम



- प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के नौ वर्ष' पूर्ण होने पर 9 दिवसीय प्रदर्शनी व मेले का भव्य आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश सरकार के ''नव निर्माण के नौ वर्ष'' के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में 9 दिवसीय प्रदर्शनी एवं मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाध्यक्ष डा. मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पुलिस विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, नगर पंचायत, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया। जिसका माननीय जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ने भ्रमण कर अवलोकन भी किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 7 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं निक्षयमित्र पहल अभियान के तहत 5 मरीजों को पोषण किट का वितरण किया। इसके अलावा कार्यक्रम में जनपद के स्थानीय कलाकार राजकुमार एवं अपर जिलाधिकारी के आशुलिपिक के0के0 वैश्य द्वारा भक्तिगीत प्रस्तुत किये गये, जिस पर उपस्थित लोगों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के विकास को नई दिशा दे रहा है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी जी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षो में प्रदेश की अर्थव्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूती प्रदान की जा रही है। यही प्रदेश है जहां किसान पहले आत्महत्या करता था, युवा के सामने पहचान का संकट था, इसी प्रदेश में दंगे अराजकता था..। प्रदेश वही है, लेकिन मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व वाली इस सरकार में बदलाव को महसूस किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आज सरकार के ''नव निर्माण के नौ वर्ष'' पूर्ण होने के अवसर पर 9 वर्षो के दौरान जनपद की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आज प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन कर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें विगत नौ वर्षो में जनपद की जो उपलब्धियां रही है, उनकी प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन आपदा विशेषज्ञ अरूण कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी/उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव, सीएमओ डा. एके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. राजपाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. अमरनाथ यति सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं भारी संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा।

# आभूषण व्यापारी पर लोहे की राड से हमला कर जेवरात लूटे, हालत गम्भीर



**श्रावस्ती।** भिनगा नगर के मोहल्ला रजा नगर निवासी अंकित सोनी पुत्र कैलाश सोनी बनभूसरा मोड पर सोने चांदी का कारोबार करते हैं। अंकित शाम को दुकान को बंद करके बाइक से घर लौटने लगे तभी हरिहरपुर सिसवा मार्ग पर बनी एक छोटी सी पुलिया के पास अज्ञात तीन लोग बाइक पर सवार होकर उसका पीछा किया और उस पर लोहे की राड से हमला कर दिया जिससे अंकित गंभीर रूप से घायल होकर अपनी बाइक से नीचे गिर गया। लुटेरोने अंकित के गिरते ही उसका बैग छीन लिया और फरार हो गए। अंकित ने किसी तरह शोर मचाया तो आसपास के लोग दौड़े तब तक लुटेरे भाग चुके थे। अंकित ने घटना की सूचना पुलिस को दी और परिजनों को भी सूचना दी सूचना पाते ही मौके पर पुलिस और परिजन पहुंचे और घायल अंकित को इलाज के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा भेजा जहां उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस ने घटना की तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अंकित सोनी ने बताया कि मेरे बैग में 22 ग्राम सोने की जेवरात थे कुछ अन्य सामान भी थे जिस बदमाश लूट ले गए वह तीन की संख्या में थे और बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।

# ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में धन की बंदरबांट

## आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर जांच की मांग



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पयागपुर, बहराइच।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनघुसरा में विकास कार्यों के लिए आए धन के कथित दुरुपयोग को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता जा रहा है। शिकायतकर्ता ने बिना स्थलीय जांच किए गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

बिशेश्वरगंज विकास क्षेत्र अंतर्गत बनघुसरा निवासी पवन कुमार शुक्ला ने ग्राम प्रधान बलदेव प्रसाद और पंचायत सचिव सुशील कुमार पर विकास कार्यों में अनियमितता और धन के बंदरबांट का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में 1 फरवरी को आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कर जांच और कार्रवाई की मांग की थी।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि पांचवें वित्त आयोग के तहत बीते पांच वर्षों में हैंडपंपों की मरम्मत और रीबोर के नाम पर लाखों रुपये खर्च दर्शाए गए, जबकि अधिकांश नल आज भी खराब पड़े हैं। इसके अलावा लाइटिंग और कायाकल्प योजना के तहत खर्च किए गए धन में भी अनियमितता का आरोप लगाया गया है।

पवन कुमार शुक्ला का कहना है कि जांच के लिए आई टीम ने पांच में से तीन नल खराब पाए जाने के बावजूद "ऑल इज वेल" की रिपोर्ट लगा दी। इस पर उन्होंने 23 फरवरी को दोबारा आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर पुनः जांच की मांग की।

शिकायतकर्ता ने 13 मार्च को जिलाधिकारी के नाम शपथ पत्र देकर दोबारा शिकायत की। साथ ही 16 मार्च को खंड विकास अधिकारी दीपेंद्र पांडेय से मिलकर मामले की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बीडीओ के व्यवहार को लेकर भी आपत्ति जताई, हालांकि बीडीओ दीपेंद्र पांडेय ने ऐसे किसी भी आरोप से इनकार किया है।

वहीं, जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नई जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया है।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की एसडीएम ने करायी जांच

- कहा- मानकों का पालन नहीं किया गया तो भुगतान रोकने के साथ होगी कड़ी कार्रवाई



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पयागपुर, बहराइच।** आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्यों में मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिस पर विरोध होने के बाद प्रशासन हरकत में आया।

रेलवे क्रॉसिंग के पार सड़क किनारे हो रहे निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत मिलने पर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अश्विनी पांडेय मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल कार्य रुकवाया और जांच के लिए उपयोग की जा रही ईंटों के नमूने अपने साथ ले गए।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 8 में रेलवे क्रॉसिंग से पैतोरा मोड़ तक सड़क किनारे इंटरलॉकिंग लगाने का कार्य चल रहा है। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा बिना जेएसबी गिट्टी डाले ही एजिंग का काम शुरू कर दिया गया था। इतना ही नहीं, एजिंग में घटिया किस्म की पीली ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा था और मसाले में भी मानक विहीन सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान तकनीकी निगरानी का भी अभाव है, क्योंकि मौके पर जेई (अवर अभियंता) मौजूद नहीं रहते। शिकायत मिलने पर अवर अभियंता विवेक पाठक ने काम रुकवाने के निर्देश दिए।

विरोध के दौरान वार्ड सभासद रंजीत चौहान भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी कार्य को गुणवत्ता विहीन बताया।

एसडीएम अश्विनी पांडेय ने जांच के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि पहले जेएसबी गिट्टी डालकर सतह को मजबूत किया जाए, उसके बाद ही एजिंग और इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मानकों का पालन नहीं किया गया तो भुगतान रोकने के साथ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### गैस आपूर्ति सामान्य, कालाबाजारी पर सख्त नजर : बृजेश कुमार मिश्र

**अयोध्या।** जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा ने गैस सिलेंडर आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि जिले में घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कल कुल 11,896 सिलेंडरों की बुकिंग के सापेक्ष 9,986 सिलेंडर प्राप्त हुए हैं, जिनकी डिलीवरी 48 घंटे के भीतर सुनिश्चित की जा रही है।

कमर्शियल सिलेंडरों की स्थिति पर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 224 सिलेंडर प्राप्त हुए, जिनमें से 204 सिलेंडर राम जन्मभूमि परिसर को तथा 20 सिलेंडर रेलवे को आवंटित किए जा चुके हैं। इसके बावजूद लगभग 1,910 सिलेंडरों की कमी बनी हुई है। कमर्शियल सिलेंडर की कमी के कारण कुछ स्थानों पर घरेलू सिलेंडरों के उपयोग की शिकायतें सामने आई हैं, हालांकि जहां भी ऐसी सूचना मिल रही है, तो कार्रवाई की जाएगी।

# क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखने का लिया संकल्प

## ईद को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को पीस कमेटी की बैठक



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**नवाबगंज, बहराइच।** आगामी त्योहारों के मद्देनज़र शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को थाना परिसर नवाबगंज में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के पेश इमामों, धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव ने की। इस दौरान मौलाना मतीन अहमद कादरी, शरीफ अहमद शाह, सद्दाम शाह, बेचेलाल जायसवाल, पिंटू गुप्ता, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बेचेलाल जायसवाल एवं ग्राम प्रधान नरेंद्र वर्मा सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता का संदेश देते हैं। सभी ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव बनाए रखें।

थाना प्रभारी रमाशंकर यादव ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था में बाधा डालने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से प्रशासन का सहयोग करने, संवेदनशील मुद्दों पर सतर्क रहने और किसी भी सूचना को तत्काल पुलिस तक पहुंचाने की अपील की।

उन्होंने बताया कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के 18 ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की जाएगी, साथ ही कई मस्जिदों में भी नमाज का आयोजन होगा।

बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मिस्बाह अंसारी, अतुल कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आज अयोध्या आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, तैयारियां तेज



**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अयोध्या आगमन को लेकर योगी सरकार ने जोरदार तैयारियां तेज कर दी हैं। 19 मार्च को हिंदू नववर्ष (वर्ष प्रतिपदा) और चैत्र नवरात्रि के पहले दिन वह रामनगरी पहुंचेंगी। यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी। साथ ही वैदिक अनुष्ठानों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी।

यह दौरा राम मंदिर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा, क्योंकि राम यंत्र की स्थापना मंदिर के द्वितीय तल पर होगी, जो आध्यात्मिक और वास्तुशास्त्रीय दृष्टि से अत्यंत पवित्र मानी जाती हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यक्तिगत निर्देशन में अयोध्या को स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भव्य बनाने का व्यापक अभियान चल रहा है। नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस और अन्य विभाग दिन-रात काम कर रहे हैं ताकि राष्ट्रपति के आगमन के साथ श्रद्धालुओं को असुविधा न हो।

अयोध्या को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प और मजबूत हो गया है। नगर निगम ने राष्ट्रपति के प्रस्तावित मार्गों, राम जन्मभूमि मंदिर परिसर, सरयू घाटों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान छेड़ा है। पूरे नगर निगम क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चल रहा है, जिसमें स्वीपिंग मशीनों से सड़कों की नियमित सफाई शामिल है। सरयू तट पर जेटिंग मशीनों से घाटों की गहन धुलाई की जा रही है, ताकि स्नान घाट स्वच्छ और आकर्षक दिखें।

# रुदौली में नवरात्रि व कामाख्या महोत्सव को लेकर मंथन



- कार्यक्रम स्थल का विधायक ने किया निरीक्षण, बैठक में आयोजन की बनी रणनीति

**रुदौली-अयोध्या।** चैत्र नवरात्रि एवं मां कामाख्या धाम महोत्सव को भव्य, आकर्षक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को नगर पंचायत मां कामाख्या कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली, जिससे महोत्सव की तैयारियों को लेकर गंभीरता और उत्साह का माहौल स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि नवरात्रि और मां कामाख्या धाम महोत्सव क्षेत्र की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला ने कहा कि नगर क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं मार्गों की मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं।

**लापरवाही** अवैध प्लाटिंग-खनन का खेल : प्रशासन बेखबर या मिलीभगत?

# श्मशान-कब्रिस्तान तक नहीं बख्शे, भू-माफियाओं का कब्जा तेज



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**नानपारा, बहराइच।** तहसील क्षेत्र में इन दिनों अवैध प्लाटिंग और खनन का खेल खुलेआम फल-फूल रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा कारोबार प्रशासन की नाक के नीचे संचालित हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग या तो अनजान बने हुए हैं या कार्रवाई से बचते नजर आ रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार जनपद में प्लाटिंग पर कड़े नियम लागू होने के बावजूद नानपारा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नियमों की अनदेखी कर जमीनों की कटिंग और बिक्री की जा रही है। तहसील मुख्यालय के आसपास नवाबगंज रोड, जयपुरिया स्कूल के निकट, बस स्टैंड, बकरी बाजार, शिवपुर रोड गल्ला मंडी, बाईपास क्षेत्र मलंग पूर्वा व मैनेहिया सहित कई इलाकों में अवैध प्लाटिंग तेजी से फैल रही है।

रात के अंधेरे में जेसीबी और डंपरों के जरिए मिट्टी खनन और भरान का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सैकड़ों डंपर रातभर मिट्टी ढोते हैं, लेकिन संबंधित विभागों को इसकी भनक तक नहीं लगती।

सबसे गंभीर मामला यह सामने आया है कि भू-माफियाओं द्वारा श्मशान, कब्रिस्तान और बड़े नालों की जमीनों तक पर कब्जा कर प्लाटिंग की जा रही है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था और भूमि संरक्षण पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मंडी परिषद क्षेत्र के पास लगातार जेसीबी से जमीन समतल करने का काम चल रहा है। क्षेत्रवासियों ने कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं 9 मार्च को बावर्ची टोला निवासी आलोक ने जिलाधिकारी कार्यालय में जैनुल और उनके सहयोगी के खिलाफ रास्ता कब्जाने और अवैध प्लाटिंग की शिकायत दर्ज कराई, लेकिन एक सप्ताह बाद भी मामला जस का तस बना हुआ है।

बिना लेआउट प्लान और वैधानिक प्रक्रिया पूरी किए प्लॉटों की बिक्री की जा रही है। आरोप है कि इसमें विभिन्न विभागों की मिलीभगत से नियमों को नजरअंदाज किया जा रहा है। यहां तक कि बिजली विभाग की लाइन और खंभों को भी कथित रूप से हटाकर प्लाटिंग का रास्ता साफ किया गया है।

क्षेत्र में जमीन की कीमतें 2000 से 5000 रुपये प्रति वर्गफुट तक पहुंचने के बीच बड़े पैमाने पर भूमि समायोजन किया जा रहा है। ऐसे में भूमाफियाओं के खिलाफ क्रमवार रिपोर्ट प्रकाशित होने की चर्चा से संबंधित लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

### अभिषेक गुप्ता को नामित सभासद चुने जाने पर भाजपाइयों में हर्ष

**बीकापुर -अयोध्या।** भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता को नगर पंचायत का नामित सभासद चुने जाने पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना व बीकापुर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया।

अभिषेक गुप्ता जनपद की सभी नगर पंचायत में सबसे कम उम्र 24 वर्ष के नामित सभासद है। उन्होंने बीकापुर नगर पंचायत में भी सबसे कम उम्र का सभासद चुने जाने का रिकॉर्ड भी बनाया है। नगर पंचायत चुनाव के दौरान अभिषेक गुप्ता को चुनाव संयोजक बनाया गया था। तथा अभिषेक गुप्ता की टीम द्वारा चुनावी रण कौशल के चलते नगर पंचायत बीकापुर में पहली बार भाजपा को अध्यक्ष पद पर जीत नसीब हुई थी। शासन द्वारा बीकापुर नगर पंचायत के लिए सूची में तीन नामित सभासदों की सूची जारी की गई है।

## एक नजर

### कार की टक्कर से सब्जी विक्रेता की मौत

**शाहजहांपुर।** जिले में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक सब्जी विक्रेता की मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बतलैया के पास उस समय हुआ, जब मंडी जा रहे ऑटो को पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 40 वर्षीय निसार अली की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। हालांकि, हादसे के बाद कार चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। मृतक निसार अली थाना कटरा क्षेत्र के खड़करी गांव के निवासी थे। वह रोजाना मंडी से सब्जी खरीदकर गांव में बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी और चार बच्चे हैं। उनकी असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार कार चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### विकास भवन में किसान दिवस हुआ संपन्न

**बरेली।** उप कृषि निदेशक महोदय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में उप कृषि निदेशक महोदय की उपस्थिति के साथ-साथ जनपद बरेली के प्रगतिशील कृषक एवं कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विभाग तथा अन्य विभाग के अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा सम्बोधन के संचालन की शुरूआत की गयी तदोपरान्त अधोहस्ताक्षरी के द्वारा विगत माह के किसान दिवसों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में बिन्दुवार अवगत कराया गया। शिकायत के निस्तारण को सुना गया जिसमें सर्वप्रथम कृषक प्रताप सिंह भारतीय किसान यूनियन (शंकर), द्वारा अवगत कराया गया कि अगामी रबी फसल कटाई, खरीद केन्द्रों की तैयारी, बिजली आपूर्ति एवं रसोई गैस व्यवस्था कराये जाने हेतु मांग पत्र दिया गया। कृषक महेन्द्र पाल गंगवार द्वारा बिजली की समस्या, गांव के चौराहों पर कैमरे एवं खराब स्ट्रीट लाइटें सही करवाने हेतु मांग पत्र दिया गया। कृषक यामीन मलिक द्वारा बताया गया गांव में 4 इण्डिया मार्का नल रिबोर होने है गांव में टंकी का पानी भी सुचारू रूप से नही आता है। साथ ही एलाइड विभाग जिला उद्यान अधिकारी, द्वारा उद्यान विभाग में संचालित कृषकोन्मुखी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रु. प्रति कुन्तल निर्धारित है, 107 स्थायी केन्द्र एवं 13 केन्द्र मोबाइल खुले है।

### दरगाह में रोजा इफ्तार का हुआ आयोजन

**बरेली।** आस्ताना ए आलिया मोहम्मदिया (दरगाह वली मियां) में रमज़ानुल माह के मुबारक मौके पर आम रोज़ा इफ्तार हुआ। दरगाह पर इस आम रोज़ा इफ्तार का एहतमाम किया गया। जिसमें सैकड़ो की तादात में लोग रोज़ा इफ्तार किया। सज्जादानशीं अल्हाज अनवर मियां दुआ की। इस मौके पर सय्यद नाज़िर अली (चाँद), ताहिर जमाल, फ़ैज़ी हक़, शाहिद, डा. हारून इक़बाल, डा. फ़रमान, नदीम कुरैशी, सौरभ कुमार (पार्षद), सैफ़ वली खान, ईं. अनीस अहमद, क़दीर अहमद, डा. उस्मान नियाज़, असलम चौधरी, मोहसिन खान, कैफ़ी उल्लाह, आदिल, मोहम्मद उस्मान, मुदस्सर आदि मौजूद रहे।

# 212 नवयुगलों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुआ विवाह

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विधानसभा तिलहर क्षेत्र के निगोही स्थित आदर्श इंटर कॉलेज रामलीला मैदान में बुधवार को भव्य आयोजन में 212 नवयुगलों का विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा एवं ब्लॉक प्रमुख कविता यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान 198 हिंदू और 14 मुस्लिम जोड़ों का विधि-विधान से विवाह कराया गया। उपस्थित अतिथियों ने सभी नवदंपतियों को सुखद दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सलोना कुशवाहा ने कहा कि बेटियों को बोझ नहीं समझना चाहिए। सरकार उनके कल्याण के लिए लगातार योजनाएं चला रही है और बेटियों की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रति जोड़े पर लगभग एक लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह योजना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 60 हजार रुपये सीधे कन्या के खाते में भेजे जाते हैं, 25 हजार रुपये का गृहस्थी का सामान दिया जाता है और 15 हजार रुपये विवाह आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा, क्षेत्र पंचायत अध्यक्षगण, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शिवनारायण मिश्रा, सर्वेश वर्मा, विपिन, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रिपल आत्महत्या कांड: फरार पर 25 हजार का ईनाम घोषित

» फरार आरोपी की तलाश तेज, जल्द गिरफ्तारी का दिया भरोसा

विश्ववार्ता संवाददाता

**फतेहपुर।** जिले में गंभीर अपराध के मामले में पुलिस प्रशासन ने सख्त और संवेदनशील रुख अपनाया है। ट्रिपल आत्महत्या कांड के फरार मुख्य आरोपी राहुल श्रीवास्तव पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया है। पुलिस की ओर से फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है और उसकी जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि आरोपी की तलाश में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विभिन्न टीमों के जरिए लगातार दबिश दी जा रही है। मुखबिरों को सक्रिय किया गया है। बहुत जल्द मुख्य आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाएगा। परिवार ने अपनी चिंताओं और समस्याओं से एसपी को अवगत कराया। जिस पर उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। एसपी ने साफ शब्दों में कहा कि मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून का पालन कराने और दोषियों को सजा दिलाने में पुलिस कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।

पुलिस के अनुसार आरोपी राहुल घटना के बाद से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी, दबिश और मुखबिर तंत्र को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है ताकि आम लोगों में सुरक्षा की भावना बनी रहे और कोई भी अपराधी निश्चिंत न हो सके। एसपी ने स्पष्ट संदेश दिया कि कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# 25 मार्च को शिक्षा का महाअभियान, 53 हजार बाल वाटिकाओं में एक साथ गूंजेगा 'नवआरंभ उत्सव'

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** प्रारंभिक शिक्षा को मजबूती देने और नौनिहालों को स्कूल की दहलीज तक लाने के लिए योगी सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। 25 मार्च को बरेली समेत पूरे प्रदेश की 53,074 बालवाटिकाओं में एक साथ 'नवआरंभ उत्सव' मनाया जाएगा। इस आयोजन के जरिए तीन से छह वर्ष तक के बच्चों का नामांकन बढ़ाने और अभिभावकों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाएगा। मंडलायुक्त बरेली भूपेंद्र एस चौधरी ने बताया कि मंडल में इस उत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। बरेली में 1007, शाहजहांपुर में 1099, बदायूं में 758, पीलीभीत में 531 बालवाटिका केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 3 से 4 साल के बच्चों का बालवाटिका में नामांकन बढ़ाना है। वहीं, छह वर्ष की आयु पूरी कर चुके बच्चों का परिषदीय स्कूलों की कक्षा-1 में प्रवेश भी सुनिश्चित कराया जाएगा। सरकार चाहती है कि कोई भी बच्चा प्रारंभिक शिक्षा से वंचित न रहे और हर घर से बच्चों को स्कूल तक जोड़ा जाए।

नवआरंभ उत्सव के दौरान विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। बच्चों द्वारा गीत, नृत्य और गतिविधियों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही अभिभावकों को बालवाटिका की पूरी व्यवस्था-लर्निंग कॉर्नर, खेल सामग्री, बैठने की व्यवस्था और शिक्षण पद्धति-का लाइव प्रदर्शन कराया जाएगा, ताकि वे खुद स्कूल के माहौल को समझ सकें।

यह पूरा कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। सरकार ने 2030 तक सभी बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए आंगनबाड़ी और विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर बच्चों को मुख्यधारा में लाने की रणनीति अपनाई जा रही है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार ने 1592.22 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। प्रत्येक विद्यालय को करीब 3000 रुपये दिए जाएंगे, जिससे बैनर, पोस्टर, गतिविधियां और अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, डायट, नोडल शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है, जबकि निगरानी प्रेरणा पोर्टल और विद्या समीक्षा केंद्र के जरिए होगी।

# सरेराह कार रोककर युवक पर हमला लाठी-डंडों से पीटा, नकदी लूटी

» बच्चे के सामने वारदात, जान से मारने की धमकी देकर फरार

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** थाना रोजा क्षेत्र में बदमाशों ने एक युवक की कार रुकवाकर उस पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट कर करीब 10 से 12 हजार रुपये लूट लिए। घटना के समय युवक का तीन वर्षीय बेटा भी कार में मौजूद था। गार्डन स्टेट, बरेली मोड़ निवासी प्रांजल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 मार्च की रात करीब 9:15 बजे वह सिटी पार्क से घर लौट रहे थे। उनकी कार में उनका बेटा भी सो रहा था। अटलसिया पुल के पास पीछे से आ रही तीन बाइक



> सीसीटीवी कैमरों से फुटेज निकाली गई है आरोपी बाइक सवारों की पुलिस तलाश कर रही है जल्द ही आरोपी गिरफतार होंगे।
> **राजीव कुमार**, इंस्पेक्टर रोजा थाना

और एक काले रंग की कार ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रोक लिया।

आरोप है कि वाहनों से उतरे 8 से 10 लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें गाड़ी से बाहर खींचने का प्रयास किया। विरोध करने पर हमलावरों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई। प्रांजल सिंह के मुताबिक, हमलावर उनकी जेब से 10-12 हजार रुपये छीन ले गए। साथ ही कार का साइड शीशा तोड़ दिया। हमले में उनके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। घटना के बाद वह किसी तरह बच्चे को लेकर थाना रामचंद्र मिशन पहुंचे, जहां पुलिस ने उनका मेडिकल कराया। पीड़ित ने एक बाइक का नंबर (UP271541) नोट किया है, जो हीरो कंपनी की बताई जा रही है।पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# आउट ऑफ स्कूल बच्चों के विशेष प्रशिक्षण का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

**खागा फतेहपुर।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश में बुधवार को विकास खंड विजयीपुर के ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित आउट ऑफ स्कूल (ओओएससी) बच्चों के चिन्हांकन एवं विशेष प्रशिक्षण हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के ड्राप-आउट बच्चों को चिन्हित कर उन्हें पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और उनके शैक्षिक स्तर में गुणात्मक सुधार लाना है।



एआरपी ने प्रशिक्षण के विभिन्न तकनीकी एवं अकादमिक सत्रों का कुशल संचालन विकास खंड की एआरपी टीम के दक्ष संदर्भदाताओं द्वारा किया गया। जिसमें सुशील कुमार मौर्य,मोहित, मोहन शर्मा, आशीष कुमार, प्रदीप शुक्ला एवं हनुमंत प्रताप सिंह ने अपने-अपने विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। संदर्भदाता टीम द्वारा मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। शारदा पोर्टलरू आउट ऑफ स्कूल बच्चों के नामांकन, मूल्यांकन और उनकी नियमित उपस्थिति की पोर्टल पर ससमय फीडिंग सुनिश्चित करने, विशेष शिक्षण रणनीतिया, लर्निंग गैप (सीखने की कमी) को कम करने , उपचारात्मक शिक्षण और नवीन गतिविधि-आधारित शिक्षण विधियों का प्रयोग, अभिभावक जागरूकतारू बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने के लिए अभिभावकों के साथ प्रभावी संवाद और सामुदायिक सहभागिता की कार्ययोजना बताई गई।

कार्यशाला के समापन सत्र में खंड शिक्षा अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को निर्देशित किया कि विकास खंड का कोई भी बच्चा शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने ए.आर.पी. टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए शत-प्रतिशत नामांकन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर सुभाष मौर्य, शिवेश त्रिपाठी, धर्मेंद्र, राजेश त्रिपाठी, पंचायत प्रभारी, संकुल शिक्षक, नोडल शिक्षक एवं शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

# शिक्षामित्र की उपचार के दौरान मौत, परिजनों का हंगामा

विश्ववार्ता संवाददाता

**चौडगरा, फतेहपुर।** एक माह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षामित्र की बीमारी के चलते बीती देर शाम हैलेट अस्पताल कानपुर में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शिक्षामित्र बृजेंद्र की मौत की खबर आसपास इलाके में आग की तरह फैल गई और इलाकाई लोगों का जमवाडा लगने लगा।

### पति चले गए, हमार लरिका अनाथ होईगा

पति के मौत की खबर सुनकर पत्नी शशिकला बेसुध हो गई। बार-बार चीख पुकार कर अपने पति की जान जाने के लिए शासन प्रशासन को दोषी ठहरती रही। एक ही शब्द बार-बार दोहराती रही कि पति चले गे, हमार लरिका अनाथ होई गें। बता दें कि बृजेंद्र के पिता बदलू 65 वर्षीय वृद्ध किसान है। मृतक बृजेंद्र चार भाई थे। जिसमें बृजेंद्र दूसरे नंबर के थे। अन्य भाई लालजी पाल बड़े भाई और सुनील व अनिल छोटे भाई रहे। बृजेंद्र की शादी 15 वर्ष पूर्व शशिकला के साथ हुई थी। मृतक बृजेंद्र के दो पुत्र ऋतिक पाल 12 वर्ष, नवनीत पाल 8 वर्ष है।

गौरतलब है कि कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गूंझी गांव निवासी बृजेंद्र कुमार शिक्षामित्र थे तथा पूर्व में सरकार द्वारा दी गई बीएलओ की जिम्मेदारी निभा रहे थे। बीती 11 फरवरी को ड्यूटी जाते समय बृजेंद्र एक आवारा मवेशी से टक्कर होने से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बृजेंद्र का हाथ टूट गया। परिजनों का आरोप है कि तब से बृजेंद्र को डॉक्टर ने आराम की सलाह दी थी। बृजेंद्र ने उच्चाधिकारियों से अवकाश हेतु प्रार्थना भी की थी लेकिन किसी भी अधिकारी ने बृजेंद्र की मजबूरी और चोट की परवाह नहीं की। जिस कारण वो अधिक दवाओं का सेवन कर करके जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे थे। छुट्टी न मिल पाने के कारण अधिक दवाओं के सेवन से बृजेंद्र की तबियत खराब हो गई। जिन्हें बीती नौ तारीख को हैलेट अस्पताल कानपुर नगर में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के चलते मंगलवार की शाम बृजेंद्र की सांसे थम गई। इधर घटना की खबर जैसे ही शासनिक व प्रशासनिक अमले को लगी तो तुरंत राजस्व व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर शव का अंतिम संस्कार करवाने हेतु दबाव डालने लगे।

उधर ग्रामीणों को जैसे ही प्रशासन द्वारा शव को उठाने के लिए लाई गई गाड़ी की सूचना लगी तो ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। शव को उठने नहीं दिया। रात भर जद्दोजहद चली, राजस्व व पुलिस विभाग के आला अफसरो का आना-जाना लगा रहा लेकिन ग्रामीणों के आगे किसी की एक भी न चाली। सुबह पुनः सरकारी अमला गांव पहुंच शव को ले जाने के लिए दबाव बनाता रहा लेकिन मौके पर एकत्रित भीड़ ने किसी को भी पास नहीं भटकने दिया। दोपहर लगभग बारह बजे नायब तहसीलदार रचना यादव ने पीड़ित परिवार को शासन द्वारा मदद दिलवाने का आश्वासन दिया। शासन को पत्र भी लिखा जिसमें मुख्य बिंदु मृतक की पत्नी को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति मिलने, बच्चों की शिक्षा हेतु स्कॉलरशिप दिलवाने, बच्चों के भविष्य को देखते हुए 10-10 लाख की फिक्स डिपोजिट करवाई जाए, भूमिहीन परिवार को भरण पोषण हेतु भूमि आवंटित की जाए, तब जाकर ग्रामीणों ने शव को उठने दिया तथा पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया।

# हनुमतधाम परिसर में एसपी ने की पैदल गश्त



विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली क्षेत्र के हनुमतधाम परिसर में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर भी उनके साथ मौजूद रहे।पैदल गश्त के दौरान एसपी ने पूरे परिसर, प्रमुख मार्गों व संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार भ्रमणशील रहने, संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर एसपी ने स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों व श्रद्धालुओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने आमजन को भरोसा दिलाया कि जनपद पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और अपराध व असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस तरह की पैदल गश्त का उद्देश्य क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति बनाए रखना, लोगों में सुरक्षा का भाव बढ़ाना और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। जनपद में आगे भी इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

## मानसिक रूप से बीमार चल रहे अधेड़ ने फांसी पर झूल कर आत्महत्या की

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में एक अधेड़ ने पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे फांसी पर झूल कर आत्महत्या कर ली। अधेड़ मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

ग्राम बरम्बाबा पुरवा निवासी रमेश 50 वर्ष पुत्र सीताराम बीते कई माह से मानसिक बीमारी से ग्रस्त था। इसी बीमारी से छुब्ध होकर रमेश आज बुधवार की सुबह गांव में ही स्थित एक पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल गया। उसे फांसी पर लटका देखकर ग्रामीणों ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव फांसी के फंदे से नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

# पीएसी के पहरे में बंटे गैस सिलेंडर, बरकरार है किल्लत

» दिनभर धक्के खाने के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

» घरों के चूल्हे हो रहे ठंडे, चाय नाश्ता की दुकानों में ताला

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** ईरान-इजरायल युद्ध के चलते देश में गैस संकट बढ़ता जा रहा है। कभी घर बैठे ऑनलाइन बुकिंग के जरिए मिलने वाला गैस सिलेंडर अब लंबी लाइन में धक्के खाने के बाद भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बुधवार को शहर के सिविल लाइन इलाके में गैस वितरण के दौरान भीड़ इतनी बढ़ गई कि तत्काल पीएसी तैनात करनी पड़ गई। गैस वितरण के लिए चिंहित मैदान में सुबह से ही सैकड़ों लोगों की लंबी लंबी लाइनें लग गईं। जैसे ही गैस सिलेंडर से भरे ट्रक पहुंचे, लोगों में पहले सिलेंडर पाने को लेकर होड़ मच गई। देखते ही देखते मैदान में वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न होने लगी। एजेंसी संचालक की सूचना पर सिविल लाइन चौकी प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन बात बिगड़ते देख उन्होंने उच्चाधिकारियों को सूचना दी और तत्काल मौके पर पीएसी बल तैनात कर दिया गया। पीएसी के पहरे में करीब सात सौ सिलेंडर बांटे गए।



गैस सिलेंडर लेने के लिए लगी उपभोक्ताओं की भीड़।



लोगों को समझाते चौकी इंचार्ज।

वैश्विक स्तर पर चल रहे युद्ध के कारण धीमी हुई गैस वितरण प्रणाली का गांव-गांव, शहर-शहर खासा प्रभाव दिखने लगा है। घरेलू गैस सिलेंडर मिलने पर अब खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि कामर्शियल एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति पूरी तरह ठप होने से छोटे खानपान कारोबारियों का काम प्रभावित हो रहा है। जिले में भी कामर्शियल गैस न मिलने से बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन समेत जगह-जगह चाय-नाश्ते की रेहड़ी-पटरी दुकानें अधिकतर बंद हो गई हैं। इक्का दुक्का खुली दुकानों में भी दुकानदार चोरी छिपे घरेलू सिलेंडर का प्रयोग करते दिखे। कामर्शियल सिलेंडर की कमी का असर छोटे खानपान कारोबारियों पर सबसे ज्यादा पड़ा है। कुछ दुकानदार तो गैस खत्म होने के बाद अब लकड़ी और कोयले की भट्ठी का सहारा लेने को मजबूर हो गए हैं। आराधन इंडेन के संचालक रामेंद्र शर्मा बताते हैं कि कामर्शियल सिलिंडर फिलहाल प्लांट से नहीं आ रहे हैं, जिससे खानपान कारोबारियों को परेशानी हो रही है। जैसे ही प्लांट से आपूर्ति होगी, वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर घरेलू उपभोक्ताओं को भी गैस सिलिंडर के लिए परेशान होना पड़ रहा है। पहले जहां उपभोक्ता घर बैठे गैस बुक कर सिलिंडर मंगा लेते थे, अब बुकिंग के लिए रात में जागना पड़ रहा है। कई उपभोक्ता रात 10 बजे से लेकर देर रात दो-तीन बजे तक आनलाइन बुकिंग करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बावजूद सर्वर की धीमी गति और तकनीकी दिक्कतों के कारण बुकिंग नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों को एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। शहर के आराधना इंडेन के संचालक रामेंद्र शर्मा ने बताया है कि ऑनलाइन बुकिंग के सर्वर पर लोड बढ़ने सिलेंडर बुकिंग की गति थोड़ी धीमी है, लेकिन प्रयास करते रहने से बुकिंग हो रही है और लोगों को नियमानुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उधर जिला पूर्ति अधिकारी कयामुद्दीन अंसारी का कहना है कि घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। हालांकि कामर्शियल सिलेंडर की कमी की बात वह भी स्वीकारते हैं। कहना है कि अधिक बुकिंग के कारण ओटीपी जनरेट नहीं हो पा रहा है, जिससे दिक्कत हो रही है। उन्होंने जल्द ही समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया है।

### लोगों ने लकड़ी के चूल्हे की ओर किया रुख

गैस किल्लत के बीच जहां खानपान की छोटी दुकानें बंद होने लगी हैं, वहीं घरेलू सिलेंडर की किल्लत ने लोगों को परंपरागत साधनों की ओर वापस लौटने को मजबूर कर दिया है। तमाम लोग अपने घरों में लकड़ी के चूल्हे जलाने को मजबूर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने तो गैस चूल्हे को ढककर रख दिया है और लकड़ी व उपले के सहारे खाना बनाना शुरू कर दिया है। ऐसे में सरकार की उज्जवला योजना की खासी किरकिरी हो रही है। वहीं शहरी क्षेत्र के तमाम लोग चाय या खाना गर्म करने के लिए गैस का उपयोग कम करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए लोग इलेक्ट्रॉनिक दुकानों से इंडक्शन चूल्हा, ओवन और इलेक्ट्रिकल केतली खरीदने की ओर भी रुख कर रहे हैं।

# सामाजिक सद्भाव के साथ मिल-जुलकर मनाएं नवरात्र और ईद

विश्ववार्ता संवाददाता

**अतर्रा।** नवरात्र व ईद को लेकर थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में नायब तहसीलदार ने सभी लोगों से आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने को कहा। कहा कि आपसी सामाजिक सद्भाव बनाए रखें। बैठक के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति और सफाई का मुद्दा उठाया गया। राजस्व व पुलिस अधिकारियों ने समस्या निराकरण का भरोसा दिया।



थाना परिसर में बुधवार को नवरात्र, ईद, रामनवमी और हनुमान जयंती शांतिपूर्वक मनाने को लेकर बुधवार को नायब तहसीलदार कुमार शिवम मौर्य की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। पर्व आयोजक व संचालकों व नगर के लोगों ने बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौबे ने सुरक्षा व्यवस्था का पूरा भरोसा दिया।

कस्बे के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरा बाबा धाम में नवरात्र में आयोजित होने वाले रासलीला महोत्सव अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने 9 दिनों तक शाम 7 बजे से रात्रि 11 तक बिजली की कटौती न किए जाने व सुरक्षा के लिए महिला कांस्टेबलों के साथ पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाने की मांग की। नायब तहसीलदार व थानाध्यक्ष ने सुरक्षा व्यवस्था का पूरा भरोसा दिया। नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि वेद निराला ने ईद व अन्य पर्व पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने का भरोसा दिया। इस मौके पर उप निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप कृष्ण, सूरज बाजपेई, रामनवमी कार्यक्रम आयोजक ध्रुव उपाध्याय, राजेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, अर्जुन मिश्रा, शाकिर अली, राम गुलाम व टिंकू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## युवक की मौत

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र के पचोखर गांव निवासी प्रेमनाथ उर्फ बबली (30) पुत्र भगवानदीन फतेहपुर में रहकर मिक्सर मशीन चलाता था। उसकी मंगलवार की शाम अचानक तबियत बिगड़ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। ठेकेदार शव लेकर उसके गांव आ गया।

परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मृतक के फुफेरे भाई आशीष निवासी बहेरी ने बताया कि वह 15 साल से घर से बाहर रह रहा था। ठेकेदार ने उसकी बीमारी को लेकर परिजनों को कोई सूचना नहीं दी और मौत के बाद सीधे शव लेकर घर आ गए हैं। आशीष ने ठेकेदार पर हत्या का आरोप लगाया है।

## एक नजर

### पुलिस अधीक्षक ने शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस बल के साथ किया रूट मार्च



**मऊ।** आगामी त्यौहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ इलामारन, क्षेत्राधिकारी नगर कृष राजपूत, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर व पुलिस बल के साथ में मऊ नगर क्षेत्र में कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत गाजीपुर तिराहा से फातिमा तिराहे तक रुट मार्च/पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान भ्रमण कर रोड के किनारे अतिक्रमण आदि बाजारों, भीड़–भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस–पास रुट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति व सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा।

### सराफा डकैती काण्ड में अभियोजन का गवाह तलब

**सुलतानपुर।** शहर के चैक में हुए सराफा डकैती कांड में गवाही नहीं हो सकी। अधिवक्ता सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि पीड़ित भरत सोनी की गवाही पूरी होने के बाद न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने दूसरे गवाह को साक्ष्य के लिए एक अप्रैल को तलब किया है। शहर के चैक ठठेरी बाजार में भरत जी सोनी की ज्वैलरी की दुकान में 28 अगस्त 2024 को आरोपियों ने दिनदहाड़े डकैती डाली थी। जिसमें रायबरेली जेल में बन्द मुख्य आरोपी विपिन सिंह समेत 12 आरोपियों पर मुकदमा विचाराधीन है।

### यातायात उपनिरीक्षक ने कोर्ट में लगाई हाजिरी

**सुलतानपुर।** चोरी हुई बाइक सीज करने और चोर को छोड़ने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने यातायात उपनिरीक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह को तलब किया था। कोर्ट में उन्होंने बताया कि पुलिस ने वाहन चोरी की सूचना यातायात विभाग को नहीं दी थी। अधिवक्ता अब्बास अहमद खान ने वाहन रिलीज करने की मांग कर कहा कि चालान पत्र के साथ संलग्न व्यक्ति की फोटो वाहन स्वामी आमिल खान की नहीं बल्कि चोर की है। कोर्ट ने वाहन रिलीज करने की अर्जी पर सुनवाई कर आदेश सुरक्षित रखा है।

### जर्नलिस्ट आर्मी का गठन, अनुशासन पर रहेगा विशेष जोर

**अयोध्या।** बुधवार को शहर के पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें एक नए संगठन के गठन पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में संगठन का नाम 'जर्नलिस्ट आर्मी' रखा गया। इस नवगठित संगठन के संरक्षक के रूप में बीएस लाठी एवं अजय कुमार अज्जू को जिम्मेदारी सौंपी गई है।बैठक के दौरान संरक्षक अजय कुमार अज्जू ने उपस्थित पत्रकारों के साथ संगठन के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि जल्द ही संगठन के पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी तथा विधिवत पंजीकरण की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। बीएस लाठी ने स्पष्ट किया कि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि रहेगा। प्रत्येक सदस्य को संगठन के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। अनुशासनहीनता करने वाले किसी भी सदस्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, संगठन को मजबूत बनाने के लिए अन्य पत्रकारों को भी जोड़ा जाएगा।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार समीर शाही, अखंड सिंह, अंतरिक्ष तिवारी, राजेंद्र कुमार दूबे, आकाश गुप्ता, नवनीत कौशल, अनिल निषाद, सुमित यादव, ज्ञानेंद्र मिश्रा, शक्ति सिंह,क्षितिज साधवानी सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे। बैठक में सभी ने संगठन को मजबूत और प्रभावी बनाने का शपथ लिया।

### पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय 'पवन' का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन का जन्मदिन महानगर कार्यालय पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व मंत्री रहते हुए पांडे ने अयोध्या में सड़कों पर इंटरलॉकिंग, भजन संध्या स्थल का निर्माण तथा घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम जैसी अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कराईं नि. महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने बताया कि विधायक और मंत्री पद पर न रहते हुए भी पांडे लगातार व्यापारियों, किसानों और युवाओं के हित में संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने जरूरतमंदों को उनकी जमीन का उचित मुआवजा दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। साथ ही गंभीर बीमारियों, विशेषकर कैंसर से जूझ रहे लोगों की आर्थिक मदद के लिए वे स्वयं तथा अखिलेश यादव के माध्यम से सहयोग करते रहे हैं।महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं आमजन कार्यालय पहुंचकर पांडे को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में अयोध्या सीट से उन्हें विजयी बनाकर प्रदेश में पुनः समाजवादी सरकार स्थापित की जाएगी।कार्यक्रम में हामिद जाफर मीसम, चौधरी श्रीचंद यादव, राम अचल यादव, प्रवीण राठौर, राकेश पांडे, शावेज जाफरी, जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम, चौधरी बलराम यादव, अपर्णा जायसवाल, लाल बहादुर शुक्ला, अजय यादव, डॉ. घनश्याम यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

### सौभाग्य योजना फेल? नगर पंचायत में बिजली कनेक्शन के लिए भटक रहे लोग

**रुपईडीहा, बहराइच।** सरकार भले ही हर घर उजाला का दावा कर रही हो। लेकिन रुपईडीहा नगर पंचायत क्षेत्र में हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते कई परिवार आज भी बिजली कनेक्शन से वंचित हैं, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश सरकार की सौभाग्य योजना (फेज–3) के तहत नगर पंचायत क्षेत्र के लोहा शाह बाबा मजार के पास, ग्राम मनवरिया और रुपईडीहा के कई इलाकों में विद्युतीकरण के लिए सर्वे कराया गया था। ग्राम मनवरिया के बॉर्डर क्षेत्र की निवासी माधुरी गुप्ता पत्नी सुरेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर विभाग ने प्राथमिकता के आधार पर कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद विभाग द्वारा मनमाने ढंग से बाबागंज, शंकरपुर और गोकुलपुर जैसे क्षेत्रों में काम शुरू कराया गया, लेकिन वहां भी ठेकेदार अधूरा काम छोड़कर फरार हो गया। स्थिति यह है कि न तो खंभे पूरी तरह गाड़े गए हैं और न ही तार खींचे गए हैं, जिससे पिछले दो महीनों से काम ठप पड़ा है। इस संबंध में जब रुपईडीहा के जेई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार से मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन संपर्क नहीं हो पा रहा है।

# चेयरमैन प्रतिनिधि की बढ़ाई जाए सुरक्षा षड्यंत्र के तहत करा सकते हैं हमला

## चिल्लूपार के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने प्रशासन से की मांग

- शिलापट्ट तोड़ने को लेकर मोबाइल फोन पर चेयरमैन प्रतिनिधि से हुई थी नोकझोंक



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बड़हलगंज।** चिल्लूपार के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने बड़हलगंज चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर की सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की है। उन्होंने आशंका जताई कि षड्यंत्र के तहत उनके ऊपर हमला कराया जा सकता है।

पूर्व विधायक ने बताया कि हाल ही में शिलापट्ट तोड़े जाने के मामले को लेकर उनकी और चेयरमैन प्रतिनिधि की मोबाइल फोन पर बातचीत हुई थी। इस बातचीत को षड्यंत्र के तहत रिकॉर्ड किया गया और उसे तोड़मरोड़ कर वायरल किया गया और शासन से दबाव डलवाकर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया।

**पूर्व के कार्यों को ढकने का हो रहा कुत्सित प्रयास**

विधायक और चेयरमैन प्रतिनिधि द्वारा पूर्व में कराए गए कार्यों को छिपाने या ढकने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। पूर्व में बड़हलगंज कस्बे में बस स्टेशन और सुभाष चंद्र बोस पार्क में लगे पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी के शिलापट्ट को इनके द्वारा हटा दिया गया। इसी क्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि के बाबा विश्वनाथ उमर के नाम पर बने सड़क का लोकार्पण पूर्व मंत्री के द्वारा किया गया था। चेयरमैन प्रतिनिधि उस मार्ग का सुंदरीकरण कर उनके शिलापट्ट को ढकने का कुत्सित प्रयास किया गया। हालांकि जनाक्रोश को देखते हुए नए शिलापट्ट को अब हटा दिया गया।

श्री तिवारी ने कहा कि उनको आशंका है कि विधायक राजेश त्रिपाठी षड्यंत्र के तहत चेयरमैन प्रतिनिधि पर हमला करवा सकते हैं, या फिर वह स्वयं पर हमला करवा सकते हैं। इसको देखते हुए प्रशासन इनको पर्याप्त सुरक्षा मुहैया करवा दे।उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है। ऐसे में विधायक राजेश त्रिपाठी और चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर दोनों षड्यंत्र के तहत कार्य कर रहे हैं।

# नगर पंचायत में सफाई कर्मियों की हड़ताल से बिगड़ी व्यवस्था, सड़कों पर पसरा कूड़ा

- ईओ–अध्यक्ष के तालमेल पर उठे सवाल, त्योहारों के बीच बढ़ा जनआक्रोश

**रुपईडीहा,बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा से सटे नगर पंचायत रुपईडीहा में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल ने नगर की व्यवस्था को चरमरा दिया है। मंगलवार शाम से शुरू हुई हड़ताल का असर बुधवार को साफ दिखाई दिया, जब बाजार और सड़कों पर कूड़े के ढेर लग गए।

बताया जा रहा है कि सफाई कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर काम बंद कर दिया है। इस पूरे घटनाक्रम में नगर पंचायत के ईओ और अध्यक्ष के बीच तालमेल की कमी को भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कुछ लोग सफाई कर्मचारियों को आगे कर नगर पंचायत के कार्यों का बहिष्कार कराने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप यह भी है कि कर्मचारियों को स्थायी करने का प्रलोभन देकर स्थिति को और जटिल बनाया जा रहा है, जिससे नगरवासियों को गंदगी के बीच रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।

नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर ने कहा कि नवरात्र और ईद जैसे पावन पर्वों के दौरान नगर में फैली गंदगी से लोगों में भारी आक्रोश है। बाजार क्षेत्रों में बदबू फैलने लगी है और यदि जल्द सफाई नहीं कराई गई तो बीमारियों के फैलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

प्रबुद्ध जनों का कहना है कि कर्मचारियों को अपनी मांगें अधिकारियों तक पहुंचाने का अधिकार है, लेकिन अचानक हड़ताल कर सफाई व्यवस्था ठप कर देना जनहित के खिलाफ है। इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध भी बताया जा रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सफाई व्यवस्था बहाल कराने और स्थिति को नियंत्रण में लाने की मांग की है, ताकि त्योहारों के दौरान शहर को गंदगी और बीमारी के खतरे से बचाया जा सके।

# एसएसबी में कार्डियक इमरजेंसी मेडिसिन पर जागरूकता सत्र आयोजित



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**नानपारा, बहराइच।** देश की सुरक्षा के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा भी हमारी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य के तहत 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा जवानों की स्वास्थ्य सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

इस सत्र का मुख्य विषय कार्डियक इमरजेंसी मेडिसिन और हार्ट अटैक जैसी गंभीर स्थितियों से निपटना रहा। कार्यक्रम का संचालन द्वितीय कमान अधिकारी चिकित्सा डॉ. ए. लिंगैया द्वारा किया गया।

सत्र के दौरान डॉ. लिंगैया ने जवानों को हृदय घात (हार्ट अटैक) के शुरुआती लक्षणों की पहचान करने के तरीके विस्तार से बताए। साथ ही 'गोल्डन ऑवर' के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण समय में त्वरित उपचार मिलने से जीवन बचाया जा सकता है।

जवानों को आपात स्थिति में सही प्रतिक्रिया देने, प्राथमिक उपचार और कार्डियक इमरजेंसी मेडिसिन के उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत और प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

सशस्त्र सीमा बल अपने जवानों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ, उन्हें चिकित्सा आपात स्थितियों के लिए तैयार रखना भी बल की कार्यशैली का अहम हिस्सा है।

ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों से जवानों में स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बढ़ती है

# नवरात्रि पूर्व संध्या पर काशी में गूंजा भक्तिरस





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** चैत्र नवरात्रि की पूर्व संध्या पर मंगलवार को आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब माँ विशालाक्षी शक्तिपीठ से विधि-विधान के साथ पूजन सामग्री लेकर श्रद्धालुओं का जत्था श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचा और बाबा विश्वेश्वर के श्री चरणों में फल, नैवेद्य, वस्त्र, अभिषेक के लिए पवित्र जल तथा नारियल समर्पित किया गया।

इस दौरान पूरे परिसर में भक्ति का वातावरण ऐसा बना रहा कि हर ओर हर-हर महादेव और जय माता दी के उद्घोष गूंजते रहे। मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पहले माता विशालाक्षी का स्मरण करते हुए पूजा-अर्चना की और फिर बाबा विश्वनाथ के दरबार में शीश नवाकर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से पूजन किया और नवरात्रि के शुभारंभ को लेकर अपनी आस्था प्रकट की। मान्यता है कि नवरात्रि के पहले दिन से पूर्व इस प्रकार की पूजा से माँ दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है और समस्त कष्टों का निवारण होता है, यही कारण रहा कि बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल हुए।

श्रद्धालुओं का कहना था कि काशी में इस तरह के धार्मिक आयोजन सनातन परंपरा की जीवंतता का प्रमाण हैं और आने वाली पीढ़ियों को भी इससे प्रेरणा मिलती है। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और श्रद्धा का अनोखा संगम देखने को मिला, जहां हर कोई अपने-अपने तरीके से भक्ति में लीन नजर आया। नवरात्रि पर्व को लेकर शहर में पहले से ही उत्साह का माहौल है और इस आयोजन ने उस उत्साह को और भी प्रबल कर दिया है।

श्रद्धालुओं ने कहा कि नवरात्रि का पर्व केवल पूजा का नहीं बल्कि आत्मशुद्धि, संयम और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देने वाला पर्व है, जो समाज में शांति और भाईचारे को बढ़ावा देता है। अंत में सभी ने एक स्वर में बाबा विश्वनाथ और माँ विशालाक्षी से प्रदेश और देश की उन्नति, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

# आस्था के संग निकली कलश यात्रा, सरायरासी में राम कथा का मंगलारंभ

## जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास स्थान पर 19 मार्च से प्रारम्भ होगी नौ दिवसीय रामकथा

- श्रीराम जन्मभूमि के कोषाध्यक्ष गोविन्द देव गिरि जी महाराज करेंगे राम कथा का वाचन



**अयोध्या।** जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के निवास स्थान सरायरासी में 19 मार्च से प्रारम्भ होने वाली नौ दिवसीय राम कथा के पूर्व बुधवार को महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए पूरे क्षेत्र का भ्रमण करती हुई आयोजन स्थल पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं की भागीदारी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त हो गया। श्री राम जन्मभूमि के कोषाध्यक्ष गोविन्द देव गिरि जी महाराज 19 मार्च से 27 मार्च तक राम कथा का वाचन करेंगे, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि राम कथा भारतीय संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक है, जो समाज में एकता, नैतिकता और आध्यात्मिकता का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कथा का लाभ लेने की अपील की।

वहीं प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कहा कि आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल, बैठने और यातायात प्रबंधन के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि वालंटियर लगातार समन्वय बनाकर कार्य कर रहे हैं, जिससे कथा के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके।

मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, महंत राम जी शरण, मनीष दास, आशा गौड़ लक्ष्मी सिंह, प्रसून लता, एकादशी सिंह, शीतला प्रसाद सिंह, राम सेन सिंह, संजय निषाद सहित बडी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# ललिता घाट पर कल से गंगा आरती का शुभारंभ, तैयारियां पूरी



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा संचालित गंगा आरती का शुभारंभ 19 मार्च से ललिता घाट पर किया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। चैत्र नवरात्रि के आगमन के साथ इस पावन आयोजन की शुरुआत को अत्यंत शुभ माना जा रहा है और देश-विदेश से काशी पहुंचे श्रद्धालु इसे लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। ललिता घाट पर चल रही तैयारियों को देखकर भक्तों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है और कई श्रद्धालु इसे अपने जीवन का सौभाग्यपूर्ण क्षण बता रहे हैं। मंदिर न्यास की ओर से आरती को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, ताकि आरती के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। तय कार्यक्रम के अनुसार गंगा आरती का शुभारंभ प्रतिदिन सायं 6 बजे से किया जाएगा, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और दीपों की अलौकिक छटा के बीच मां गंगा की आराधना की जाएगी। इस दौरान घाट पर भक्तिमय वातावरण देखने को मिलेगा, जहां हर ओर गूंजते मंत्र और घंटियों की ध्वनि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देगी। मंदिर न्यास ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे आरती के दौरान अनुशासन बनाए रखें और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सहयोग करें, जिससे यह आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। काशी में गंगा आरती का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा की भव्यता का भी प्रतीक माना जाता है, जो हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है।



# वृहद रोजगार मेले में 1711 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**देवरिया।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह के निर्देश एवं समन्वय में जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया द्वारा उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत बुधवार को राजकीय आईटीआई, सलेमपुर रोड (सोन्दा) में एक दिवसीय निःशुल्क वृहद रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया।

मेले में कुल 4441 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 30 कंपनियों के एचआर प्रतिनिधियों द्वारा 1711 अभ्यर्थियों का अपराह्न 3 बजे तक प्रारंभिक चयन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर/नियुक्ति पत्र एवं श्रम हितलाभ योजनाओं के चेक वितरित किए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, एनएसआईसी के प्रबंधक कुमार रोहित, सेवायोजन अधिकारी गोरखपुर पवन कुमार पटेल, आईटीआई के प्रधानाचार्य के.के. राम, उप श्रमायुक्त शक्ति मौर्य तथा उद्यमी विजय कुशवाहा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। मेले के संयोजक सहायक निदेशक सेवायोजन रास बिहारी चतुर्वेदी एवं जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी, वहीं असफल अभ्यर्थियों को पुनः प्रयास कर सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया।

आयोजन की सफलता में सेवायोजन कार्यालय के सफीक हुसैन सिद्दीकी, गौरव कुमार, चन्द्रभूषण सिंह, शहनवाज एवं अमित रावत का विशेष योगदान रहा।

# खड़िया नाला के पुनरोद्धार के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने टीम के साथ किया निरीक्षण



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मऊ।** जनपद मऊ में प्रवाहित छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प के अंतर्गत गाढ़ा ताल से प्रभावित खड़िया नाला, जो आगे चलकर तमसा नदी में मिल जाता है, के पुनरोद्धार हेतु मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह नाला नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के अंतर्गत प्रकाशित एटलस ऑफ रिवर्स इन उत्तर प्रदेश में भी सूचीबद्ध है, जिससे इसके संरक्षण एवं पुनरोद्धार का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

निरीक्षण के दौरान सामाजिक वानिकी विभाग, मऊ के एसडीओ रामसूरत यादव जिला पंचायत राज विभाग के जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, मनरेगा से प्रशांत राय, सिंचाई विभाग से उदय नाथ पाण्डेय तथा डॉ. हेमंत कुमार यादव जिला परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। टीम द्वारा नाले की वर्तमान स्थिति, जल प्रवाह, गाद जमाव तथा कूड़ा-कचरा निस्तारण की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीणों एवं ग्राम प्रधानों से संवाद स्थापित कर उनके सुझाव एवं समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया। मुख्य विकास अधिकारी ने आश्वस्त किया कि खड़िया नाला के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प के लिए शीघ्र ही एक प्रभावी, व्यवहारिक एवं दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

खड़िया नाला के पुनरोद्धार से क्षेत्र में भूजल स्तर में सुधार, सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि, जलभराव की समस्या में कमी तथा जैव विविधता के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा तथा स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह पहल न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि ग्रामीण आजीविका एवं सतत विकास को भी प्रोत्साहित करेगी।

# समस्या समाधान न होने पर 23 मार्च को किसान महापंचायत की चेतावनी

**अयोध्या।** सोहावल तहसील क्षेत्र में समस्याओं के समाधान को लेकर आंदोलनरत भारतीय किसान यूनियन ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि 22 मार्च तक मांगें पूरी न होने पर 23 मार्च को तहसील परिसर में किसान महापंचायत आयोजित की जाएगी। जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने बताया कि 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 16 मार्च से अनिश्चितकालीन धरना जारी है, लेकिन प्रशासन समाधान के बजाय टालमटोल कर रहा है। वहीं राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने आरोप लगाया कि पुराने कब्जों पर निर्माण कार्य रोका जा रहा है और अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन अपने दायित्वों का निर्वहन करने में विफल है, जिसके विरोध में महापंचायत की तैयारी की जा रही है।

# भाजपा के जिला मिडिया प्रभारी कृष्ण कांत राय सहित पांच लोग नगर पालिका परिषद के सभासद मनोनीत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मऊ।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मऊ नगर पालिका परिषद के लिए मनोनीत सभासदों की सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण कांत राय सहित दीपू चौरसिया अविनाश सिंह अवधेश सोनकर तथा नेहा कपूर को सभासद मनोनीत किया गया है।

शासन के इस निर्णय के बाद जनपद के भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

कृष्ण कांत राय सहित अन्य चारों कार्यकर्ता लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर संगठन के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जिला मीडिया प्रभारी के रूप में उन्होंने सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि शासन ने उनकी कर्मठता और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है।



सूची जारी होते ही सभी मनोनीत सभासदों को दूरभाष द्वारा बधाईयों का क्रम शुरू हो गया। समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इन सभी लोगों के मनोनयन से नगर पालिका के विकास कार्यों में और गति आएगी।

कृष्ण कांत राय ने अपनी इस नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व और उत्तर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। नगर पालिका क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण और विकास कार्यों को धरातल पर उतारना मेरी प्राथमिकता होगी।

इस अवसर पर राकेश तिवारी अश्वनी सिंह धर्मेंद्र राय डा.अमित सिंह अखंड प्रताप सिंह विशाल चौहान संजय सिंह अशोक यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 'आखिर कब तक?' नाट्य ने मोहा मन



**चांदा-सुलतानपुर।** नगर पंचायत कोइरीपुर स्थित शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में पंडित राम आसरे मिश्र शिक्षण संस्थान एवं पारंपरिक लोक नाट्य कला के तत्वाधान में न्यू प्रोडक्शन पारंपरिक लोक नाट्य आखिर कब तक? की प्रस्तुति ने दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामकृष्ण मिश्र के कर-कमलों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में पगले मियां एवं भारत नामक फौजी का अहम भूमिका रही। लोक नाट्य का दिशा-निर्देश संस्था प्रभारी राकेश मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम आतंकवाद के खिलाफ ही रहा। कार्यक्रम में दर्शकों दीर्घा में बड़ी संख्या मे महिलाएं शामिल रही। इस मौके पर सभापति यादव, शेरबहादुर लाल, श्रीनारायण पाण्डेय की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

### नकबजनी का खुलासा, जेवर के साथ तीन गिरफ्तार



**सुलतानपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने नकबजनी के मामले का सफल अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को चोरी गए सोने-चांदी के आभूषणों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में रामतीरथ निषाद पुत्र लल्लन निषाद व दयाराम पुत्र लल्लन निषाद निवासी ग्राम भौरियार थाना चांदा शामिल हैं, जबकि चोरी का माल खरीदने वाले राहुल सोनी पुत्र संतलाल सोनी निवासी अमरूपुर थाना चांदा को भी गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी में रामतीरथ के पास से एक पायल व मटर माला, दयाराम के पास से एक जोड़ी पायजेब व दो जोड़ी पायल तथा राहुल सोनी के पास से एक करधन बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बताया कि दोनों मुख्य आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके खिलाफ पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। दयाराम के खिलाफ चोरी,मारपीट व विस्फोटक अधिनियम सहित कई मामले दर्ज हैं,जबकि रामतीरथ पर चोरी,आर्म्स एक्ट व गुंडा एक्ट के तहत कई अभियोग पंजीकृत हैं। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में की गई, जिसमें उपनिरीक्षक रमेशचंद्र यादव, अभिनव शंकर शुक्ला सहित स्वॉट टीम के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### शासन की ओर से मनोनीत तीन सभासदों का हुआ सम्मान



**कादीपुर-सुलतानपुर।** नगर पंचायत सभागार में शासन द्वारा नव मनोनीत तीन सभासदों का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ। यह आयोजन नगर पंचायत प्रशासन की ओर से किया गया, जिसमें स्थानीय गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने की। मुख्य अतिथियों में सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग घनश्याम चैहान, अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह, वरिष्ठ सभासद बृजेश सिंह, सभासद अज्जू, राकेश, रणधीर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शासन की ओर से मनोनीत तीन नए सभासद सुनील रावत, प्रदीप अग्रहरी और सीमा मोदनवाल को अंगवस्त्र, माल्यार्पण और सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने उन्हें बधाई देते हुए नगर के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क निर्माण और जनकल्याणकारी कार्यों में सक्रिय योगदान की अपेक्षा जताई। अपने संबोधन में अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने कहा, शासन द्वारा मनोनीत ये सभासद नगर पंचायत की कार्यप्रणाली को और मजबूत बनाएंगे। हम सब मिलकर विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़कों और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे तथा कादीपुर को बेहतर बनाने के लिए संकल्पबद्ध रहेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तित्व जैसे नरसिंह नारायण सिंह, वीरेंद्र सिंह, दरगाही निषाद मंडल अध्यक्ष, ललित कसौधन, घनश्याम जायसवाल, सुरेश चंद उपाध्याय, जितेंद्र कसौधन, पूर्व सभासद सुनीता बरनवाल, सभासद अनिल सोनकर, शिव यादव सहित कई सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### अधिशासी अभियंता हत्याकांड में सुनवाई टली

**सुलतानपुर।** शहर के चर्चित अधिशाषी अभियंता सन्तोष कुमार हत्याकांड में एससी-एसटी की विशेष कोर्ट में सुनवाई टल गई। पीड़ति पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि पूर्व कोतवाल अरुण द्विवेदी के नहीं आने से सुनवाई 31 मार्च के लिए टल गई है। निगम ग्रामीण के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की कोतवाली नगर के विनोवापुरी मोहल्ले में 17 अगस्त 2024 को हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई संजय कुमार की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमें में जल निगम के सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व साथी प्रदीप राम के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ, दोनों आरोपी जेल में बन्द हैं।

# कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक, निर्बाध आपूर्ति व चोरी पर सख्ती के निर्देश



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** विधान परिषद की प्रादेशिक विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के प्रस्तावित अध्ययन भ्रमण के दौरान बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, लाइन लॉस, ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता और विद्युत चोरी जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति एवं सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह ने की। इस दौरान समिति के सदस्य अनूप गुप्ता, पवन सिंह चैहान, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी सुल्तानपुर कुमार हर्ष, जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर चारू निगम, एसपी अम्बेडकरनगर अभिजीत आर शंकर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक में पूर्व निर्धारित 31 बिंदुओं पर समीक्षा की गई। अधिकारियों व अभियंताओं से बिंदुवार आख्या ली गई। समिति ने जिले में वास्तविक विद्युत आपूर्ति की स्थिति, फीडरवार आंकड़ों और आगामी अप्रैल, मई व जून माह में बिजली आपूर्ति की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान ट्रांसफार्मरों की स्थिति, मीटरयुक्त फीडरों की संख्या, लाइन लॉस, विद्युत चोरी व अनियमितताओं को रोकने के लिए विजिलेंस टीम की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। समिति ने निर्देश दिया कि बिजली चोरी रोकने के लिए नियमित छापेमारी कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग के शेष 25 विद्यालयों में शीघ्र विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और लंबित कनेक्शनों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। समिति ने विद्युत अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जुर्माना और दंडात्मक प्रावधान लागू करने पर जोर दिया। बैठक के अंत में अम्बेडकरनगर के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा समिति के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया, जबकि जिलाधिकारी सुल्तानपुर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की।

# पोस्ट ऑफिस में बम की अफवाह से हड़कंप पुलिस-बीडीडीएस ने किया सघन सर्च

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** शहर में आज दोपहर पोस्ट ऑफिस परिसर में हड़कंप मच गया। स्थानीय पासपोर्ट सेवा केंद्र पोस्ट ऑफिस परिसर में स्थित के कर्मचारियों को उनके रीजनल ऑफिस से एक ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसमें दावा किया गया कि पोस्ट ऑफिस में किसी ने बम रख दिया है।

सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया पूरा पोस्ट ऑफिस परिसर तत्काल खाली कराया गया। आम जनता को सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। पुलिस की सघन तलाशी अभियान शुरू हुआ। बाद में बम निरोधक दस्ता की टीम भी बुलाई गई, जिसने विशेष उपकरणों से पूरे परिसर की बारीकी से जांच की। लगभग 1-2 घंटे की गहन छानबीन के बाद कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु, बम या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। जांच पूरी तरह निष्कर्ष पर पहुंची कि यह सूचना पूरी तरह कोरी अफवाह थी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह मात्र एक फर्जी और निराधार सूचना साबित हुई है। किसी भी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। हमने केवल सावधानी और सुरक्षा के मद्देनजर सभी आवश्यक कदम उठाए हैं।

जनता से अपील है कि ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही इन्हें सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से आगे फैलाएं। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी सनसनीखेज या अनियंत्रित मैसेज को शेयर न करने की अपील की है। फिलहाल पोस्ट ऑफिस परिसर में सामान्य कामकाज बहाल कर दिया गया है।

# तीसरे दिन गोमती नदी में मिला घर से लापता प्रौढ़ का शव



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोसाईगंज/जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** गोसाईगंज के बहाउद्दीनपुर गांव में बुधवार सुबह गोमती नदी के किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता दिखाई पड़ा। मछली पकड़ने गए निषाद समुदाय के लोगों घटना की जानकारी पुलिस को दी। जेब में मिले आधार और पैन कार्ड से मृतक की पहचान के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली नगर के पार्किंसगंज निवासी शीतला प्रसाद कसौधन सोमवार को घर से निकले थे। बताया जा रहा है पारिवारिक विवाद की वजह से वह तब से घर नही लौटे। बुधवार को उनका शव नदी में उतराता मिला। जेब में मिले आधार व पैन कार्ड से पुलिस ने शव की पहचान कर घटना की सूचना परिवारजन को दी। मृतक की जेब से पेन, डायरी, ढाई सौ रुपये, दवा व अन्य कागजात मिले हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौत किन परिस्थितियों में हुई यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

पुलिस हर बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया मृतक के परिवारजन को घटना की सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधक कार्रवाई की जाएगी।

### बनारस से लौटते समय अमेठी में सड़क हादसा, युवक की मौत

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** वाराणसी से दर्शन कर लौट रहे तीन युवकों की कार त्रिशुण्डी रामगंज के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद दीवार से जा भिड़ी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

गोसाईगंज के राहिलपारा निवासी शुभम पांडेय, संतोष शुक्ला, शशांकमणि शुक्ला मंगलवार दोपहर करीब दो बजे निजी कार से बनारस दर्शन के लिए गए थे। देर रात करीब एक बजे लौटते समय त्रिशुण्डी अमेठी के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई और फिर दीवार से जा भिड़ी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर भेजवाया। जहां शुभम को मृत घोषित कर दिया गया। बुधवार शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। शुभम स्नातकोत्तर करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे।

# पुण्यतिथि पर दिखी सेवा और सद्भाव की मिसाल, वितरित की गई सामग्री

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के काँपा ग्राम पंचायत में स्व. रामचन्द्र तिवारी की 12वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में सेवा और सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एडवोकेट धर्मेंद्र तिवारी 'बड़े' व मास्टर पुष्पेंदर तिवारी ने इस अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं को बड़े पैमाने पर सामग्री वितरित किया।

कार्यक्रम के दौरान 1100 महिलाओं को साड़ी तथा 105 मुस्लिम महिलाओं को सूट के साथ सेवई, चीनी, डालडा और मेवा सहित अन्य सामग्री वितरित की गई। आयोजन में सभी वर्गों की महिलाओं की भागीदारी रही, जिससे गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे का संदेश स्पष्ट रूप से नजर आया। आयोजक एडवोकेट धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि पिता की स्मृति में हर वर्ष इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे जरूरतमंदों की मदद के साथ समाज में एकता और सौहार्द को बढ़ावा मिले। कार्यक्रम में रवि पांडेय, पंचम यादव, संदीप यादव, सुरेश यादव, राजेश यादव, दया शंकर पांडेय, बुद्धू, प्रधान जामता पासी, शिवकुमार पांडेय, मियादीन पांडेय, श्रीनारायण शुक्ला, दरगाही, चंद्र भान तिवारी, दिलीप सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### इफ्तार पार्टी में उमड़ी भीड़, सौहार्द व भाईचारे का दिया संदेश



**सुलतानपुर।** लंभुआ तहसील लंभुआ क्षेत्र के जुड़ापट्टी काजीगंज में मोहम्मद रईस की ओर से आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में सैकड़ों रोजेदारों ने शिरकत कर एक साथ रोजा खोला। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। इफ्तार के मौके पर लोगों ने मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ की। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न वर्गों के लोगों की भागीदारी रही,जिससे गंगा-जमुनी तहजीब की झलक साफ दिखाई दी। इस अवसर पर समाजसेवी एवं वार्ड नंबर 40 से भावी जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी मोहम्मद सुफियान भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। बताया गया कि मोहम्मद सुफियान क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहते हुए सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का समापन दुआओं और आपसी सद्भाव के संदेश के साथ हुआ।

# चिकित्सक हत्याकांड के आरोपी दोषी करार, 24 को सुनाई जाएगी सजा

**सुलतानपुर।** जयसिंहपुर के संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में न्यायाधीश संध्या चैधरी ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देकर जेल भेज दिया है। 24 मार्च को जेल से तलब कर सजा पर सुनवाई होगी। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के सखौली कला निवासी चिकित्सक घनश्याम तिवारी जयसिंहपुर सीएचसी पर संविदा पर कार्यरत थे। वे शास्त्री नगर मोहल्ले में परिवार के साथ किराए के मकान में रहते थे। कोतवाली नगर के नरायनपुर में आरोपियों ने 23 सितंबर 2023 की शाम चिकित्सक घनश्याम तिवारी को बुलाया था। आरोप है कि लाठी डंडे आदि से पीटकर मरणासन्न कर ई-रिक्शे पर लादकर उनके शास्त्री नगर स्थित घर भेज दिया था। चिकित्सक की पत्नी निशा तिवारी ने गंभीर हालत में चिकित्सक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई थी। एडीजीसी पवन दुबे और पीड़ति पक्ष के निजी वकील संतोष पांडेय ने बताया कि अभियोजन पक्ष से वादिनी निशा तिवारी, उनकी बहन शान्ती पांडेय, नाबालिग पुत्र तत्सत त्रिपाठी, डाक्टर डीसी यादव, उप निरीक्षक नियाजी हुसैन, विवेचक राम आशीष उपाध्याय और श्रीराम पांडेय, कॉन्स्टेबल विनय कुमार, अदालत के साक्षी कांस्टेबल गुड्डू राम और आरक्षी रोहित यादव ने गवाही दी। बचाव पक्ष ने गवाह अनिल कुमार को सफाई साक्ष्य में पेश किया। चिकित्सक हत्याकांड में कोतवाली नगर पुलिस ने चार पर केस दर्ज किया था। मुकदमे के दौरान सात अप्रैल 2024 की शाम दूसरे विवाद में आरोपी प्रापर्टी डीलर विजय नारायण सिंह की दरियापुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके करीब एक साल बाद बीमारी से जगदीश नारायण सिंह की मौत हो गई थी। घटना में मुख्य आरोपी नरायनपुर निवासी अजय नारायण सिंह और उसके ड्राईवर दीपक सिंह का ट्रायल हुआ।

### रोडवेज बस ने बाइक सवार को सौ मीटर तक घसीटा, मौत

**लम्भुआ-सुलतानपुर।** मुरली नहर के पास हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रमेश मिश्रा निवासी सैतापुर सराय के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयंकर था कि रोडवेज बस ने प्लैटिना बाइक सवार रमेश मिश्रा को टक्कर मारने के बाद करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। इस दौरान बाइक बस के बीचों-बीच फंस गई, जिससे स्थिति और भयावह हो गई। मौके पर ही रमेश मिश्रा ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दुर्घटना की जांच शुरू कर दी गई है। इस दर्दनाक हादसे ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है।

# डाकखाना चौराहा चोरी कांड का खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** कोतवाली नगर पुलिस ने डाकखाना चौराहा स्थित आयुर्वेदिक दवा की दुकान में हुई लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी गई नकदी के साथ वारदात में प्रयुक्त औजार भी बरामद किए हैं।बताया जा रहा है कि 16/17 फरवरी की रात सिरवारा रोड निवासी दिनेश कुमार मिश्रा की दुकान कैलाश आयुर्वेदिक औषधालय (वैद्यनाथ एजेंसी) का शटर तोड़कर अज्ञात चोर करीब 1.20 लाख रुपये व जरूरी दस्तावेज लेकर फरार हो गया था।

इस संबंध में 17 फरवरी को कोतवाली नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सौरमऊ के पास से आरोपी अजीम कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 36,160 रुपये नकद,आधार कार्ड तथा हथौड़ी, सब्बल, कटर व पेचकस बरामद हुए।सीओ सौरभ सामंत ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस समेत कई गंभीर मामलों में पहले से मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# पुस्तकालय विज्ञान के बच्चों ने भ्रमण कर सीखी नई तकनीकी : डॉ. राजेश

## केएनआईपीएसएस के पुस्तकालय विज्ञान विभाग का चार दिवसीय भ्रमण सम्पन्न

**विश्ववार्ता संवाददाता**




**सुलतानपुर।** केएनआईपीएसएस के पुस्तकालय विज्ञान विभाग के छात्रों का चार दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण टूर विभाग समन्वयक के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। छात्रों को प्रशिक्षण के लिए विभिन्न विश्वविद्यालय की सैर कराई गई।

विभागीय भ्रमण बीते 15 मार्च से प्रारम्भ हुआ और 18 मार्च तक चला। विभाग समन्वयक डॉ. राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में टूर सुलतानपुर से उत्तराखण्ड की ओर रवाना हुआ। टूर में आईआईटी रूड़की, गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार, पतंजलि विश्वविद्यालय व मदरहुड विश्वविद्यालय की सैर कराई गई। डॉ. राजेश ने बताया कि टूर प्रभु एवं श्रद्धा संस्थापक स्व. बाबू केदारनाथ सिंह के अदृश्य सहयोगी कृपा से संपन्न हुआ। सभी जगह पर छात्रों ने प्रशिक्षण में अभिरुचि दिखाई और सभी विश्वविद्यालयों ने छात्रों की जिज्ञासा और उनके ज्ञान के प्रति स्नेह दर्शाया और भविष्य में भी सहयोग के लिए संस्थान प्राचार्य डा. शक्ति सिंह के द्वारा एमओयू पत्र पर हस्ताक्षर किया यह विभाग और संस्थान के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आगे बताया कि विश्वविख्यात विश्वविद्यालय के द्वारा कमला नेहरू केंद्रीय पुस्तकालय को भविष्य में सहयोगात्मक संबंध बना रहेगा जो कि संस्थान परिवार से गौरव है। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डा. विश्वदीप खरवार, कोमल सिंह,अनिल प्रजापति व विभागीय छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार



**सुलतानपुर।** धनपतगंज थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास और लंबे समय से शोषण के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय भेजते हुए पुलिस ने आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 17 मार्च को पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि फत्तेपुर निवासी विमलेश शर्मा पुत्र संतोष शर्मा पिछले करीब एक वर्ष से नाबालिग को डरा-धमकाकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

घटना 15 मार्च की रात करीब आठ बजे की बताई जा रही है,जब आरोपी घर की छत पर चढ़कर पीड़िता से जबरन दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मामले में थाना धनपतगंज में पाक्सो एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

पीड़िता के बयान के आधार पर थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ पहले से मारपीट,गाली-गलौज और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार और कांस्टेबल आजम अली शामिल रहे।

**उपलब्धियां** कलेक्ट्रेट में लाइव प्रसारण देखा, योजनाओं और उपलब्धियों की दी गई जानकारी

# सरकार के 11 व 9 वर्ष पूरे होने पर नौ दिवसीय कार्यक्रम शुरू

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** केन्द्र सरकार के 11 वर्ष और प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के नौ वर्ष' पूर्ण होने के अवसर पर नौ दिवसीय कार्यक्रम का बुधवार को शुभारंभ हुआ। राजधानी लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखा और सुना गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों, विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित कीर्तिमान तथा जनहित में संचालित योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि प्रदेश के कई विभागों ने देश में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है और आमजन के हित में अनेक योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जा रही हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह बाराबंकी, अनूप गुप्ता लखीमपुर खीरी, पवन सिंह चैहान सीतापुर व सुलतानपुर के सदस्य विधान परिषद शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी सहित जिलाधिकारी कुमार हर्ष, जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक चारू निगम, एसपी अम्बेडकरनगर अभिजीत आर शंकर,एसपी अमेठी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बताया गया कि इस कार्यक्रम के तहत 18 मार्च से 26 मार्च तक प्रदेश मुख्यालय सहित सभी जनपदों में नौ दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें किसान मेला, पशुपालन एवं गौ सेवा से जुड़े कार्यक्रम, विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना और लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करना है।

## मोरक्को को AFCON 2025 का चैंपियन घोषित किया गया

### अफ्रीकी फुटबॉल फेडरेशन ने सेनेगल की जीत रद्द की, मैच के बीच मैदान छोड़ना गलत माना



**एजेंसी**

मोरक्को को AFCON 2025 का चैंपियन घोषित किया गया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल (CAF) ने सेनेगल की 1–0 की जीत को रद्द कर दिया है। यह फैसला 18 जनवरी को खेले गए फाइनल मैच के दौरान हुए विवाद के बाद लिया गया है। दरअसल, मैच के आखिरी समय में सेनेगल के खिलाड़ियों ने रेफरी के एक फैसले के विरोध में मैदान छोड़ दिया था,जिसे नियमों का उल्लंघन माना गया है।

क्या था विवाद

18 जनवरी को खेले गए फाइनल मैच में निर्धारित समय तक स्कोर 0–0 की बराबरी पर था। स्टॉपेज टाइम (इंजुरी टाइम) में रेफरी ने मेजबान मोरक्को के पक्ष में एक पेनल्टी दी। इस फैसले से सेनेगल के खिलाड़ी नाराज हो गए और विरोध स्वरूप मैदान से बाहर चले गए। करीब 17 मिनट तक खेल रुका रहा। बाद में खिलाड़ी वापस लौटे, मोरक्को के ब्राहिम डियाज पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए और एक्स्ट्रा टाइम में सेनेगल के पापे गुये ने गोल कर अपनी टीम को 1–0 से जीत दिला दी थी।

नियमों के आधार पर पलटा गया फैसला

मोरक्को फुटबॉल फेडरेशन (FRMF) ने मैच के नतीजों को लेकर CAF की अपील कमेटी में चुनौती दी थी। CAF ने अपनी जांच में पाया कि सेनेगल ने AFCON रेगुलेशन के आर्टिकल 82 का उल्लंघन किया है। इस नियम के मुताबिक, अगर कोई टीम रेफरी की अनुमति के बिना मैच खत्म होने से पहले मैदान छोड़ती है, तो उसे हारा हुआ माना जाता है। आर्टिकल 84 के तहत ऐसी स्थिति में विरोधी टीम को 3–0 से विजेता घोषित कर दिया जाता है। इसी आधार पर सेनेगल को अयोग्य ठहराते हुए मोरक्को को 3–0 से विजेता मान लिया गया।

## थॉमस और उबर कप में भारत को कठिन ड्रॉ मिला:मेंस और विमेंस टीमें पहला मैच चीन से खेलेंगी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** थॉमस और उबर कप 2026 में भारत को कठिन ड्रॉ मिला है। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) ने बुधवार को टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ जारी किया। इसके अनुसार भारत को पहले ही मैच में डिफेंडिंग चैंपियन चीन की कठिन चुनौती का सामना करना है।

भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप A में चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ रखा गया है। वहीं, भारतीय महिला टीम भी ग्रुप A में चीन के साथ है, जहां मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन भी शामिल हैं। थॉमस कप का 34वां और उबर कप का 31वां संस्करण 24 अप्रैल से 3 मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में खेला जाएगा। थॉमस कप मेंस और उबर कप विमेंस टीमों के बीच अयोजित होता है।



**चीन की टीम मजबूत, भारत को लक्ष्य से उम्मीदें**

चीन की पुरुष टीम इस बार भी मजबूत मानी जा रही है, जिसमें वर्ल्ड नंबर-2 शी यू क्वी और नंबर-7 ली शी फेंग जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। हालांकि, भारत को लक्ष्य सेन के हालिया शानदार प्रदर्शन से उम्मीदें होंगी। टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें चार-चार टीमों के चार ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

**पिछले एडीशन में क्वार्टर फाइनल हार गई थीं भारतीय टीमें**

भारत की दोनों टीमें पिछले एडीशन में क्वार्टर फाइनल राउंड से बाहर हो गई थीं। मेंस टीम को टॉप-8 मैच में चीन से हार गया था। वहीं, महिला टीम को क्वार्टर फाइनल में जापान ने हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था।

**भारत ने 2022 में जीता था थॉमस कप-** भारत ने 2022 में पहली बार थॉमस कप का खिताब जीता था। उसने बैंकॉक में फाइनल में इंडोनेशिया को 3-0 से हराया था।

**1949 से हो रही है चैंपियनशिप**

थॉमस कप चैंपियनशिप 1949 से खेली जा रही है। वहीं, उबर कप का आयोजन 1956 से हो रहा है। 1984 से दोनों टूर्नामेंट एक साथ आयोजित कराए जा रहे हैं।

## बाबर-फखर चोट के बावजूद टी-20 वर्ल्डकप में चुने गए थे

### PCB मेडिकल पैनल ने बताया- सिलेक्शन के समय पूरी तरह फिट नहीं थे



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के मेडिकल पैनल ने खुलासा किया है कि बाबर आजम और फखर जमान को टी-20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल किए जाने के समय उनकी फिटनेस पूरी तरह ठीक नहीं थी। पैनल के मुताबिक, दोनों खिलाड़ी चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए थे, इसके बावजूद उनका चयन किया गया। इस मामले को लेकर सीनियर सेलेक्टर आकिब जावेद ने भी पिछले हफ्ते प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल उठाए थे और चयन प्रक्रिया की जांच की मांग की थी।

**वर्ल्ड कप की बाद के जांच में सामने आया**

PCB से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, यूके के स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ जावेद मुगल ने वर्ल्ड कप के बाद दोनों खिलाड़ियों की जांच के बाद यह चिंता जताई। वे जनवरी से पाकिस्तान टीम के साथ हैं। मामला तब सामने आया जब बाबर आजम ने वर्ल्ड कप से लौटने के बाद हैमस्ट्रिंग में परेशानी बताकर नेशनल टी-20 चैंपियनशिप में खेलने से मना कर दिया। वहीं फखर जमान भी लंबे समय से इसी तरह की दिक्कत से जूझ रहे थे। सूत्र ने बताया कि जांच में बाबर की चोट शुरुआती आकलन से ज्यादा गंभीर निकली, जबकि फखर भी महीनों से इसी समस्या से परेशान हैं। सिलेक्शन कमेटी ने मेडिकल पैनल को साफ किया कि दोनों खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने से पहले टीम के फिजियो क्लिफ डीकन से फिटनेस क्लियरेंस ली गई थी। हालांकि डीकन पर पहले भी आरोप लग चुके हैं कि उन्होंने खिलाड़ियों से करीबी रिश्तों के कारण हल्की चोट के बावजूद उन्हें खेलने की अनुमति दी।



## ईशान किशन SRH के शुरुआती मैचों में कप्तानी करेंगे

अभिषेक उपकप्तान होंगे; टीम मैनेजमेंट ने कहा– चोटिल कमिंस के फिट होने तक जिम्मेदारी सनराइजर्स हैदराबाद ने ईशान किशन को IPL 2026 के शुरुआती मुकाबलों के लिए कप्तान बनाया है। वे टीम के रेग्युलर कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में टीम की कमान संभालेंगे। टीम को 28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के घर में IPL सीजन का पहला मैच खेलना है। सनराइजर्स की फ्रेंचाइजी ने बुधवार को सोशल प्लेटफार्म X पोस्ट के लिए फैंस को यह जानकारी दी।

## जियो ने IPO के लिए 17 ग्लोबल बैंकर्स नियुक्त किए

### ₹40,000 करोड़ से ज्यादा जुटा सकती है कंपनी, ये देश का सबसे बड़ा IPO होगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** :रिलायंस इंडस्ट्रीज के जियो प्लेटफॉर्म्स ने अपने आईपीओ के लिए 17 ग्लोबल और घरेलू इन्वेस्टमेंट बैंकों को नियुक्त किया है। यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है। ईटी नाऊ की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी गई है।

जियो ने इस इश्यू को मैनेज करने के लिए गोल्डमैन सैक्स, मॉर्गन स्टेनली और जेपी मॉर्गन जैसी इन्वेस्टमेंट बैंकिंग कंपनियों को ऑनबोर्ड किया हैं। इनके अलावा कोटक महिंद्रा कैपिटल, एक्सिस कैपिटल, जेएम फाइनेंशियल जैसे घरेलू बैंक भी इस टीम का हिस्सा हैं।

**₹16 लाख करोड़ की वैल्यूएशन हो सकती है**

जियो प्लेटफॉर्म्स की वैल्यूएशन लगभग 180 बिलियन डॉलर (करीब ₹16 लाख



करोड़) के आसपास हो सकती है। सेबी के नए नियमों के मुताबिक, जिन कंपनियों की वैल्यूएशन ₹5 लाख करोड़ से ज्यादा है, वे सिर्फ 2.5% पब्लिक फ्लोट के साथ लिस्ट हो सकती हैं।

इस आधार पर अगर रिलायंस सिर्फ 2.5% हिस्सेदारी भी बेचता है, तो वह ₹40,000 करोड़ से ज्यादा जुटा सकता है, जो इसे भारत के इतिहास का सबसे बड़ा IPO बना देगा।

**सेबी के नए नियमों का फायदा मिलेगा**

जेफरीज और CLSA जैसे विश्लेषकों का मानना है कि सेबी के संशोधित नियमों से जियो को काफी मदद मिलेगी। पहले कंपनियों को कम से कम 10% हिस्सेदारी बेचनी पड़ती थी, लेकिन अब बड़े आईपीओ के लिए 2.5% की छूट दी गई है। इससे प्रमोटर्स का कंपनी पर कंट्रोल भी बना रहेगा और मार्केट में शेयरों की सप्लाई कम होने से लिस्टिंग के बाद शेयर की कीमतों को सपोर्ट भी मिल सकता है। माना जा रहा है कि इस आईपीओ में नए शेयर जारी करने के साथ-साथ मौजूदा निवेशक अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे । KKR, TPG, सिल्वर लेक और विस्टा इक्विटी पार्टनर्स जैसे शुरुआती निवेशक अपनी होल्डिंग को आंशिक रूप से कैश कर सकते हैं।

## चांदी तीन दिन में ₹18,138 सस्ती, ₹2 .50 लाख पर आई :सोना ₹1.55 लाख पर आया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में आज गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, एक किलो चांदी की कीमत 2,177 रुपए घटकर 2.50 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.52 लाख रुपए किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 143 रुपए गिरकर 1.55 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 17 मार्च को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10g था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना तीन दिन में 4,778 और चांदी 18,138 सस्ती हुई है।

ट्रांसपोर्टेशन और सिक्योरिटीः सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट



बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं।

खरीदारी की मात्रा : दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40%) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। इससे मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है।

लोकल ज्वेलरी एसोसिएशनः हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन (जैसे तमिलनाडु में मद्रास ज्वेलर्स एसोसिएशन) होते हैं।

## सेंसेक्स में 633 अंक चढ़कर 76,704 पर बंद : निफ्टी में भी 197 अंक की तेजी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। शेयर बाजार में आज यानी 18 मार्च को तेजी रही। सेंसेक्स करीब 633 अंक (0.83%) चढ़कर 76,704 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 197 अंक (0.83%) की तेजी रही, यह 23,778 के स्तर पर पहुंच गया है। आज IT और रियल्टी शेयरों में खरीदारी दिखी।

**SBI की खरीदारी से अर्बन कंपनी का शेयर 10% चढ़ा**

SBI म्यूचुअल फंड ने अर्बन कंपनी में एडिशनल हिस्सेदारी खरीदी है। इसके बाद आज कंपनी के शेयर में 10% की तेजी रही। ये 122 रुपए के करीब बंद हुआ।

SBI म्यूचुअल फंड ने कंपनी में 632 करोड़ में अतिरिक्त 4% हिस्सेदारी खरीदी है।



NSE पर 109.85 के औसत भाव से अर्बन कंपनी के 3,50,63,090 शेयर खरीदे। BSE पर SBI म्यूचुअल फंड ने 109.83 के भाव से 2,24,93,959 शेयर खरीदे हैं।

एशियाई बाजार में तेजी रही

साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 5.04% चढ़कर 5,925 पर बंद हुआ।

जापान का निक्केई इंडेक्स 2.87% चढ़कर 55,239 पर बंद हुआ।

हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.61% चढ़कर 26,025 पर बंद हुआ।

चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.32% ऊपर 4,062 पर बंद हुआ।

**अमेरिकी बाजार में 17 मार्च को गिरावट रही-** डाउ जोन्स 46 अंक (0.10%) बढ़कर 46,993 के स्तर पर बंद हुआ। टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 0.47% बढ़कर 22,47 पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स 16 अंक (0.25%) गिरकर 6,716 पर बंद हुआ।

**GSP क्रॉप साइंस का IPO 1.61 गुना सब्सक्राइब हुआ-** एग्रोकेमिकल कंपनी GSP क्रॉप साइंस के IPO को निवेशकों का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला है। बिडिंग के आखिरी दिन यानी 18 मार्च तक यह इश्यू कुल 1.61 गुना सब्सक्राइब होकर बंद हुआ।

## चेक बाउंस केस में राजपाल यादव को राहत : 1 अप्रैल तक जेल नहीं जाना होगा, कोर्ट ने कहा– पैसा चुकाने का यह आखिरी मौका



चेक बाउंस मामले में फंसे बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि क्योंकि राजपाल ने अब तक बकाया राशि का एक बड़ा हिस्सा जमा कर दिया है, इसलिए उन्हें फिलहाल वापस जेल नहीं भेजा जाएगा। अब मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। हालांकि, कोर्ट ने यह साफ कर दिया कि अगली सुनवाई की तारीख को टाला नहीं जाएगा और मामले पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। कोर्ट ने इसे राजपाल के लिए आखिरी मौके की तरह देखने को कहा है। सुनवाई के दौरान राजपाल यादव के वकील ने कोर्ट को जानकारी दी कि राजपाल ने अब तक शिकायतकर्ता कंपनी 'मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' को 4 .25 करोड़ रुपए चुका दिए हैं। वकील ने आज कोर्ट में 25 लाख रुपए का एक और डिमांड ड्राफ्ट (DD) जमा किया। इसके साथ ही कोर्ट में रेगुलर बेल (नियमित जमानत) की अर्जी भी दी गई, क्योंकि राजपाल की अंतरिम जमानत आज खत्म हो रही थी।

**कोर्ट ने पूछा– क्या लोन लिया था?**

कार्यवाही के दौरान जज ने राजपाल यादव से सीधे सवाल किया कि क्या उन्होंने लोन लिया था? इस पर एक्टर ने स्वीकार किया कि उन्होंने पैसे लिए थे। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि राजपाल को पहले भी पैसे लौटाने के कई मौके दिए गए थे, लेकिन उन्होंने समय पर भुगतान नहीं किया। कोर्ट ने इसे राजपाल के लिए आखिरी मौके की तरह देखने को कहा है।

**राजपाल बोले– 'जेल जाने से हुआ भारी नुकसान'**

राजपाल यादव ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि 2016 के आदेश के मुताबिक उन्हें 10 .40 करोड़ रुपए चुकाने थे। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने अपने एक दोस्त की 28 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी सुरक्षा के तौर पर दिए थे।

राजपाल ने आरोप लगाया कि दूसरा पक्ष बकाया पैसे लेने के बजाय उन्हें जेल भेजने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले जेल जाने की वजह से उनकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ गई, जिससे उन्हें एक फिल्म प्रोजेक्ट में 22 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। राजपाल यादव इन दिनों 9 करोड़ रुपए के चेक बाउंस मामले में कानूनी कार्यवाही का सामना कर रहे हैं। यह मामला उनकी साल 2010 की फिल्म 'अता पता लापता' के लिए लिए गए कर्ज से जुड़ा है। राजपाल ने बिजनेसमैन माधव गोपाल अग्रवाल से 5 करोड़ रुपए उधार लिए थे।

## शाहरुख खान फिर करेंगे रोमांस विंटेज लुक में नई फिल्म

### किंग के बाद रोमांटिक अंदाज में वापसी, क्लासिक कहानी को मॉडर्न टच के साथ पेश करेंगे

शाहरुख खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर रोमांस का जादू बिखेरने की तैयारी में हैं। हाल ही में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'किंग' के बाद किंग खान एक बिग बजट रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकते हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में उनका लुक काफी अलग और विंटेज स्टाइल का होगा, जो दर्शकों के लिए नया अनुभव लेकर आएगा। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म क्लासिक लव स्टोरी पर आधारित होगी, जिसमें इमोशंस और पुराने दौर की फीलिंग्स को मॉडर्न टच के साथ पेश किया जाएगा। मेकर्स इस प्रोजेक्ट को बड़े स्तर पर बनाने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि दर्शकों को एक भव्य सिनेमैटिक अनुभव मिल सके। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख इस फिल्म में एक परिपक्व और गहराई वाले किरदार में दिखाई देंगे। उनका यह अवतार उनके पुराने रोमांटिक इमेज की याद दिलाएगा, जिसे दर्शकों ने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'कुछ कुछ होता है' और 'वीर–जारा' जैसी फिल्मों में खूब पसंद किया था। लंबे समय बाद वे इस जोनर में वापसी कर रहे हैं, जिससे फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। फिल्म की कहानी, डायरेक्टर और बाकी स्टारकास्ट को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इंडस्ट्री में इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा तेज हो गई है। मेकर्स इस फिल्म



को इंटरनेशनल लेवल पर प्रमोट करने की योजना बना रहे हैं। गौरतलब है कि शाहरुख खान ने पिछले कुछ सालों में 'पठान' और 'जवान' जैसी एक्शन फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर शानदार वापसी की है। अब वे फिर से अपने रोमांटिक अंदाज में लौटने वाले हैं, जो उनके करियर की पहचान रहा है। अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक रहा, तो यह फिल्म आने वाले समय में बॉलीवुड की सबसे चर्चित और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक साबित हो सकती है। फैंस को अब इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

## LPG सिलेंडर की कमी पर अक्षय कुमार ने दिया रिएक्शन



### पत्नी ट्विंकल ने 2 इंडक्शन ऑर्डर किए, कहा– अभी तक तो कोई प्रॉब्लम नहीं है

ईरान–इजरायल जंग के बीच भारत में LPG सिलेंडर की किल्लत हो गई है। देश में कमर्शियल सिलेंडर पर रोक लगा दी गई, जिससे आम जनता के बीच भी सिलेंडर के लिए मारामारी हो रही है। इसी बीच एक्टर अक्षय कुमार ने इस किल्लत पर रिएक्शन दिया है। उनका कहना है कि उनकी पत्नी ट्विंकल खन्ना ने खबर मिलते ही इंडक्शन खरीद लिया है। अक्षय कुमार मंगलवार को बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी की प्रेस कॉन्फ्रेंस का हिस्सा बने थे। इस दौरान उनसे गैस सिलेंडर की किल्लत होने पर सवाल किया गया, तो एक्टर ने कहा, "तो मेरी पत्नी ने परसों, देखिए, अभी तक तो कोई समस्या नहीं है। लेकिन जो नया ओवन आया है, जो इंडक्शन जैसा है, तो हमने दो खरीद लिए हैं। तो आप भी खरीद लीजिए।" जब एक्टर से पूछा गया कि क्या वो इंडक्शन उनके घर पहुंच गया है, तो एक्टर ने कहा, "फिलहाल तो मुझे यह नहीं पता, लेकिन मुझे इतना मालूम है कि मेरी पत्नी ने उसे ऑर्डर कर दिया है। वह घर पर पहुंचा है या नहीं, यह मुझे अभी तक पता नहीं है।"

## विवादित गाने पर नोरा फतेही की सफाई

### कहा– गलत ट्रांसलेशन बताकर शूट करवाया, बिना अप्रूवल हिंदी में बनाया, AI फोटोज यूज कीं, हिंदी गाना देखकर शॉक थी



नोरा फतेही पैन इंडिया फिल्म केडी :द डेविल के गाने सरके चुनर तेरी सरके की रिलीज से विवादों में हैं। अश्लील गाने पर विवाद बढ़ने के बाद अब एक्ट्रेस ने बयान जारी कर साफ कहा है कि उनसे कन्नड़ में गलत ट्रांसलेशन बताकर पूरा गाना शूट करवाया गया और फिर बिना अप्रूवल या परमिशन गाने को हिंदी में बना लिया। एक्ट्रेस ने मेकर्स पर भी कई संगीन आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मेकर्स ने लिरिकल गाने को बिना इजाजत लिए उनकी AI इमेज के साथ रिलीज किया। एक्ट्रेस ने ये भी माना कि गाना वाकई अनुचित है, लेकिन इसकी जानकारी उन्हें सॉन्ग लॉन्च इवेंट में पहुंचकर मिलीं। हिंदी गाना देखकर एक्ट्रेस खुद शॉक में थीं। विवाद पर नोरा फतेही ऑफिशियल सोशल मीडिया से एक वीडियो पोस्ट कर कहा– 'मैं इस गाने से जुड़ी कंट्रोवर्सी पर डिस्कस करना चाहती हूं। इस वक्त में अपने करीबी की मौत के सदमे में हूं। मैं नेटवर्क में नहीं थी, जिससे मुझे पता नहीं चला कि क्या चल रहा है। आज मैं नेटवर्क में आई तो मुझे इसकी जानकारी मिली। मैं कुछ चीजें साफ करना चाहती हूं।' 'मैंने ये गाना तीन साल पहले कन्नड़ में शूट किया था। जो एक अलग इंडस्ट्री का हिस्सा है, जिसे सैंडलवुड कहा जाता है। जब मैंने 3 साल पहले ये गाना शूट किया तो मैंने इसके लिए हां इसलिए कहा क्योंकि ये बड़ी फिल्म का हिस्सा था, जिसमें बड़े आइकन संजय दत्त थे। कौन उनके साथ काम करने से मना करता। वो एक रीमेक था, नायक नहीं खलनायक हूं में, जैसा कि मैंने सोचा। वो भी एक आइकॉनिक गाना था।' वीडियो में नोरा ने आगे कहा, 'जब मैं ये गाना शूट कर रही थी तो मैं ट्रांसलेशन के लिए पूरी तरह मेकर्स पर डिपेंडेंट थी। जब उन्होंने गाना ट्रांसलेट किया, तो कुछ भी वल्गर और इनअप्रोप्रिएट नहीं था। मैं कन्नड़ नहीं समझती, तो वो जो भी कह रहे थे, मैं वही मान रही थी। जो उन्होंने अब किया कि उस गाने का हिंदी में बनाया, उसकी डबिंग करवाई, जिसकी लिरिक्स वाकई बहुत इनअप्रोप्रिएट है, मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने इसके लिए मुझसे कोई परमिशन नहीं ली, न ही मुझे बताया।

## एक नजर

### चीनी मिल ने भेजा 13 मार्च तक का गन्ना मूल्य भुगतान

**रामकोला (कुशीनगर)।** त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला द्वारा किसानों को समयबद्ध गन्ना मूल्य भुगतान की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसी क्रम में मिल प्रबंधन ने 07 मार्च से 13 मार्च तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित कर दिया है। यह जानकारी मिल के प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह दी । उन्होंने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र में उक्त अवधि के दौरान खरीदे गए गन्ने के सापेक्ष कुल 14 करोड़ 93 लाख रुपये की धनराशि किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसान हित सर्वोपरि है और मिल प्रबंधन का प्रयास रहता है कि किसानों को समय पर भुगतान मिले, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रधान प्रबंधक ने किसानों से अपील की कि वे मिल को ताजा, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त गन्ने की आपूर्ति करें, ताकि पेराई कार्य सुचारु रूप से चलता रहे। उन्होंने किसानों को अपनी संपूर्ण गन्ना आपूर्ति मिल को ही देने की सलाह दी, जिससे उनका बेसिक कोटा बढ़े और भविष्य में अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने किसानों को वसंतकालीन गन्ना बुआई के लिए उन्नत किस्में जैसे CO-0118, CoP-9301, CoLK-14201, CoLK-16202 एवं 18231 अपनाने की सलाह दी। साथ ही भूमि की उर्वरता बनाए रखने और फसल सुरक्षा के लिए ट्राइकोडर्मा के प्रयोग को अनिवार्य बताया। प्रेस वार्ता के दौरान कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय एवं गन्ना प्रबंधक इन्द्र कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बलिदान दिवस समारोह 23 मार्च को : नन्दकिशोर मिश्र



**सेवरही, कुशीनगर।** जीवन ज्योति जागृति मिशन के तत्वाधान में आगामी 23 मार्च 2026 को शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस को ₹बलिदान दिवस₹ के रूप में समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं जीवन ज्योति जागृति मिशन के अध्यक्ष पंडित नंदकिशोर मिश्र ने पत्रकारों से प्रेसवार्ता के दौरान देते हुए बताया। उन्होंने कहा कि देश की आज़ादी की लड़ाई में बिगुल फूंकने वाले वीर शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को याद करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मानव मूल्यों का क्षरण हो रहा है। ऐसी स्थिति में उनका बचाए रखने के लिए महापुरुषों एवं क्रांतिकारी देशभक्ति के जीवन एवं प्रेरणादायीं उपदेशों का प्रचार प्रचार करना है आवश्यक है। इसको ध्यान में रखते हुए जीवन ज्योति जागृति मिशन के तत्वावधान में आयोजित बलिदान दिवस समारोह सभा एवं गोष्ठी के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। जिसके क्रम में शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान दिवस का स्मरण करते हुए लोकमान्य इंटर कॉलेज तमकुहीरोड आगामी 23 मार्च सोमवार को आयोजित किया गया है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कार्यक्रम को सफल बनाने के अपील किया है।

### एसएफआई ने ज्ञापन सौंप की रोहित एक्ट और यूजीसी रेगुलेशन एक्ट लागू करने की मांग



**कसया, कुशीनगर।** केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) द्वारा रोहित एक्ट मार्च निकालकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित छः सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर रोहित एक्ट और यूजीसी रेगुलेशन एक्ट – 2026 लागू किए जाने की मांग की। बुधवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्ट माकपा के जिला सचिव अयोध्यालाल श्रीवास्तव एवं एसएफआई के जिला संयोजक आसिफ सिद्दकी के नेतृत्व में छात्रों और पार्टी पदाधिकारियों ने मार्च उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में राजस्व निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रोहित एक्ट लागू करने, यूजीसी रेगुलेशन एक्ट – 2026 लागू किए जाने, एससी, ओबीसी छात्रवृति सभी पात्रों को पूरा वितरित करने, विश्व विद्यालयों में एससी एसटी, ओबीसी के लिए बाहरी वैधानिक समिति बनाने जिनमें उनका प्रतिनिधित्व हो आदि मांग की। इस दौरान बीपी गुप्ता, इदरीश सिद्दकी, कैलाश गिरी, दीपक भारती, खुर्शीद आलम, विशेष सिंह मौजूद रहे।

### कम्पोजिट विद्यालय बड़हरा लक्ष्मीपुर के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम



**हाटा (कुशीनगर)।** विकास खंड मोतीचक स्थित परिषदीय विद्यालय के छात्र नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित होने पर कम्पोजिट विद्यालय बड़हरा लक्ष्मीपुर की छात्र स्मीता पुत्री संतोष ने सफलता का परचम फहराया है। इसके पूर्व इसी विद्यालय के अंकुश प्रजापति पुत्र परशुराम,रिया पुत्री रविन्द्र राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा मे सफल होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस सफलता पर विद्यालय परिवार ने छात्रों को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। खण्ड शिक्षाधिकारी मुकेश नारायण मिश्र, राजेन्द्र सिंह,मोलई प्रसाद प्रजापति, दिनेश कुमार सिंह, राहुल कुमार, मुन्ना सिंह, बृजेश कुमार, आदित्य तिवारी, उग्रसेन सिंह, बृजलाल, देवेन्द्र चौरसिया,आभा राव,पवन सिंह, वरुण सिंह ने छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### 75 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने अन्तर्राज्यीय शराब तस्करी गैंग का पर्दाफाश कर नम्बर प्लेट बदलकर एक आयशर डीसीएम ट्रक में छिपाकर बिहार ले जाए जा रही 75 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (चंडीगढ निर्मित) की बरामदगी की है। शराब की तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त कर लिया गया है। बरामद हुई शराब व जब्त वाहन की कीमत लगभग 23 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार जनपद में अवैध शराब बिक्री/निष्कर्षण/परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे आज पडरौना कोतवाली पुलिस ने एक आयशर ट्रक (जिसका नम्बर प्लेट बदलकर व चेचिस नम्बर खुरच दिया गया है) में छिपाकर बिहार ले जाए जा रही 75 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (डिस्काउंट प्रीमियम व्हिस्की 45 पेटी प्रत्येक में 48 बोतल – प्रत्येक की धारिता 180 एमएल) व ब्लू स्ट्रोक एक्सक्यूजिट व्हिस्की ब्रांड की अंग्रेजी शराब की 30 पेटी (प्रत्येक में 48 बोतल, प्रत्येक बोतल की धारिता 180 एम.एल कुल 648 लीटर) के साथ एक तस्कर – प्रदीप ढाका पुत्र महिपाल सिंह निवासी ग्राम रसोडा थाना सदर झुंझनू जनपद झुंझनू राजस्थान को बांसी पुलिस चौकी के बैरियर के पास गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह व उसके साथी पंजीब चंडीगढ से सस्ते दामो पर अंग्रेजी शराब खरीदकर एक आईशर डीसीएम ट्रक , जिसका नम्बर प्लेट बदल दिया गया है और चेचिस नम्बर खुरच दिया गया है – के केबिन में बने गुप्त बाक्स में छिपाकर उसे अवैध ढंग से बिहार ले जाते है । वहां शराब को ऊंचे दामों पर बेंच देते है। पुलिस टीम ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर आबकारी अधिनियम की धारा 60/63/72 व भारतीय न्याय संहिता की धारा 341(1) के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेज दिया है। बरामदगी व गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में पडरुणा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी, बांसी पुलिस चौकी के प्रभारी दरोगा प्रदीप कुमार , सिपाही चन्दन यादव, राजेश यादव, गोविन्द यादव शामिल रहे।

# पानी में खड़े होकर फूटा आक्रोश, 10वें दिन पट्टाधारकों का अनोखा प्रदर्शन

## अब आमरण अनशन की चेतावनी, प्रशासन की चुप्पी पर उबाल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** ग्राम सभा रहसूजनोबीपट्टी में पट्टे की जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। शनिवार को धरने के दसवें दिन पट्टाधारकों ने पानी में खड़े होकर अनोखा प्रदर्शन किया, जिसने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



धरनारत लोगों का कहना है कि 10 दिन बीत जाने के बाद भी कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे उनमें गहरा आक्रोश है। नाराज पट्टाधारकों ने अब बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो गुरुवार से क्रमिक अनशन को आमरण अनशन में बदल दिया जाएगा।

धरने का नेतृत्व कर रहे समाजवादी पार्टी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अविनाश कुमार गोंड़ ने कहा कि वर्ष 1994 में 177 गरीब परिवारों को दिए गए पट्टे के बावजूद 32 साल बाद भी उन्हें जमीन पर कब्जा नहीं मिल सका, जो प्रशासन की विफलता को दर्शाता है।वहीं प्रियेश गोंड़ ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक पट्टाधारकों को उनकी जमीन पर अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक यह आंदोलन लगातार चलता रहेगा।धरना स्थल पर रवि प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, फुलेना शर्मा, रमेश प्रसाद, घूरा मुसहर, चंद्रिका प्रसाद, शिव बच्चन, बंगाली प्रसाद, सिंहासन प्रसाद, राजेश मद्धेशिया, सुमंत प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, रामप्रीत गोंड सहित बड़ी संख्या में महिलाएं ,गायत्री देवी, प्रभावती, मीना देवी, सरस्वती, अकली, राजपति देवी आदि मौजूद रहीं।धरनारत लोगों का कहना है कि यह सिर्फ जमीन की लड़ाई नहीं, बल्कि उनके हक और अस्तित्व की लड़ाई है, और अब वे हर हाल में अपना अधिकार लेकर ही रहेंगे।

## भाजपा नेता संजय गुप्ता ने अग्नि पीड़ितों में बांटी टीन शेड

- तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के गांव रकबा दुलमापट्टी बलुही में मंगलवार के दिन लगी थीं आग
- बिटिया की शादी के लिए रखीं सामग्री जलकर खाक
- घर गृहस्थी की सम्पूर्ण सामग्रियां जलकर हो गई थी खाक



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** दुदही क्षेत्र के गांव रकबा दुलमापट्टीप गांव के बलुही में बीते मंगलवार के दिन अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। जिसमें पांच परिवारों की रिहायशी झोपडियां जलकर खाक हो गई थी। आग इतने विकराल थी की किसी भी परिवार की कोई भी सामग्री बाहर निकाला नहीं जा सका। सूचना पाकर मौके पर पहुंच भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय गुप्ता ने पिडीतों के दुखों को बाटते हुए हर सम्भव मदद की भरोसा दिलाया।

बुधवार को भाजपा नेता संजय गुप्ता ने व जिला पंचायत सदस्य मुकेश गुप्ता द्वारा पिडीतों में टीनसेड़ बटवाई। जानकारी के अनुसार अग्निपीडित सुरेंद्र चौहान की बेटी ललीता चौहान की आने वाले माह मे शादी थी। जिसके लिए रखी सम्पूर्ण सामग्रीयां जलकर खाक हो गई हैं। भाजपा नेता संजय गुप्ता ने बताया की अग्नि पिडीतों के आसियाने बनाने के लिए हमने टीनसेड़ की व्यवस्था की है आगे भी हर सम्भव मदद की भरोसा दिलाया।

संजय गुप्ता ने कहा कि सेवा ही मेरा परमो धर्म है और गरीबों की कष्ट को हम देख नहीं सकतें। इसलिए अग्नि पीड़ितों के बीच पहुंच कर सबको ढाढस बधाया हूँ। इस दौरान अग्निपीड़ित संतोष चौहान, जितेंद्र चौहान, देवकली देवी, सुरेंद्र चौहान, नन्दकुमार चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

## संस्कार भारती के आलोक अध्यक्ष और वीरेश बने महामंत्री

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** कसया नगर के महर्षि अरविंद विद्या मंदिर सभागार में मंगलवार के शाम संस्कार भारती के जिला इकाई की विशेष बैठक आयोजित हुई। जिसमें संगठन के कार्यकारिणी का गठन किया गया।पर्यवेक्षक गोरक्ष प्रांत पदाधिकारी रीता श्रीवास्तव व विश्वमोहन तिवारी ने सर्वसम्मति से एड. आलोक कुमार श्रीवास्तव को अध्यक्ष, वीरेश कुमार राय को महामंत्री व उमेश चंद्रगुप्त को कोषाध्यक्ष बनाया।




इसके अलावा डॉ.कालिंदी त्रिपाठी, डॉ.सीमा गुप्ता, बृजेश त्रिपाठी सहित पांच लोगों को उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार राय, राजीव रंजन यादव व गिरजेश श्रीवास्तव सहित पांच लोगों को मंत्री का दायित्व मिला। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गोपेंद्र प्रताप सिंह,संजय तिवारी,राधेश्याम सिंह आदि लोग मनोनीत हुए।

जिलाध्यक्ष ने संगठन का विस्तार करते हुए अर्चना श्रीवास्तव को मंचीय कला विभाग संयोजक, रंजना मद्धेशिया को लोक कला विभाग संयोजक, दिव्यांशु प्रियदर्शी को दृश्य कला विभाग संयोजक,दयानंद दुबे को धरोहर कला विभाग संयोजक व सुमन मणि त्रिपाठी को साहित्य कला विभाग संयोजक चुना।प्रांतीय महामंत्री डॉ अनिल कुमार सिंहा ने संगठन की ओर से वर्ष भर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के रूपरेखा पर प्रकाश डाला व मनोनीत पदाधिकारी को पका पहनकर सम्मानित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व नटराज देव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन व ध्येय गीत से हुआ।

मार्गदर्शक मंडल में पूर्वविधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि संस्कार भारती का उद्देश्य सनातन संस्कृति व लोक कला का संरक्षण करना है। बिरला धर्मशाला के प्रबंधक वीरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।संचालन जगदीश सिंह व आभार पूर्व जिलाजज संतोष कुमार श्रीवास्तव ने किया।समापन वंदे मातरम से हुआ।

इस दौरान डॉ सीबी सिंह,डॉ अखिलेश सिंह,अशोक कुमार, शशिप्रभा सिंहा,सुरेश प्रसाद गुप्त,धर्मेंद्र यशस्वी मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# कैंडल जला और पुष्प अर्पित कर दिवंगत पत्रकारों को दी गई श्रद्धांजलि

## मृतक पत्रकारों के परिजनों को मुआवजा दे सरकार : अजय सिंह

- अभा पत्रकार सुरक्षा समिति कुशीनगर द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित होटल देव इन में अभा पत्रकार सुरक्षा समिति कुशीनगर द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत पत्रकार शंभू मिश्रा व धनंजय पाण्डेय को पत्रकारों ने उनके चित्र के समक्ष कैंडल जलाकर और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा मृतक के परिजनों को सरकार से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।



बुधवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह ने कहा कि जनपद के दो होनहार पत्रकारों का मार्ग दुर्घटना में निधन से प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के कलमकारों में शोक व्याप्त है। उनका निधन पत्रकारिता जगत की अपूर्णीय क्षति है। अपील किया कि परिवार को मदद के लिए सभी पत्रकार साथी आगे आएं। संगठन के जिलाध्यक्ष हृदया नन्द शर्मा ने कहा कि घटना से हम सभी काफी दुःखी हैं।

पत्रकार हित में सरकार पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करें। इस दौरान बृज बिहारी त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार यादव, जिला सचिव पावन कुमार शर्मा, जिला सचिव ज्ञानेश्वर बरनवाल, तहसील अध्यक्ष कामख्या नारायण मिश्र, मनीष कुमार यादव, सतीश कुमार सिंह, आलोक कुमार तिवारी, दिनेश कुमार ओझा, संदीप कुमार सिंह, मोहन वर्मा, मस्तराज शर्मा, मनीष कुमार गुप्ता, उमर फारूक अंसारी, विजय कुमार तिवारी, मेराज अहमद सहित पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया और शोकाकुल परिजनों को ईश्वर से इस दुःख को सहने शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ श्री विष्णु महायज्ञ का हुआ समापन

## समापन के अवसर पर पूरे क्षेत्र में आस्था और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मथौली बाजार(कुशीनगर)।** नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 16 सरदार बल्लभ भाई पटेल नगर (लोहेपार घिवही) स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर में चल रहे नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का बुधवार को पूर्णाहुति, हवन-पूजन और विशाल भंडारे के साथ भव्य रूप से संपन्न हो गया। समापन के अवसर पर पूरे क्षेत्र में आस्था और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। अंतिम दिन प्रातः से ही यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में विधि-विधान से हवन कराया गया। यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना किया। वैदिक मंत्रोच्चार और श्रीराम जानकी,भगवान विष्णु के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था सुव्यवस्थित रही, जिसमें स्थानीय युवाओं और आयोजन समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।



महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन हुई रामकथा और रामलीला ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। समापन मौके पर समिति द्वारा सभी सहयोगियों, श्रद्धालुओं और प्रशासन तथा क्षेत्रीय मीडिया बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान महायज्ञ संयोजक सभासद हेमंत सिंह, पुजारी मंखन दास, रमाशंकर चौरसिया, भूपेन्द्र राव, उमेश साहनी,बंसत साहनी, धर्मवीर सिंह,पूर्व प्रधान बृजेश उपाध्याय, राकेश यादव उर्फ भोला भाई, समाजसेवी मिंटू सिंह, राजू शर्मा, तुलसी सिंह,उदय सिंह, ऋषिकेश मिश्रा, बसंत साहनी, राजीव शर्मा, मोहन सिंह, सीपीएन सिंह, मार्कण्डेय सिंह, मंजेश गुप्ता सहित साधु-संत सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## बिना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति संचालित ईंट भट्ठा कराया गया बंद



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** जिला खानन अधिकारी के निर्देशन में जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर के आदेश एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (मुख्यालय) के बंदी आदेश के अनुपालन में आज जिला प्रशासन, खनन विभाग, अग्निशमन विभाग एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम द्वारा तहसील क्षेत्र के ग्राम पुरन्दरपुर, पोस्ट महुअवा कारखाना, थाना तुर्कपट्टी, तहसील कसया स्थित मेसर्स जय बाला जी ईंट उद्योग (जय महावीर ईंट उद्योग) का स्थलीय निरीक्षण एवं सर्वेक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ईंट भट्ठा संचालित पाया गया, जबकि संबंधित भट्ठा द्वारा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से स्थापनार्थ एवं संचालनार्थ सहमति (जल/वायु) प्राप्त नहीं की गई थी। संयुक्त टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए दिनांक 18 मार्च को उक्त ईंट भट्ठे का संचालन पुनः बंद कराया गया। मौके पर उपस्थित भट्ठा प्रतिनिधि श्री राजन सिंह को निर्देशित किया गया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से आवश्यक सहमति (जल/वायु) प्राप्त किए बिना भट्ठे का संचालन न किया जाए।

खान अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में अवैध एवं नियम विरुद्ध संचालित खनन एवं ईंट भट्ठों के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

**निर्देश** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में हुआ किसान दिवस का समापन

# सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े किसान तक पहुंचे

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता ने पिछले माह किसान दिवस में किसानों द्वारा की गई शिकायतों के निस्तारण के संबंध में उपस्थित किसानों की समक्ष बताया गया। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक जिलाधिकारी द्वारा सुना गया और कृषि क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु कड़े निर्देश दिए गए।

रतनपुरा के किसानों द्वारा शिकायत की गई की गाढ़ा ताल की सफाई कराई जाए, कुछ किसानों द्वारा शिकायत की गई कि जंगली नीलगायों द्वारा फसलों को नुकसान किया जा रहा है इसकी व्यवस्था की जाए। ग्राम पंचायत कुशमौर में क्रय केंद्र न होने की शिकायत की गई। इसी क्रम में खुखुन्दवा में सरकारी नाली पर अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने एवं नाली का निर्माण कराए जाने की भी शिकायत की गई। हथिनी से सरवा तक जाने वाली सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की गई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तकनीक और सरकारी अनुदान का सही समन्वय आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों और अधिकारियों की आपसी समन्वय से कृषि से आय में वृद्धि होगी जनपद में ऐसे किसानों की जरूरत है जो कृषि से अपनी आय में वृद्धि किए हों जिससे जनपद के अन्य किसान प्रेरित होकर कृषि के क्षेत्र में आगे आए।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि से संबंधित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की और किसानों को लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिन किसानों की ई-केवाईसी लंबित है, उन्हें कृषि विभाग शिविर लगाकर पूर्ण कराए ताकि किसी भी पात्र किसान की किस्त न रुके। आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए उर्वरक और कीटनाशकों के छिड़काव हेतु ड्रोन तकनीक के उपयोग की जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील स्तर पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण 7 कार्य दिवसों के भीतर सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जनपद के प्रगतिशील किसानों से कहा कि कृषि क्षेत्र से संबंधित बैंकों के माध्यम से मिलने वाले ऋण में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसान राष्ट्र की रीढ़ हैं। प्रशासन की प्राथमिकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े किसान तक बिना किसी बाधा के पहुँचे।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि किसानों के शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं अन्यथा की स्थिति में लम्बित शिकायतों पर किसानों द्वारा यदि पुनः शिकायत की गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

किसान दिवस के दौरान जिला विकास अधिकारी उमेश चन्द्र तिवारी, लीड बैंक मैनेजर अनिल कुमार सिन्हा, जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्ता सहित जनपद के प्रगतिशील किसान तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांवों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की बड़ी पहल

## यूपी और केंद्र के बीच जल जीवन मिशन 2 .0 पर समझौता, पेयजल योजनाओं में अब ज्यादा परिणाम दिखेंगे : योगी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

लखनऊ। ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की पहुंच को मजबूत करने की दिशा में बुधवार को एक अहम पहल हुई। जल जीवन मिशन (जेजेएम) 2.0 के तहत केंद्र सरकार और उप्र सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता मिशन के अगले चरण की औपचारिक शुरुआत है, जिसे हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिली है। यह एमओयू केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर घर नल से जल के लक्ष्य को जमीन पर उतारने की दिशा में यह समझौता एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे जलापूर्ति योजनाओं को और बेहतर योजना, समयबद्धता और परिणामों के साथ लागू किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसका सीधा लाभ ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल के रूप में मिलेगा। उन्होंने इसे केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों मजबूत होंगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतिम व्यक्ति तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का संकल्प अब तेजी से साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस केवल कनेक्शन देने तक सीमित नहीं है, बल्कि योजनाओं के दीर्घकालिक संचालन और रखरखाव पर भी बराबर ध्यान दिया जा रहा है। वर्तमान में बड़ी संख्या में गांवों में जलापूर्ति के साथ-साथ अनुरक्षण व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि जो योजना शुरुआत में सीमित क्षेत्रों तक थी, उसे अब उन सभी गांवों तक विस्तारित किया गया है जहां पाइप पेयजल की सुविधा नहीं थी। बुंदेलखंड और विंध्य जैसे क्षेत्रों में, जहां कभी पानी की गंभीर किल्लत थी, आज घर-घर नल से जल पहुंच रहा है। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने इस मौके पर कहा कि जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि सभी परियोजनाएं टिकाऊ और दीर्घकालिक उपयोग को ध्यान में रखकर लागू की जाएं। यह समझौता न केवल पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि ग्रामीण जीवन स्तर, स्वास्थ्य और शिक्षा पर भी सकारात्मक असर डालेगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री वी सोमन्ना, उप्र के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता रही।



वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार के मध्य जलजीवन मिशन के अंतर्गत एम0ओ0यू0 का हस्तान्तरण (ऑनलाईन) कार्यक्रम में मौजूद सीएम योगी ।

# ईडी रेड में ममता की दखलंदाजी पर सुप्रीम कोर्ट खफा

## कहा– आई–पीएसी दफ्तर पहुंचकर आपने ठीक नहीं किया

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आई-पीएसी के ऑफिस में प्रवर्तन निदेशालय ईडी की रेड के दौरान पश्चिम बंगाल की सीएम के अचानक पहुंचने पर सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आपने वहां पहुंचकर ठीक नहीं किया। ऐसे असामान्य हालात में केंद्रीय एजेंसी को क्या करना चाहिए। अगर कल कोई और मुख्यमंत्री भी ऐसी छापेमारी में घुस जाए तो क्या ईडी के पास कोई समाधान नहीं होगा। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में ममता के आई-पीएसी के कार्यालय और प्रतीक जैन के घर और कार्यालय से लैपटॉप, फोन और कई दस्तावेज ले जाने को सत्ता का गंभीर दुरुपयोग बताया है। एजेंसी ने मुख्यमंत्री और उनके साथ आए अधिकारियों के खिलाफ पुलिस केस दर्ज करने की मांग भी की है।



8 जनवरी को ईडी की टीम ने प्रतीक जैन के कोलकाता के गुलाउडन स्ट्रीट स्थित घर और दूसरी टीम सॉल्टलेक स्थित दफ्तर पर छापा मारा था। प्रतीक जैन ही ममता बनर्जी के लिए पॉलिटिकल स्ट्रैटजी तैयार करते हैं। कार्रवाई सुबह 6 बजे से शुरू हुई थी, लेकिन करीब 11:30 बजे के बाद मामला बढ़ा। सबसे पहले कोलकाता पुलिस कमिश्नर, प्रतीक के आवास पर पहुंचे। कुछ समय बाद सीएम ममता बनर्जी खुद लाउडन स्ट्रीट स्थित उनके घर पहुंच गईं।

ममता वहां कुछ देर रुकीं। जब बाहर निकलीं, तो उनके हाथ में एक हरी फाइल दिखाई दी। इसके बाद वे आई-पीएसी के ऑफिस भी गईं। उन्होंने कहा- गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं। ईडी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर छापेमारी की गई। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि इस मामले में संवैधानिक ढांचे से जुड़े मूलभूत सवाल हैं, इसलिए दो जजों की बेंच इसे तय नहीं कर सकती। 'किसी केंद्रीय सरकारी विभाग को राज्य सरकार के खिलाफ याचिका दायर करने की अनुमति देना संघीय ढांचे के लिए खतरनाक होगा। उन्होंने कहा कि सीबीआई, एनसीबी और डीआरआई और एसएफआईओ जैसी जांच एजेंसियों को भी स्वतंत्र रूप से मुकदमा दायर करने का वैधानिक अधिकार नहीं है। इसी तरह, राज्य स्तर की एजेंसियां सीआईडी, विजिलेंस आयोग और एंटी-करप्शन ब्यूरो के पास भी ऐसे अधिकार नहीं होते।

इस पर जस्टिस मिश्रा ने कहा कि अगर कोई असामान्य स्थिति पैदा होती है, जैसे कोई मुख्यमंत्री केंद्रीय एजेंसी के काम में बाधा डालता है, तो क्या होगा। अगर अनुच्छेद 226 और 32 के तहत भी याचिका स्वीकार्य नहीं है, तो फिर फैसला कौन करेगा? कोई न कोई रास्ता होना चाहिए, ऐसा शून्य नहीं होना चाहिए।

राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि संविधान में उपाय मौजूद हैं और केंद्र सरकार उचित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई कर सकती है, बजाय इसके कि कोई विभाग खुद स्वतंत्र रूप से याचिका दायर करे।

अलग-अलग विभागों को सीधे याचिका दायर करने की अनुमति देने से संघीय ढांचे को नुकसान पहुंच सकता है। सरकारों के बीच अनियंत्रित मुकदमेबाजी बढ़ सकती है।

# अमेरिका के लिए सबसे बड़ा परमाणु खतरा है पाकिस्तान



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की समर्थक और राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने पाकिस्तान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि अमेरिका के लिए पाकिस्तान भी सबसे बड़ा परमाणु खतरा है। पाक के साथ-साथ उन्होंने रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया का भी नाम लिया है। एक ब्रीफिंग के दौरान, तुलसी गबार्ड ने ईरान, चीन, रूस और उत्तर कोरिया को लेकर कहा कि ये देश सक्रिय रूप से नई मिसाइल डिलीवरी प्रणालियां बना रहे हैं, जिनमें परमाणु और पारंपरिक, दोनों तरह के वॉरहेड शामिल हैं, और जो अमेरिका को अपनी मारक सीमा के भीतर लाते हैं।

गबार्ड ने कहा, ₹खुफिया विभाग का आकलन है कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान और पाकिस्तान कई तरह की नई, उन्नत या पारंपरिक मिसाइल डिलीवरी प्रणालियों पर रिसर्च और डेवलपमेंट कर रहे हैं। इनमें परमाणु और पारंपरिक, दोनों तरह के पेलोड शामिल हैं, और ये हमारे देश को अपनी मारक सीमा के भीतर ले आते हैं।₹ उन्होंने दावा किया कि उत्तर कोरिया, रूस और चीन के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहा है।

वहीं, तुलसी गबार्ड ने कहा कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान की सरकार कमजोर हुई है, लेकिन वह अभी भी कायम दिखती है। तेहरान और उसके सहयोगी मध्य पूर्व में अमेरिका और उसके साथियों के हितों पर हमला करने में अब भी सक्षम हैं।

गबार्ड ने सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी की अमेरिका के लिए दुनिया भर से आने वाले खतरों पर सालाना सुनवाई के अपने शुरुआती बयान में कहा, ₹ईरान की सरकार कायम दिखती है, लेकिन 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' की वजह से वह काफी हद तक कमजोर हो गई है।₹ उन्होंने यहां ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के संयुक्त सैन्य अभियान का जिक्र किया।

# कहते हैं जज ही बदल दीजिये !



**विश्ववार्ता ब्यूरो।** नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से कथित शराब घोटाले की सुनवाई के लिए जज बदलवाने की मांग का मुद्दा अब चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस सूर्यकांत तक पहुंच गया है। कई वकीलों, शिक्षाविदों और पूर्व अधिकारियों ने सीजेआई को लेटर लिखकर आम आदमी पार्टी के मुखिया की शिकायत की है और इस तरह जज बदलने की मांग की आलोचना की है। उन्होंने न्यायपालिका के सम्मान और स्वतंत्रता को संरक्षण देने के लिए कदम उठाए जाने की मांग की है। दरअसल, पिछले दिनों ट्रायल कोर्ट ने कथित शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल समेत 23 आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया था और सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ जांच का आदेश दिया था। सीबीआई ने इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की बेंच के पास यह केस जाने के बाद अरविंद केजरीवाल ने हाई कोर्च के चीफ जस्टिस को लेटर लिखकर जज बदलने की मांग की थी। उन्होंने जस्टिस स्वर्ण कांता पर पक्षपात का संदेह जाहिर किया था।

## आदि कैलाश यात्रा 1 मई से शुरू होगी

**देहरादून।** उत्तराखंड में आगामी 1 मई को शिव–पार्वती मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही आदि कैलाश यात्रा शुरू हो जाएगी। पिथौरागढ़ में 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पावन धाम के द्वार खुलना यात्रा के औपचारिक शुभारंभ का प्रतीक है। इसके साथ ही, उच्च हिमालयी क्षेत्रों के सीमांत गांवों में शीतकालीन प्रवास (माइग्रेशन) खत्म कर ग्रामीणों की वापसी का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा।

## चीन जा रहा रूसी तेल का जहाज भारत की ओर मुड़ा

**नयी दिल्ली।** रूस का एक तेल टैंकर, जो पहले चीन जा रहा था, अब रास्ता बदलकर भारत आ रहा है। 'एक्वा टाइटन' नाम का यह जहाज रूस के बाल्टिक सागर से तेल लेकर निकला था और उसे चीन के रिजाओ पोर्ट जाना था। लेकिन मार्च के बीच में साउथ चाइना सी पहुंचते ही इसने अपना रास्ता बदल लिया और अब यह 21 मार्च को न्यू मैंगलोर पहुंचने वाला है।

## एथेनॉल से भरा टैंकर पलटा, आग लगी

**सांचौर।** राजस्थान के जालोर जिले में जैसलमेर–जामनगर नेशनल हाईवे पर एथेनॉल से भरा टैंकर पलट गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद सड़क पर 200 मीटर तक लपटें फैल गई। टैंकर का ड्राइवर जिंदा जल गया, जबकि उसके साथ बैठा भाई समय रहते कूद गया। हादसा बुधवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ। फायर ब्रिगेड ने 1 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार, टैंकर बाड़मेर से गुजरात की तरफ जा रहा था। इस दौरान सिंवाड़ा ओवरब्रिज पर पलट गया।

## 'दूर जाकर शराब पियो' कहने पर मर्डर

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में बुजुर्ग मर्डर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। दोनों के बीच शराब पीने को लेकर कहासुनी हुई थी। बुजुर्ग ने आरोपी मोनू को पहले ठेके के पास शराब न पीने के लिए कहा। इसके बाद आरोपी रास्ते में ही खड़ा होकर शराब पीने लगा तो बुजुर्ग ने उसे दूर जाकर शराब पीने के लिए फिर टोका। इससे गुस्साए मोनू ने जगदीश को जमकर पीटा।






**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com